इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति " ।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

asianpaints
सभी रेंज किफायती दाम में उपलब्ध
अधिकृत विक्रेता
अरूणोदय एजेंसीज
महावीर चौक, राजनांदगांव
93296-47047

NIPPON PAINT
एशिया पैसिफिक का नंबर 1 पेंट*
अधिकृत विक्रेता
अरूणोदय एजेंसीज
महावीर चौक, राजनांदगांव
93296-47047

वर्ष- 44 अंक - 316 राजनांदगांव, सोमवार 06 अक्टूबर 2025 पृष्ठ - 8 मूल्य - 4.00 रुपए

## दार्जिलिंग में मूसलाधार बारिश के कारण भीषण भूस्खलन होने से 15 लोगों की मौत और कई लोग लापता

सिलीगुड़ी/नयी दिल्ली। पूर्वी हिमालयी क्षेत्र दार्जिलिंग में मूसलाधार बारिश के कारण भीषण भूस्खलन होने से कम से कम 15 लोगों की मौत हो गयी और कई अन्य लोग लापता हैं। भारी बारिश के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग 10 अवरुद्ध होने से सिक्किम, दार्जिलिंग और कलिम्पोंग का देश के बाकी हिस्सों से संपर्क टूट गया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जानमाल के नुकसान पर गहरा दुख व्यक्त करते हुये कहा कि स्थिति पर कड़ी नज़र रखी जा रही हैऔर सरकार प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

प्रधानमंत्री ने ट्वीट कर कहा, 'दार्जिलिंग में एक पुल दुर्घटना में हताहत हुये लोगों के बारे में जानकर मुझे गहरा दुख हुआ। जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खोया है उनके प्रति मेरी हार्दिक संवेदना है। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। भारी बारिश एवं भूस्खलन के मद्देनजर दार्जिलिंग और आसपास के इलाकों में स्थिति पर कड़ी नज़र रखी जा रही है। हम प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।'

अभी तक हताहतों की संख्या के बारे में तत्काल आधिकारिक पुष्ट आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं लेकिन यह बताया जा रहा है कि शनिवार रात से अब तक कम से



मोदी ने दार्जिलिंग में भूस्खलन से हुई मौतों पर किया दुख व्यक्त

कम 15 लोगों की मौत हुयी है। गोरखा क्षेत्रीय प्रशासन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अनित थापा के हवाले से एक रिपोर्ट में कहा गया कि इस हादसे में लगभग 15 लोग मारे गये हैं। उन्होंने लोगों को बाहर नहीं निकलने की सलाह देते हुये कहा है कि प्रशासन प्रभावित लोगों को बचाने एवं सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने में लगा हुआ है।

सूत्रों ने बताया कि मिरिक में कम से कम नौ लोग और दार्जिलिंग पहाड़ियों के ऊपरी सुखियापोखरी में चार लोग मारे गये हैं दार्जिलिंग के सांसद राजू बिष्ट ने भारी बारिश से हुये व्यापक नुकसान पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा, ÷मौतें हुयी हैं, संपत्ति का नुकसान हुआ है और आधारभूत ढांचे को को नुकसान पहुंचा है। मैं स्थिति का जायजा ले रहा हूं और संबंधित अधिकारियों के संपर्क में हूं।÷

लगातार बारिश के बाद विभिन्न स्थानों पर भूस्खलन के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग 10 पूरी तरह से बंद हो गया है तथा 29वें माइल में तिस्ता नदी उफान पर है जिससे पहाड़ियों को सिलीगुड़ी से जोड़ने वाले राजमार्ग का उपरी हिस्सा बह गया है। मिरिक और धुड़िया के बीच लोहे का पुल ढहने से मिरिक और सिलीगुड़ी के बीच संपर्क टूट गया। लगातार बारिश से मैदानी इलाकों में जलपाईगुड़ी जिले के दोआर्स इलाके बुरी तरह प्रभावित हुए हैं जहां जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर पहुंच गया है।

जलपाईगुड़ी और अलीपुरद्वार की नदियां भी कई निचले स्थानों पर खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। बचाव अभियान निरंतर जारी है लेकिन लगातार हो रही बारिश से इसमें बाधा उत्पन्न हो रही है। स्थानीय अधिकारियों ने तीस्ता जैसी नदियों में बढ़ते जलस्तर के बारे में सूचना दी है। पर्यटकों एवं स्थानीय लोगों को घर में रहने की सलाह दी गई है क्योंकि क्षेत्र में और ज्यादा बारिश होने की संभावना है।

## बिहार विधानसभा चुनाव : एनडीए घटक दलों में सीट शेयरिंग को लेकर कवायद तेज

### ललन सिंह, मांझी और उपेंद्र कुशवाहा से मिले धर्मेंद्र प्रधान



पटना। बिहार में विधानसभा चुनाव को लेकर एनडीए में सीट शेयरिंग को लेकर दूसरे दिन भी बीजेपी नेताओं की बैठक हुई। इस बैठक के बाद बिहार बीजेपी चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान ने एनडीए के तीन घटक दलों के नेताओं से मुलाकात कर इसपर आम सहमति बनाने का प्रयास किया।

### एनडीए घटक दलों के नेता के साथ मिले बीजेपी प्रभारी

बीजेपी प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान सबसे पहले जेडीयू के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री ललन सिंह के घर मुलाकात करने पहुंचे। इस दौरान उनके साथ विनोद तावड़े भी मौजूद थे। फिर राजग के घटक दल हम के संस्थापक और केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी से मिलने उनके आवास पहुंचे। जीतन राम मांझी के आवास पर जहां करीब आधे घंटे तक बैठक चली। जिसमें डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी भी साथ रहे। दो मुलाकातों के बाद तीसरी बैठक रालोमो के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा के साथ उनके आवास पर हुई।

### सीट शेयरिंग पर क्या बोले बीजेपी प्रभारी

इस बीजेपी प्रभारी तीनों घटक दलों के साथ बैठक में एनडीए में सीटों की शेयरिंग पर चर्चा हुई। धर्मेंद्र प्रधान ने सीट शेयरिंग के सवाल पर कहा कि एनडीए के सभी घटक दल साथ बैठकर इस पर चर्चा करेंगे। वहीं हम के संस्थापक और केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा कि बीजेपी के सीनियर नेताओं के साथ सीट बंटवारे पर चर्चा हुई है। जल्द सीट शेयरिंग हो जाएगी। एनडीए में सबकुछ ऑल इज वेल है। उपेंद्र कुशवाहा की कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

### कौन कितनी सीट पर लड़ेगा चुनाव

2020 के बिहार विधानसभा चुनाव में जेडीयू 115 सीटों पर चुनाव लड़ी थी। इसमें 43 सीटों पर वो जीत हासिल कर पाई थी। वहीं भाजपा 110 सीटों पर लड़ी थी और 74 पर उसे जीती थी। इस बार एनडीए में चिराग पासवान, (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## अमेरिका-भारत तनाव के बीच जयशंकर का बड़ा बयान, बोले- लक्ष्मण रेखाओं का होना चाहिए सम्मान



नई दिल्ली। टैरिफ पर वॉशिंगटन की नीति को लेकर भारत-अमेरिका के संबंधों में तनाव के बीच विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने रविवार को कहा कि दोनों देशों के बीच किसी भी व्यापार समझौते में नई दिल्ली की 'लक्ष्मण रेखाओं' का सम्मान किया जाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि इस बारे में 'साझा आधार' खोजने के प्रयास किये जा रहे हैं।

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने दिल्ली में आयोजित चौथे कौटिल्य इकोनॉमिक कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए कहा कि आज जोखिम उठाने और जोखिम कम करने की गतिविधियां एक साथ हो रही हैं। इससे नीति-निर्माताओं के सामने बड़ी चुनौतियां खड़ी हो गई हैं। उन्होंने यह भी कहा कि आज हथियारों और युद्ध की प्रकृति मूल रूप से बदल चुकी है। विदेश मंत्री ने स्वीकार किया कि भारत और अमेरिका के बीच कुछ मुद्दे हैं, और इनमें से कई प्रस्तावित व्यापार समझौते को अंतिम रूप न दिए जाने से जुड़े हुए हैं। विदेश मंत्री ने कहा कि आज अमेरिका के साथ हमारे (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## खत्म होगा पाकिस्तान! आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत बोले- हमारा एक कमरा छूटा, वहां वापस डेरा डालेंगे

सतना। सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने रविवार को इशारों ही इशारों में यह मंशा जाहिर भी कर दी। एमपी के सतना में बीटीआई ग्राउंड में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने पाकिस्तान का जिक्र करते हुए कहा कि हमारे घर का एक कमरा छूट गया है, वक्त आएगा जब हमें फिर से वहां अपना डेरा डालना होगा। डॉ. मोहन भागवत के ऐसा कहते ही पूरा ग्राउंड तालियों से गूंज उठा।

सतना में अपने प्रवास के दूसरे दिन संघ प्रमुख ने बाबा मेहर शाह दरबार की नव निर्मित बिल्डिंग का लोकार्पण किया। इस अवसर पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने भारत और हिंदुओं की एकता का संदेश दिया। डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि हम सभी सनातनी और हिन्दू हैं लेकिन अंग्रेजों ने टूटा हुआ दर्पण दिखा कर अलग-अलग कर दिया। हम आध्यात्मिक परंपरा वाला दर्पण देखेंगे तो



एक ही दिखेंगे।

संघ प्रमुख ने भाषा विवाद का जिक्र करते हुए कहा कि सारी भाषाएं भारत की राष्ट्र भाषा है। उन्होंने कहा कि हरेक नागरिक को कम से कम 3 भाषा आना चाहिए। अपने घर, राज्य और राष्ट्र की भाषा आनी ही चाहिए। देश में अनेक भाषाएं है पर भाव एक ही होता है।

आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने जनसभा में 'अखंड भारत' के संकल्प को एक बार फिर दोहराया। उन्होंने कहा कि 'हमारा भारत एक ही घर है। घर का एक कमरा किसी ने हथिया लिया है जहां टेबल कुर्सी, कपड़े या सामान हुआ करता था। अब वक्त आएगा जब हमें फिर से वहां अपना डेरा डालना होगा।'

### जो कमरा छोड़कर आए हैं, कल उसे वापस लेकर फिर से डेरा डालना है

संघ प्रमुख मोहन भागवत ने आगे कहा कि हमारे बहुत से सिंधी भाई यहां हैं, जो कभी पाकिस्तान नहीं गए। परिस्थितियों ने हमें अलग जरूर कर दिया लेकिन दिल से हम अब भी एक हैं। हमारा घर एक ही है, बस उसका एक हिस्सा फिलहाल हमारे पास नहीं है। सिंधी भाई पाकिस्तान नहीं गए वे अविभाजित भारत आए, मुझे इस बात की खुशी है। हम घर का जो कमरा छोड़कर आए हैं, (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## जुबीन गर्ग के मौत मामले में सीएम हिमंता की चेतावनी, जांच में सहयोग न करने पर होगी कठोर कार्रवाई



नई दिल्ली। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने रविवार को कहा कि गायक जुबीन गर्ग के अंतिम समय में सिंगापुर में नौका पर उनके साथ मौजूद लोगों की वापसी पूरी तरह से उन पर निर्भर होगी। लेकिन अगर वे छह अक्टूबर की समय सीमा के भीतर एसआइटी जांच के लिए नहीं आते हैं, तो कठोर कदम उठाए जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा, उनकी वापसी पूरी तरह से उन पर निर्भर करेगी। असम सरकार उन्हें सिंगापुर से वापस नहीं ला सकती, लेकिन हम उनके माता-पिता से बात कर सकते हैं, ताकि वे उन्हें जांच के लिए वापस आने के लिए कह सकें। अगर वे सोमवार तक वापस नहीं आते हैं, तो हमें कठोर कदम उठाने होंगे। हमें उन्हें एक विशेष प्रक्रिया के माध्यम से वापस लाना होगा। इस बीच, असम के काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान में जन्मे एक हाथी के बच्चे का नाम गायक जुबीन गर्ग के लोकप्रिय गीत 'मायाबिनी' के नाम पर रखा गया है।

## रायपुर में बोले पंडित धीरेंद्र शास्त्री : अधर्म के विरुद्ध आवाज उठाना ही सबसे बड़ा धर्म है



रायपुर। मंदिर जाना, पूजा-पाठ करना, कथा-भागवत करना-कराना ही सिर्फ धर्म नहीं है। अधर्म के विरुद्ध आवाज उठाना ही सबसे बड़ा धर्म है। मैं हमेशा अधर्म के खिलाफ आवाज उठाता हूं। घटना चाहे प्रदेश में हो या देश में हो, अधर्म के खिलाफ टिप्पणी करता हूं। ये बातें कुछ विधर्मियों को नहीं पचती हैं, इसलिए मेरे खिलाफ कुछ न कुछ अफवाह फैलाते हैं। मैं किसी धर्म का विरोध नहीं करता।

मैं तो सिर्फ सनातन धर्म का समर्थन करता हूं। ये बातें बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कही। गुढ़ियारी स्थित अवधपुरी मैदान में शनिवार से पांच दिवसीय हनुमंत कथा की शुरुआत हुई है। मंगलाचरण करने के बाद पं. शास्त्री ने कहा कि बड़े भाग्य से मनुष्य तन मिलता है। उसमें भी भारत जैसा वतन मिला और सनातन जैसा धर्म।

### कथा को आत्मा में बैठाना है महत्वपूर्ण

पाकिस्तान में जन्म होता तो बम बनाते, कथा सुनने का मौका नहीं मिलता। चीन वालों को देखो तो लगता है कि ब्रह्माजी ने सबको फोटोकापी बना दिया है। 84 लाख योनियों के बाद मनुष्य का तन मिलता है। इसको सार्थक बनाओ। सनातन धर्म में जन्म लेने के बाद भी कथा न सुन पाओ, इससे बड़ा दुर्भाग्य कुछ नहीं हो सकता है।

रामजी की कृपा के बिना सत्संग में नहीं आ सकते हैं। कथा सुनने आ गए ये महत्वपूर्ण नहीं है। इससे भी महत्वपूर्ण है कि कथा को आत्मा में बैठाना चाहिए। जीवन को ठीक करना है तो कथा सुननी चाहिए। कथा में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, आयोजक बसंत अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## कटक में विहिप की रैली के दौरान झड़प, 30 जवान घायल; 13 थाना क्षेत्रों में कर्फ्यू

कटक। कटक के दरगाह बाजार क्षेत्र में रविवार को पुलिस और विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के प्रदर्शनकारियों के बीच जोरदार झड़प हो गई। उग्र भीड़ ने सड़क किनारे खड़े कई वाहनों में जमकर तोड़फोड़ की। उनमें आग लगा दी। पुलिस वाहन को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस ने विहिप कार्यकर्ताओं को नियंत्रित करने का प्रयास किया, लेकिन वह कुछ भी सुनने को तैयार नहीं दिखे।

स्थानीय इलाके में अफरातफरी मच गई। सभी दुकानें बंद हो गईं। उग्र भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा। इतना ही नहीं भीड़ को खदेड़ने के लिए पुलिस को आंसू गैस के गोले भी दागने पड़े। कटक शहर की मौजूदा स्थिति बेहद खराब हो गई है। पुलिस स्थिति को नियंत्रित करने में जुटी है।

बताया गया कि सोमवार को विहिप ने 12 घंटे के लिए कटक बंद की घोषणा की थी। इसी के मद्देनजर रविवार को विहिप की ओर से विशाल बाइक रैली निकाली गई थी। यह रैली जैसे ही कटक दरगाह बाजार जेल रोड के पास पहुंची, जोरदार हंगामा शुरू हो गया। देखते ही देखते तोड़फोड़ शुरू हो गई।



कमिश्नरेट पुलिस के आला अधिकारी पुलिस कमिश्नर एस देवदत्त सिंह के साथ कटक डीसीपी खिलारी ऋषिकेश द्यानदेव, अतिरिक्त डीसीपी, तमाम एसीपी समेत कई वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया। भीड़ को खदेड़ा।

मालूम हो कि दशहरा विसर्जन शोभायात्रा के दौरान शुक्रवार देर रात दो गुटों के बीच हुई हिंसक झड़प हुई थी। इस घटना के विरोध में विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने सोमवार छह अक्टूबर को कटक बंद की घोषणा की है। इसी बंद को सफल बनाने के लिए रविवार को बाइक रैली निकाली गई थी। लेकिन विहिप कार्यकर्ताओं का आक्रोश भड़क उठा। पुलिस से उनकी भिड़ंत हो गई। उधर, विहिप ने जिलाधीश व डीसीपी के तबादले की मांग करते हुए शुक्रवार को उपद्रव करने वाले दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। विहिप ने कहा है कि एक हजार से अधिक सीसीटीवी और दो ड्रोन के बावजूद ऐसी घटना का होना पुलिस प्रशासन की गंभीर लापरवाही को दर्शाता है।

शुक्रवार रात हुई हिंसक झड़प में डीसीपी समेत छह से अधिक लोग घायल हुए थे। इनमें दो लोगों की हालत गंभीर है। छह आरोपित गिरफ्तार किए गए हैं। विहिप के जिला अध्यक्ष वासुदेव बेहेरा, कार्यकारी अध्यक्ष गौर कैलाश राव, सचिव देवी प्रसाद महापात्र और जिला प्रभारी पवित्र मोहन दास ने मीडिया को यह जानकारी साझा की।

### 36 घंटे का कर्फ्यू लगाया गया

कटक के कई इलाकों में 36 घंटे के लिए कर्फ्यू लगाए जाने की घोषणा पुलिस ने किया है। किसी भी उपद्रव मचाने वाले को बक्शा नहीं जाएगा। कटक के 13 थानों के अंतर्गत आज रात 10 बजे से 36 घंटे के लिए कर्फ्यू की घोषणा किया गया है।

### सीएम माझी ने की अपील

ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने लोगों से शांति की अपील की है। कटक के जिलाधीश दत्तात्रेय भाऊ साहेब शिंदे ने कहा है कि सोमवार शाम 7 बजे तक इंटरनेट मीडिया पर प्रतिबंध लगाया गया है। मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने ओडिशा के डीजीपी को निर्देश दिया है कि वह स्थिति पर पैनी नजर बनाए रखें।

## कोल इंडिया और छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के मध्य महत्वपूर्ण समझौता : सीएम साय

रायपुर। छत्तीसगढ़ प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध राज्य है। यहां लौह अयस्क, कोयला, बॉक्साइट, सोना, हीरा और कॉपर जैसे बहुमूल्य खनिज प्रचुर मात्रा में उपलब्ध हैं। हाल की खोजों से राज्य क्रिटिकल और दुर्लभ खनिजों के क्षेत्र में और सशक्त हुआ है। मुख्यमंत्री साय ने आज नवा रायपुर में आयोजित छत्तीसगढ़ माइनिंग कॉन्क्लेव 2025 को संबोधित करते हुए यह बात कही।



मुख्यमंत्री साय छत्तीसगढ़ माइनिंग कॉन्क्लेव 2025 में हुए शामिल

इस दौरान मुख्यमंत्री की उपस्थिति में आईएसएम धनबाद और छत्तीसगढ़ भौमिकी एवं खनन संचालनालय, तथा कोल इंडिया और छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के मध्य महत्वपूर्ण एमओयू हस्ताक्षरित हुए। साथ ही 5 माइनिंग ब्लॉकों की एनआईटी जारी की गई और 9 खदानों को प्रिफर्ड बिडर आदेश प्रदान किए गए। मुख्यमंत्री साय ने खनिज ऑनलाइन 2.0, डीएमएफ पोर्टल तथा रेत खदानों की ऑनलाइन नीलामी के लिए रिवर्स ऑक्शन पोर्टल का शुभारंभ किया।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि खनिजों का विवेकपूर्ण उपयोग और उद्योगों का संतुलित विकास देश की प्रगति के लिए आवश्यक है। छत्तीसगढ़ में खनन और नए उद्योगों की अपार संभावनाओं को देखते हुए पारदर्शी खनन नीति, ई-नीलामी और डिजिटल निगरानी की व्यवस्था ने इस क्षेत्र को नई दिशा दी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस वर्ष डीएमएफ से 1,673 करोड़ रुपये का अंशदान प्राप्त हुआ, जिससे 9,362 विकास कार्य स्वीकृत किए गए। वर्ष 2024-25 में राज्य को 14,195 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड राजस्व प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि यह गर्व का विषय है कि छत्तीसगढ़ देश का पहला राज्य है जिसने लिथियम ब्लॉक की नीलामी की है। अब तक 60 खनिज ब्लॉकों की नीलामी पूरी हो चुकी है और पाँच नए ब्लॉकों की निविदा आज जारी की गई है। यह पारदर्शी प्रक्रिया राज्य के आर्थिक विकास में मील का पत्थर सिद्ध होगी।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना के तहत जिला खनिज न्यास नियम- (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## मध्यप्रदेश में 76 दवाएं नकली : इंजेक्शन, पैरासिटेमाल, ओआरएस में भी मिलावट

इंदौर। पिछले आठ महिनों से मध्यप्रदेश में निर्मित 76 दवाएं नकली साबित हुई हैं। खास बात यह है कि उनमें पैरासिटेमाल, अलग-अलग प्रकार के इंजेक्शन, ओ.आर.एस. (ओरर रिहाइड्रेशन साल्ट), आंखो के लिए आइंटमेंट, विटामीन तथा केल्शियम की दवाओं से लेकर फेसवाश भी शामिल हैं। सेन्ट्रल ड्रग्स स्टैण्डर्ड कन्ट्रोल आर्गेनाइजेशन (सीडीएससीओ) रिपोर्ट के अनुसार इंदौर के अलावा पीथमपुर, देवास, उज्जैन, भोपाल, रतलाम तथा ग्वालियर की कम्पनियों में निर्मित दवाएं भी एन एस क्यू की सूची में शामिल है। सीडीएससीओ दवाओं की गुणवत्ता की जांच के लिए समयान्तर देशभर में दवाओं के सेम्पल की जांच करती है। उसने जनवरी से अगस्त के बीच 27 कम्पनियों की 76 दवाओं को जांच में नकली बताया था। इस दौरान, इंदौर की राऊ स्थित समकैम्प की सर्वाधिक 19 दवाएं नकली निकली थी। सांवेर रोड की सिंडीकेट फार्मा की आठ दवाएं एनएसक्यू की सूची में है। सिप्ला जैसी



मल्टीनेशनल कम्पनी के रतलाम प्लान्ट में बनी एक दवा भी नकली निकली थी। मध्यप्रदेश में बनी अनेक कम्पनियों के इंजेक्शन वायल के अंदर कचरा मिला था। दवाओं को निगलने के समय में भी गड़बड़ी थी। जो दवाएं 3-4 मिनटो में पिघल जाती है, उनमें 7-8 मिनट लगते थे। पैरासिटेमाल की दवा डिसइंटीग्रेशन के कारण नकली साबित हुई।

### दवाओं के मानिटरिंग की कमजोर प्रक्रिया

2017 के सी.डी.एस.सी.ओ 'रिकाल और रेपिड एलर्ट' गाइड लाईन अनुसार जो कोई भी दवाएं जानलेवा (क्लास-1 रिस्क) साबित होती हैं, उसे 72 घण्टों के भीतर मार्केट में से वापस बुलाना है। परन्तु, अनेक मरतबे रिपोर्ट आने में सप्ताह लगते हैं। कारण कि, कुल 100 टेस्टिंग लेबोरेटरी में से केवल 20 ही काम कर रही है। 2023 में डबल्यु.एच.ओ. ने चेतावनी दी थी कि प्रत्येक निर्यात बेच का टाक्सोकोला जी टेस्ट जरूरी है। भारत ने इसे स्वीकार किया, किन्तु छोटे युनिट्स ने इसका पालन नहीं किया। मध्यप्रदेश-राजस्थान के बाद गुजरात में भी कफ सीरप की जांच के आदेश दिए गए हैं। दूषित और नुकसानदायक कफ सीरप से बच्चों की मौत की रिपोर्ट के बीच अब गुजरात सरकार ने भी कफ सीरप की जांच के आदेश दिए हैं। छत्तीसगढ़ में दवाओं के सेम्पल में औपचारिकताएं होती है। यहां का ड्रग एवं कैमिस्ट विभाग भी भ्रष्टाचार से सराबोर है। सेम्पल की जांच रिपोर्ट बहुत विलम्ब से आती है या फिर सेम्पल लेकर दवा कम्पनियों व व्यापारियों से ब्लेकमेलिंग की जाती है। सघन गंभीरतापूर्वक की जांच से उक्त आरोप की पुष्टि की जा सकती है।

# आज शरद पूर्णिमा : आसमान पर पूर्ण ज्योत्स्ना में दिखाई पड़ेगा चांद

## 0 मंदिरों में बंटेगी खीर प्रसादी, गीत-संगीत के होंगे आयोजन

## 0 कल पूजे जाएंगे रामायण के रचयिता आदि कवि वाल्मीकि

राजनांदगांव (दावा)। शारदीय नवरात्रि पर्व के नौ दिन मां दुर्गा की शक्ति आराधना, पूजा उपासना के पश्चात आज 6 अक्टूबर सोमवार को शरद पूर्णिमा का पर्व धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। आज शरद पूर्णिमा की रात चंद्रमा अपने पूर्ण ज्योत्सना के साथ आसमान पर दिखाई पड़ेगा। यह वही दिन है जब भगवान श्री कृष्ण ने वृंदावन में गोपियों के साथ रास रचाई थी। आज मां सरस्वती शारदा का प्राकट्य उत्सव का भी दिन है इसलिए कला साहित्य में रुचि रखने वाले गीत-संगीत में रुचि रखने वाले मां सरस्वती शारदे की पूजा करेंगे। शरद पूर्णिमा की देर रात जागकर खुशियां मनाई जाएगी। भजन कीर्तन किए जाएंगे। रामायण पाठ किया जाएगा। शरद पूर्णिमा की रात आसमान के नीचे खुले में रख कर खीर प्रसादी तैयार की जाएगी और मां सरस्वती शारदे को अर्पण के पश्चात लोगों में इस का वितरण किया जाएगा। अमृत युक्त इस खीर प्रसादी पाने के लिए लोगों को देर रात तक जागते हुए देखे जा सकेंगे।

बता दें कि आज शहर में गायत्री शक्तिपीठ पीठ सहित कामठी लाइन स्थित श्री सत्यनारायण मंदिर, गंज लाइन स्थित श्री राधे कृष्ण मंदिर, पाताल भैरवी मंदिर के अलावा वार्डो में स्थित शीतला मंदिर व अन्यान्य मंदिरों में शरद पूर्णिमा पर पूजा अर्चना के साथ खीर प्रसादी वितरण का कार्यक्रम आयोजित है।

### पृथ्वी पर रस बरसाता है चंद्रमा

भगवान श्री कृष्ण ने चंद्रमा की इस पूर्ण ज्योत्सना वाली रात को वृंदावन में गोपियों के साथ रास रचाया था। इस दिन रसौवसै वाले भगवान श्री कृष्ण अपने सोलह कलाओं के माध्यम से दुनिया को सरस करते हैं। इस रात चंद्रमा से अमृत छलक कर पृथ्वी पर गिरता है या यूं कहा जाए कि इस दिन चंद्रमा धरती की वनस्पतियां व प्राणियों में सुधा रस का सिंचन करता है। यही वजह है कि लोग शरद पूर्णिमा के दिन खुले आसमान के नीचे खीर प्रसादी का निर्माण करते हैं और लोगों में प्रसादी स्वरुप वितरित किया जाता है। मान्यता है कि इस रोज कोई व्यक्ति रात भर खुले आसमान के नीचे पड़ी खीर को सूर्योदय के पहले का लेता है तो उसकी शारीरिक व्याधियां, मानसिक सेहत अवश्य सुधरती है।

### कल पूजे जाएंगे रामायण के रचयिता आदि कवि वाल्मीकि



आज जहां शहर सहित पूरे अंचल भर में शरद पूर्णिमा का पर्व धूमधाम के साथ मनाया जाएगा वहीं कल मंगलवार को मंगल भवन अमंगल हारी,, भगवान श्री राम का मंगल गान करने वाले रामायण के रचयिता आदि कवि महर्षि बाल्मीकि जयंती भी धूमधाम से मनाई जाएगी। बता दें कि क्रौंच पक्षी को मिथुन अवस्था में एक व्याध ने तीर मार कर उसकी हत्या कर दी थी इससे उपजे संताप को अपने हृदय में अनुभव करते हुए तपस्या रत महर्षि बाल्मीकि के मुंह से पहली कविता फूटी थी। उस आदि कवि महर्षि बाल्मीकि ने संस्कृत भाषा में जग प्रसिद्ध रामायण की रचना की थी। उक्त आदि कवि वाल्मीकि की जयंती कल पूर्णिमा तिथि पर धूमधाम के साथ मनाई जाएगी।कवि साहित्यकार आदि कवि को पूरी श्रद्धा भक्ति के साथ याद करेंगे, काव्य पाठ किया जाएगा। भक्तजनों द्वारा रामायण पाठ कर आदि कवि को याद करेंगे और श्रद्धा पूर्वक उसे शीष नवाया जाएगा।

### भगवान श्री सत्यनारायण का दुग्धाभिषेक

शरद पूर्णिमा पर शहर के कामठी लाइन स्थित श्री सत्यनारायण मंदिर में विराजित भगवान श्री सत्यनारायण का दुग्धाभिषेक किया जाएगा वहीं रात्रि में भक्तों को अमृत युक्त खीर प्रसादी वितरण का कार्यक्रम आयोजित है। मंदिर समिति के अध्यक्ष अशोक लोहिया, सचिव सुरेश अग्रवाल, नाथा भाई रायचा, हरीश अग्रवाल, रामावतार जोशी आदि ने बताया कि शरद पूर्णिमा के दिन 6 अक्टूबर को सुबह 9 बजे से 10 बजे एक घंटे तक भगवान श्री सत्यनारायण का दुग्धाभिषेक किया जाएगा। उक्त दुग्धाभिषेक कोई भी भक्त उस समय मंदिर में आकर कर सकता है। इस अवसर पर मंदिर के गर्भगृह में प्रवेश की अनुमति रहती है।

शहर में इसी तरह काली माई मंदिर भरकापारा, चंडी मंदिर लखोली नाका व अन्यान्य मंदिरों में भी रात में भजन-पूजन के कार्यक्रम सहित खीर प्रसादी वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

### जड़ी- बूटी युक्त खीर प्रसादी का वितरण

शहर के जीई रोड स्थित द्वादश ज्योतिर्लिंग पाताल भैरवी मंदिर में आज शरद पूर्णिमा की रात जड़ी बूटी युक्त खीर प्रसादी का वितरण किया जाएगा। बर्फानी बाबा की कृपा से यहां पाताल भैरवी मंदिर में स्वांस दमा के मरीजों के लिए जड़ी-बूटी युक्त खीर की प्रसादी बांटी जाती है।?बर्फानी आश्रम के राजेश मारु, गणेश प्रसाद गन्नु ने बताया कि शरद पूर्णिमा की रात बड़ी संख्या में स्वांस दमा पीड़ित दवा युक्त खीर खाने के लिए पहुंचते हैं। उन्होंने बताया कि इस वर्ष भी लगभग 25 से 30 हजार लोग जड़ी बूटी युक्त खीर प्रसादी पाने के लिए आश्रम पहुंच सकते हैं।

### होंगे रामायण पाठ सहित विविध कार्यक्रम

बताते चलें कि इस वर्ष ज्यादातर पर्व एवं त्योहार तिथि घट-बढ़ होने के कारण दो-दो दिनों तक पड़ रहें हैं।शरद पूर्णिमा का पर्व भी कहीं सोमवार को तो कहीं मंगलवार को मनाया जाएगा। यदि मंगलवार को मनाया जाता है तो इस दिन आदि कवि वाल्मीकि जी की जयंती है। शरद पूर्णिमा व बाल्मीकि जयंती दोनों एक साथ मनाने हेतु सामुहिक व संस्थागत रुप से तैयारियां शुरू है।इस दिन शहर के वार्डो और गांव-देहातों में भी महर्षि बाल्मीकि रचित रामायण का पाठ, तुलसी रचित श्रीरामचरित मानस का पाठ रामधुनि या अन्य तरह के धार्मिक आयोजन या अनुष्ठान संपन्न किए जाएंगे। उक्त आयोजन के होते तक रात में चंद्रमा के उजाले में खुले आसमान के नीचे पकाएं गए स्वादिष्ट खीर का वितरण किया जाएगा और ज्ञान की देवी मां सरस्वती शारदे सहित रसराज नटवर नागर भगवान श्री कृष्ण की जय-जय मनाई जाएगी।

## पहला कॉलम...

### दीपावली का शुभ दिन 20 अक्टुबर ही है- संतोष पटाक



राजनांदगांव (दावा)। सनातन धर्म व शास्त्रों व लोकाचार्य के अनुसार दीपावली मनाने का शुभ दिन उपयुक्त 20 अक्टुबर 2025 की दीपावली मनाने हेतु तारीख 20 व 21 की मंशा बनी हुई है। अतः सनातन धर्म महासभा के छ.ग. प्रदेश अध्यक्ष संतोष पटाक ने बताया कि दीपावली मनाने हेतु 20 अक्टुबर 2025 ही शुभ दिन उपयुक्त है। संतोष पटाक ने बताया कि वैदिक काल से चला आ रहे सनातन धर्म व शास्त्रों व लोकाचार के अनुसार राधा अष्टमी के आठ दिन बाद जो अमावस्या आती है। उस दिन दीपावली मनाई जाती है दिनांक 20 अक्टुबर 2025 को दोपहर 3 बजे कर 44 मिनट से अमावस्या लग रही है। समाप्त 21.10.2025 को शाम 5.26 मिनट पर समाप्त हो रही है। इस प्रकार 20.10.2025 को रात्रि के अमावस्या की पड़ रही है और दीपदान का महत्व रात्रि के शुभ माना गया है व अमावस्या की रात्रि भी पड़ रही है। अतः दीपावली का शुभ दिन 20.10.2025 उपयुक्त रहेगा।

### सुनील बंसोड़ के लोकगीतों और भजनों पर झूमे हजारों दर्शक



**लखोली में दशहरा महोत्सव**

राजनांदगांव(दावा)। श्रमिक बहुल्य क्षेत्र लखोली में विजयादशमी पर्व धूमधाम और सांस्कृतिक रंगारंग माहौल के बीच मनाया गया। युवा संगठन के तत्वावधान में आयोजित इस भव्य आयोजन में असत्य और बुराई के प्रतीक रावण के पुतले का दहन किया गया।

वहीं लोक संस्कृति की सुगंध बिखेरते हुए ख्याति प्राप्त लोक गायक सुनील बंसोड़ और उनके साथियों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से समूचे पंडाल में मौजूद दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत देवी-भजनों से हुई। राम नाम के जोत ला जला भजन की प्रस्तुति के साथ माहौल भक्तिमय हो उठा। इसके बाद बजरंगबली छाय गली, भक्त है महान, सावन में भोलेनाथ की चर्चा गली-गली जैसे भजनों ने श्रद्धा और भक्ति का समां बाँधा। इसी कड़ी में श्री बंसोड़ ने छत्तीसगढ़ी लोकगीतों की मनमोहक प्रस्तुति दी। गाजर की डबीया खोल परोजिन मन के, मोर दिल के तै जोगनी और उनके लोकप्रिय एल्बम गीतों पर श्रोता देर तक तालियाँ बजाते और नाचते रहे।लोकगायन की इस शानदार शाम पर समिति द्वारा सुनील बंसोड़ का विशेष सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद अभिषेक सिंह उपस्थित हुए। इस अवसर पर लखोली युवा संगठन के पदाधिकारियों सहित वार्ड के सैकड़ों लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे। सांस्कृतिक और धार्मिक आस्था से परिपूर्ण इस आयोजन ने दशहरा पर्व को अविस्मरणीय बना दिया।

# भाजपा सरकार जनता को करेंट मार रही है - भूपेश तिवारी



राजनांदगांव(दावा)। छत्तीसगढ़ की राजनीति में बिजली का मुद्दा फिर से गरमाने लगा है। आम आदमी पार्टी के लोकसभा अध्यक्ष भूपेश तिवारी ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर जोरदार हमला बोला है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार जनता को राहत देने के बजाय परेशान कर रही है। तिवारी का तंज बिजली करेंट मारती है, और भाजपा सरकार जनता को बार-बार करेंट मार रही।

श्री तिवारी ने आगे कहा बिजली करेंट मारती है यह सब जानते हैं। लेकिन सबसे बड़ा करेंट तो भाजपा सरकार जनता को बार-बार मार रही है। जनता ने भरोसा करके सत्ता सौंपी, लेकिन सरकार ने उसी भरोसे का गला घोंट दिया। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को सीधे घेरते हुए पूछा कि क्या यही उनके 'अच्छे दिन' हैं? किसानों के खेतों में अंधेरा है, आम लोग कटौती से परेशान हैं, उद्योग धंधे प्रभावित हो रहे हैं और ऊपर से जनता पर भारी-भरकम बिजली बिल थोपे जा रहे हैं। जनता का सब्र टूटेगा तो सरकार कहीं की नहीं रहेगी। श्री तिवारी ने चेतावनी दी जनता चुप है तो सरकार यह न समझे कि सब ठीक है। जिस दिन जनता का गुस्सा उबल पड़ा, उस दिन भाजपा सरकार को बचाने वाला कोई नहीं होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा सिर्फ चुनावी वादे और जुमले देती है, लेकिन हकीकत में जनता के लिए कुछ नहीं करती। भाजपा ने विधानसभा चुनाव के समय 24 घंटे बिजली, किसानों को राहत और उपभोक्ताओं को सस्ती बिजली देने का वादा किया था। लेकिन हकीकत में प्रदेश के कई इलाकों में लंबे-लंबे कटौती के दौर जारी हैं। ग्रामीण और शहरी दोनों ही क्षेत्रों में बिजली व्यवस्था बिगड़ी हुई है। आम आदमी पार्टी ने सरकार से सवाल किया कि आखिर जनता कब तक इन झूठे वादों और करेंट जैसे झटकों को सहन करेगी? तिवारी ने लोगों से अपील की कि वे अपनी ताकत को पहचानें और आवाज उठाएं। लोकतंत्र में जनता से बड़ा कोई नहीं है। भाजपा को यह याद रखना होगा कि कुर्सी जनता देती है और जब जनता नाराज़ हो जाती है तो उसी कुर्सी को पलटने में देर नहीं लगती। भूपेश तिवारी का यह बयान छत्तीसगढ़ की राजनीति में बड़ा हलचल मचाने वाला माना जा रहा है। माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में आम आदमी पार्टी बिजली के मुद्दे को लेकर और आक्रामक रुख अपनाएगी। वहीं भाजपा सरकार पर विपक्षी हमलों का दबाव और बढ़ेगा।

> ० कहा -जिस दिन जनता का गुस्सा उबल पड़ा, उस दिन भाजपा सरकार कहीं की नहीं रहेगी
> ० बिजली संकट, कटौती और महंगे बिल पर आम आदमी पार्टी का सीधा वार

# जयस्तंभ चौक से ठेले पसरी नहीं हटे तो व्यापारी करेंगे आंदोलन



राजनांदगांव(दावा)। शहर के हृदय स्थल जय स्तंभ चौक में लंबे समय से ठेले पसरी वालों ने कब्जा जमा रखा है। सड़क पर फैले इन ठेलों ने न केवल यातायात व्यवस्था को चरमराया हुआ है बल्कि दुकानों तक पहुंचने वाले ग्राहकों का रास्ता भी रोक दिया है। दिवाली जैसे बड़े त्यौहार के ठीक पहले इस स्थिति से व्यापारी वर्ग भारी नुकसान झेलने पर मजबूर हो रहा है।व्यापारियों का कहना है कि नगर निगम और पुलिस प्रशासन की लापरवाही से हालात और बिगड़ गए हैं। महावीर चौक में पुलिस द्वारा स्टॉपर लगाकर बड़े दुकानदारों के ग्राहकों का रास्ता रोका जा रहा है जबकि ठेले वालों पर कोई कड़ा कदम नहीं उठाया जा रहा। इससे व्यापारी वर्ग में आक्रोश है और अब दिवाली के पहले आंदोलन की तैयारी दिखाई दे रही है।

इस मुद्दे पर छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स के जिला अध्यक्ष कमलेश बैद ने कहा कि जयस्तंभ चौक में ठेले पसरी वालों की वजह से यातायात बुरी तरह अवरुद्ध हो गया है। निगम प्रशासन ने हाल ही में दुकानदारों के सामने से ही सेट हटवाया। जबकि ठेले वालों को खुली छूट दे दी। यह पूरी तरह से भेदभावपूर्ण रवैया है। यदि सड़क पर से अतिक्रमण हटाना ही है तो यह कार्रवाई बिना भेदभाव के सभी पर समान रूप से होनी चाहिए। तभी यातायात व्यवस्था सुचारू हो सकेगी। वहीं निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा का कहना है कि दिवाली के बाद ठेले वालों को अन्यत्र शिफ्ट किया जाएगा। यदि स्थिति और ज्यादा परेशानी वाली होती है तो इन्हें हटाने में देर नहीं की जाएगी। लेकिन वास्तविकता यह है कि व्यापारियों को दिवाली सीजन में रोजाना भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। व्यापारियों ने मांग की है कि जय स्तंभ चौक से तत्काल ठेले-पसरी हटाई जाए। महावीर चौक पर लगाए गए स्टॉपर हटाकर ग्राहकों को आसानी से आने दिया जाए। कार, ऑटो, ई-रिक्शा से आने वाले ग्राहकों को म्युनिसिपल स्कूल के कार पार्किंग की ओर से प्रवेश दिया जाए। व्यापारियों का कहना है कि टैक्स हमसे वसूला जा रहा है और फायदा ठेले वालों को दिया जा रहा है यह बिल्कुल बर्दाश्त नहीं होगा। यदि जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन और नगर निगम ने तुरंत ठोस निर्णय नहीं लिया तो व्यापारी वर्ग दिवाली से पहले सड़क पर उतरकर आंदोलन करने को मजबूर होगा। यह आंदोलन केवल व्यापारियों के लिए ही नहीं बल्कि आम ग्राहकों और राहगीरों की सुविधा के लिए भी होगा क्योंकि वर्तमान में चौक की स्थिति सभी के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है।

> दिवाली सीजन में बड़ा घाटा झेल रहे व्यापारी, निगम-पुलिस पर भेदभाव का आरोप

# विजयदशमी उत्सव में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मना रहा शताब्दी वर्ष



राजनांदगांव (दावा)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना डॉ.केशव बलिराम हेडगेवार जी द्वारा 27 सितंबर 1925 श्री विजयदशमी के दिन ही नागपुर के मोहिते का बाड़ा में संघ की स्थापना हुई। संघ की स्थापना के समय से ही संघ की मूल इकाई शाखा है।

डॉ. हेडगेवार जी द्वारा निर्मित एक अभिनव पद्धति है जिसके माध्यम से कार्यक्रम और कार्यक्रम से व्यक्ति निर्माण और समाज परिवर्तन के द्वारा स्वाभिमानी, अनुशासित, संस्कारित, चरित्रवान, शक्ति संपन्न और देशभक्ति से ओत-प्रोत स्वयंसेवकों का निर्माण किया। जिससे उन्होंने आत्मविस्मृति हिंदू समाज को सुसंगठित एवं अनुशासित करने का कार्य प्रारंभ किया। शताब्दी वर्ष में संघ गृह संपर्क अभियान एवं हिंदू सम्मेलन, सद्भाव बैठक, प्रबुद्धजन गोष्ठी और युवा कार्यक्रमों के माध्यम से समाज के बीच में उद्बोधन और चर्चा जिसमें मुख्यतः हिंदुत्व, संघ का कार्य और लक्ष्य, भविष्य का भारत एवं पांच परिवर्तन के विषय जिसमें स्वदेशी, सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण और नागरिक कर्तव्य को लेकर चर्चा एवं बैठकें करने वाला है।

उपरोक्त सभी कार्यक्रम इस विजयादशमी उत्सव के प्रारंभ से वर्ष भर चलने वाले है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सामाजिक समसरता व सद्भाव की स्थापना के लिए निरंतर प्रयासरत रहता है। अयोध्या में श्री राम मंदिर निर्माण के लिए संतों की प्रेरणा से संचालित आंदोलन रहा हो या गौ हत्या निषेध जैसे विषय को समाज में ले जाना हो। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक लाखों सेवा प्रकल्प के माध्यम से समाज की सेवा कर रहे है. भारतीय और सनातन मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रयासों से जुड़कर हम राष्ट्रभक्ति की इस अविरल धारा से जुड़ सकते है।

शहर में इसी क्रम में आज एक ही समय पर विभिन्न स्थान पर अनेक कार्यक्रम संपन्न हुए। भारत माता बस्ती में मुख्य वक्ता जितेंद्र शर्मा (विभाग प्रचारक), लखोली बस्ती में मुख्य वक्ता डेमन तरार (विभाग कार्यवाह), कौरिन भाठा बस्ती में मुख्य वक्ता डॉ. पूर्णेन्दु सक्सेना (मध्यक्षेत्र संघचालक), बल्देव बाग में मुख्य वक्ता राजेश खांडेकर (जिला सचिव अ.भा.वनवासी कल्याण आश्रम) व वर्धमान नगर में मुख्य वक्ता पुष्कर बक्शी (जिला सह कार्यवाह) उपस्थित रहे।

> आज एक ही समय पर पांच स्थानों पर कार्यक्रम संपन्न हुए

# वेंटीलेशन फेन चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार




राजनांदगांव (दावा)। सोमनी पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र से पाली हाउस के वेंटीलेशन फैन को चोरी करने वाले आरोपी को धर दबोचा है। पुलिस ने आरोपी के पास से 2 नग वेंटीलेशन फैन जब्त किया और उसे न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल की सीखचों के पीछे भेज दिया है।

सोमनी थाना प्रभारी प्रमोद श्रीवास्तव ने बताया कि 4 अक्टूबर को प्रार्थी द्वारा थाने आकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि ग्राम देवादा स्थित पॉली हाउस के अंदर स्टोर रूम के पास रखे वेंटीलेशन फेन में से 2 नग वेंटीलेशन फेन को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है। इस रिपोर्ट पर टीम गठित कर आरोपी की पता साजी शुरू की गई।

> दो वेंटीलेशन फेन किया जप्त

### संदेह के आधार पर पकड़ा गया आरोपी

इस दौरान संदेही संतोष रावटे को संदेह के आधार पर हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर उसने पॉली हाउस देवादा से 2 नग वेंटीलेशन फेन को चोरी करना स्वीकार किया जिसे आरोपी संतोष रावटे पिता स्व. राधेलाल रावटे उम्र 31 साल निवासी ग्राम छिनगांव थाना डौण्डी हाल पता पुलगांव के कब्जे से जप्त किया गया। आरोपी का कृत्य धारा 303(2) बीएनएस का घटित करना पाये जाने पर आरेपी संतोष रावटे को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

# छेड़छाड़ का आरोपी गया जेल की सीखचों के पीछे



राजनांदगांव (दावा)। चौकी चिखली पुलिस ने अपने चौकी क्षेत्र में महिला के साथ छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को धर दबोच कर जेल की सीखचों के पीछे भेज दिया है। चौकी चिखली प्रभारी कैलाश चंद्र मरई ने बताया कि 4 अक्टूबर को प्रार्थियां द्वारा चौकी चिखली उपस्थित होकर लिखित आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराई कि आरोपी सोमनाथ वर्मा द्वारा बुरी नियत से छेड़खानी करते हुए गाली-गलौच कर जान से मारने की धमकी दी है। इस रिपोर्ट पर धारा 296,351(2), 74 बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया व मामला गंभीर प्रकृति का होने से पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन में तत्काल आरोपी सोमनाथ उर्फ सोनू वर्मा पिता विष्णु वर्मा उम्र 29 साल निवासी मोतीपुर सुभाष क्लब वार्ड नं. 3 को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ किया गया। जिस पर आरोपी द्वारा अपराध कबूल करने पर उसके खिलाफ विधिवत कार्यवाही करते हुए आरोपी को न्यायालय पेश किया गया जहां से उसे आदेशानुसार जेल दाखिल कर दिया गया है।







## NAME CHANGE

IT IS INFORMED TO THE GENERAL PUBLIC THAT I,DHANESHWARI VARMA W/O SURESH KUMAR VARMA H.NO.33, WARD NO. 02 RAMATOLA POST RAMATOLA THASIL LAL-BAHADUR NAGAR DIST. RAJNANDGAON (C.G.) PIN NO. 491557. MY OLD NAME DHANESHWARI W/O SURESH KUMAR. SO IN FUTURE. I SHOULD BE RECOGNISED BY MY NEW NAME DHANESHWARI VARMA W/O SURESH KUMAR VARMA IN ALL GOVERNMENT RECORDS AND OTHER DOCUMENTS.

**DHANESHWARI VARMA**
W/O SURESH KUMAR VARMA H.NO.33, WARD NO. 02 RAMA-TOLA POST RAMATOLA THASIL LALBAHADUR NAGAR DIST. RAJNANDGAON (C.G.) PIN NO. 491557

## सूचना

घुमका एजेंसी बदली दैनिक दावा समाचार पत्र की प्रतियाँ
**''साहेब बंदगी न्यूज एजेंसी''**
अधिकृत प्रतिनिधि - लोचन प्रसाद निर्मलकर
मोबाईल नंबर - 9630844364 से प्राप्त करें।
लेख-आलेख, समाचार, विज्ञापन संकलन हेतु सहयोग करें।
व्यवस्थापक
दैनिक 'दावा', बल्देव बाग, राजनांदगांव

## कार्यालय नगर पंचायत डोंगरगांव, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)

क्रमांक-1423/रा.नामा/न.पं./2025-2026 — **नामान्तरण प्रकाशन सूचना** — डोंगरगांव दिनांक 26/09/2025

ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना

कर निर्धारण के स्वामित्व खाते (कर मांग पंजी) में हक हस्तांतरण हेतु निम्नांकित आवेदन प्राप्त हुये

| क्र | वार्ड क्रमांक | वार्ड का नाम | भवन/डिमांड क्रमांक | रकबा / खसरा क्रमांक | भूमि / भवन | ..... मकान / भूमि स्वामी (हस्तांतरण कर्ता को नाम)/ विक्रेता | आवेदक (हस्तांतरित का नाम) क्रेता | स्वामित्व अर्जन का स्वरूप |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 11 | संत कबीर वार्ड | 11/74 | 1290 वर्गफीट प्रचलित आबादी भूमि | पक्का मकान | स्व. छक्कीलाल जैन पिता स्व. रतनचंद जैन, वार्ड क्रमांक-04 सदर लाईन डोंगरगांव | श्रीमती अरूणा जैन पति-श्री राजेश जैन वार्ड क्रमांक-04 सदर लाईन, डोंगरगांव | मृत्यु प्रमाण पत्र |

हेतु आवेदन पेश किया गया है, यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त ईश्तहार/ नामांतरण के संबंध में स्वामित्व हक या दावा रखते है तो ईश्तहार प्रकाशन दिनांक से 30 दिनों के भीतर प्रमाणित दस्तावेज सहित दावा/ आपत्ति लिखित में पेश कर सकते हैं। ईश्तहार के समयावधि समाप्ति पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी,
नगर पंचायत डोंगरगांव

# बिरनपुर में भाजपा के साम्प्रदायिक हिंसा का पर्दाफाश: कांग्रेस




**0 उपमुख्यमंत्री अरूण साव को नैतिकता के नाते पद से इस्तीफा देना चाहिए: भोलाराम**
**0 विधायक भोलाराम साहू, कुलबीर सिंह छाबड़ा व भागवत साहू ने ली प्रेसवार्ता**

राजनांदगांव (दावा)। बिरनपुर हत्याकांड एवं साम्प्रदायिक हिंसा मामले में सीबीआई द्वारा विशेष अदालत में जार्चशीट पेश करने के बाद तस्वीर साफ हो गया है कि चुनावी लाभ लेने के लिए भारतीय जनता पार्टी द्वारा षडयंत्र रचा था। भाजपा के इस षडयंत्र को आम जनता तक पहुंचाने के लिए छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के आदेशानुसार 05 अक्टूबर रविवार को राजनांदगांव प्रभारी खुज्जी विधायक भोलाराम साहू, शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा व जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू द्वारा प्रेसवार्ता लेकर जानकारी दी।

विधायक भोलाराम साहू ने प्रेसवार्ता में बताया कि बिरनपुर हत्याकांड हिंसा में सीबीआई ने चार्जशीट में घटना का विस्तृत विवरण दिया है जिसमें स्पष्ट हुआ है कि यह घटनाक्रम दो बच्चों के झगड़े से शुरू होकर दो परिवारों तक पहुंचा और बाद में यह दो समुदायों का झगड़ा बन गया। सीबीआई ने अपने जांच में पाया कि इस घटना में कोई राजनैतिक षडयंत्र नही था, यह एक मामूली झगड़ा था, जिसने खूनी रूप ले लिया। सीबीआई जांच के बिन्दु भाजपा सरकार ने तय किया था यदि जांच के बिन्दु में घटना के बाद के राजनैतिक षडयंत्र होता तो भाजपा बेनकाब हो जाती। बिरनपुर मामले में सीबीआई की चार्जशीट से साफ हो गया कि उस समय भाजपा ने तत्कालिन कांग्रेस सरकार और कांग्रेस पार्टी पर जो आरोप लगाया था वह झूठा था। यह आरोप भाजपा की चुनावी लाभ लेने के उद्देश्य से की गई राजनैतिक साजिश थी। सीबीआई की चार्जशीट ने भाजपा का काला चेहरा सामने रख दिया। भाजपा ने उस समय को साम्प्रदायिक और जातीय रंग देकर राजनैतिक लाभ लेने का षडयंत्र रचा था। तत्कालिन भाजपा अध्यक्ष अरूण साव घटना के बाद वहां जाकर पूरे घटनाक्रम को साम्प्रदायिक रंग देने का प्रयास किए और उसमें वे सफल भी रहे। अरूण साव जब घटनास्थल गये थे, तब उनके सामने आगजनी की गयी थी, वे वहां पर भड़काउ भाषण दिये थे। इस मामले को लेकर भाजपा ने एक समाज को कांग्रेस के खिलाफ भड़काने का प्रयास किया। भाजपा ने विधानसभा चुनाव में भी पूरे प्रदेश में इस झगड़े को साम्प्रदायिक रंग देने का प्रयास किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से लेकर गृहमंत्री अमित शाह ने अपनी चुनावी सभा में दुर्भाग्यजनक घटना को धार्मिक और जातीय झगड़े से जोड़ के प्रस्तुत किया। भाजपा ने मृतक भुनेश्वर के पिता ईश्वर साहू को टिकिट देकर सहानुभूति बटोरने की साजिश किया।

जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू ने कहा कि भाजपा के इस षडयंत्र का कांग्रेस को राजनैतिक रूप से नुकसान हुआ। सीबीआई की चार्जशीट के बाद तत्कालिन भाजपा अध्यक्ष और वर्तमान उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने जरा भी नैतिकता हो तो अपने पद से त्यागपत्र देकर छत्तीसगढ़ की जनता से माफी मांगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह अपने गैर जिम्मेदाराना भाषण के लिए छत्तीसगढ़ की जनता से मांफी मांगे। शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा फर्जी वोट करके, हत्याकांड, दंगाफसा कराके, जनता के जनमत को किनारे कर, साम्प्रदायिकता बढ़ा रही है। सत्ता की चाह रख इस मामूली विवाद को साम्प्रदायिक बनाने का प्रयास किया गया। सीबीआई की जांच यह भी साफ हो गया कि उस समय कांग्रेस की सरकार ने जो कार्यवाही की, घटना के लिए जिम्मेदार मानकर जिन लोगों की गिरफ्तारियां की वह सही थी। भाजपा ने कांग्रेस पर तुष्टिकरण का झूठा और मनगढ़त आरोप लगाया था तथा भाजपा नेताओं ने उस समय राजनैतिक लाभ लेने ध्रूवीकरण के लिए गलत बयानी किया था। ईश्वर साहू भी अपने बयानों में जिस व्यक्ति अंजोर यदु पर आरोप लगाते थे, उसे भी सीबीआई ने दोषी नहीं माना है, सीबीआई की चार्जशीट में इसका कोई उल्लेख नहीं है। इससे साफ है कि बिरनपुर मामला भाजपा की सोची समझी साजिश थी।

प्रेसवार्ता में प्रमुख रूप से शहर कांग्रेस संभागीय प्रवक्ता कमलजीत सिंह पिन्टू, पीसीसी प्रवक्ता रूपेश दुबे, पंकज बांधव, उपाध्यक्ष विकास त्रिपाठी, मोहम्मद यहया, महामंत्री अमित चंद्रवंशी, विशु अजमानी सहित कांग्रेसजन उपस्थित थे।

# ऑनलाईन सट्टा में फर्जी बैंक खाता उपलब्ध कराने वाला फरार तीसरा आरोपी भी पकड़ाया



**गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर पुलिस ने भेजा जेल**

राजनांदगांव (दावा)। शहर की कोतवाली पुलिस ने आनलाइन सट्टा में फर्जी खाता उपलब्ध कराने वाला दो साल से फरार आरोपी को धर दबोचा है। कोतवाली थाना प्रभारी नंद कुमार गौतम ने बताया कि उक्त मामले के दो आरोपियों को पूर्व में गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया जा चुका है। अभी पुलिस के दबोचे में आए फरार आरोपी को न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया गया है। आरोपी का नाम गणेश उर्फ शिव देवांगन पिता स्व. सुभाष देवांगन उम्र 25 वर्ष निवासी कलारपारा जयस्तंभ चौक बताया जाता है। थाना प्रभारी श्री गौतम ने बताया कि प्रार्थी देवलाल साहू पिता मंशाराम साहू उम्र 41 वर्ष निवासी ग्राम गठुला द्वारा 29 जनवरी 2024 को रिपोर्ट दर्ज कराया गया।

### शासकीय योजना का लाभ में बैंक से खाता खुलवाया

आगे बताया गया कि दिनांक 27 मई 2023 को दोपहर करीब 12 बजे गणपति मेडिकल वाले का लड़का विनायक साहू निवासी चिखली द्वारा शासकीय योजनाओं के बारे में बताते हुए बैंक में खाता खुलवा लो आपके खाते में 1000 रूपये आयेगा बोलकर इसका व इसकी पत्नि पूर्णिमा साहू को ममता नगर स्थित केनरा बैंक ले जाकर खाता खुलवाया एवं खाता खुलने के बाद दोनों खाता को विनायक साहू अपने पास रख लिया और बाद में एटीएम को भी रख लिया और 2000 रूपये दिया था। उससे पास बुक एवं एटीएम को मांगने पर खाता को आटोमैटिक बंद हो जायेगा बोलकर नहीं दिया। कुछ दिन बाद केनरा बैंक का मैनेजर और बैंगलोर का एक अधिकारी आया और इसे आपके बैंक खाता नंबर में करोड़ों रूपये का लेनदेन होना बताया। प्रार्थी की इस रिपोर्ट पर अप.क्र. 60/2024 धारा 420 भादवि. कायम कर विवेचना के दौरान प्रकरण में विनायक साहू पिता जयंती साहू उम्र 18 वर्ष 11 माह निवासी गणपति मेडिकल चिखली, शहबाज खान पिता सराउद्दीन खान उम्र 26 वर्ष निवासी आर.के. नगर जीवन हाईट कॉलोनी रूम नं. 604 को 29 जनवरी 2024 को गिरफ्तार कर ज्युडिशियल रिमाण्ड पर न्यायालय पेश चालान पेश किया जा चुका है।

प्रकरण में पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश में फरार आरोपी गणेश उर्फ शिव देवांगन का लगातार पतासाजी किया जा रहा था। मुखबीर सूचना पर आरोपी गणेश उर्फ शिव देवांगन को घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ पर जुर्म स्वीकार करने पर 4 अक्टूबर को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय में पेश किया गया। जहां से जेल वारंट प्राप्त होने पर उसे जिला जेल में दाखिल कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि आरोपी करीब 2 साल से फरार चल रहा था।

# आरएसएस देश सेवा और हिंदुओं को संगठित करने के लिए संस्था बनी - चौधरी



राजनांदगांव ( )। 1925 बहुत ऐतिहासिक वर्ष है इस वर्ष डॉक्टर केशव बलिराम हेडगेवार ने राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ जिसे हम आरएसएस के नाम से ज्यादा जानते हैं, नामक संस्था की स्थापना की 1925 में ही श्री हार्डीकर जी ने कांग्रेस के सहयोगी के रूप में सेवादल की स्थापना किया।

दोनों संस्थानों में फर्क साफ है आरएसएस देश सेवा और हिंदुओं को संगठित करने के लिए संस्था बनी और सेवादल कांग्रेस की सेवा कार्य करने हेतु बनाया गया। दोनों संस्थाओं के 100 वर्ष पूरे हुए हैं। आप देख रहे हैं कि आरएसएस के सौंवी स्थापना दिवस समारोह पूरे देश में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है लेकिन कांग्रेस समर्थित सेवादल की कोई चर्चा नहीं हो रही है। आरएसएस राजनीतिक दल भाजपा की मार्गदर्शन करने वाली संस्था है। वही सेवादल कांग्रेस के चाकरी करने वाली संस्था बनकर रह गई है। प्रारंभ में सेवादल भी देश के लिए कार्य कर रही थी, नेहरू जी के समय सेवादल ठीक-ठाक स्थिति में थी लेकिन इंदिरा गांधी के आने के बाद सेवादल केवल कांग्रेस के नेताओं की जू हुजरी वाली दल बनकर रह गई, इसलिए आज कांग्रेस में भी सेवादल की कोई पूछ परख नहीं है।

आपको जानकारी हो कि 1921 में डॉक्टर हेडगेवार जी कांग्रेस के मध्य प्रांत जो आज मराठा क्षेत्र मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ के कुछ हिस्से को कहा जाता था इसके कांग्रेस के जनरल सेक्रेटरी हुआ करते थे महात्मा गांधी जी के आंदोलन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिए थे और ब्रिटिश सरकार के लिए बहुत कड़े शब्दों में भाषण किया करते थे जिसके कारण उन्हें जेल में डाल दिया गया और 1 वर्ष का सश्रम कारावास की सजा दी गई। जेल की सजा काटने के बाद जब डॉक्टर हेडगेवार रिहा हुए तो कांग्रेस पार्टी और महात्मा गांधी जी ने डॉक्टर हेडगेवार जी को नजर अंदाज करना प्रारंभ कर दिया। उनको वह स्थान नहीं मिला जो अन्य कांग्रेसी नेताओं को दिया जाता था इसीलिए 1925 में हिंदुओं को जागृत करने संगठित करने के उद्देश्य से इन्होंने आरएसएस की स्थापना की। कहते हैं महात्मा गांधी जी और हेडगेवार में मतभेद का कारण भी हेडगेवार जी का हिंदूवादी होना ही प्रमुख कारण है। महात्मा गांधी जी चाहते थे कि केवल हिंदू की बात करना है तो कांग्रेस से अलग हो जाओ। डॉ. हेडगेवार जी ने कांग्रेस छोड़कर अपने स्वतंत्र विचार से नया रास्ता चुना और आज आरएसएस विश्व की सर्वाधिक सदस्यों वाली एक संगठित और अराजनीतिक संगठन है, जिसका विश्व में चर्चा हो रही है, इसके पीछे मूल रूप से अच्छी नीति और नीयत से काम करना है।

# दिवाली-छठ पूजा पर ट्रेन यात्रियों को मिलेगी भीड़ से राहत, 5 रूट पर 55 फेरे से त्योहारों की होगी यात्रा



रायपुर। रेलवे ने आगामी दीपावली और छठ पर्व पर यात्रियों की भारी भीड़ को देखते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने 5 अलग-अलग रूट पर कुल 55 फेरे वाली पूजा/फेस्टिवल स्पेशल ट्रेनों का संचालन करने का निर्णय लिया है। रेलवे का उद्देश्य यात्रियों को कंफर्म सीट उपलब्ध कराना और त्योहारों की यात्रा को सुरक्षित व सहज बनाना है।

### 5 रूट पर 55 फेरे से त्योहारों की यात्रा होगी

रेलवे द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार बिलासपुर-हडपसर (पुणे) पूजा स्पेशल एक फेरे के लिए चलाई जा रही है। इसके अलावा बिलासपुर-यलहंका (बेंगलुरु) पूजा स्पेशल 22 फेरों के लिए संचालित होगी। इसी तरह दुर्ग-सुल्तानपुर पूजा स्पेशल 12 फेरे, दुर्ग-हजरत निजामुद्दीन पूजा स्पेशल (08760/08761) 8 फेरे और इतवारी-जयनगर पूजा स्पेशल (08869/08870) 8 फेरों के लिए चलाई जाएगी।

इस तरह कुल 5 रूट पर 55 फेरे की ट्रेनों का परिचालन होगा। इनमें से तीन महत्वपूर्ण पूजा स्पेशल ट्रेनें 27 फेरों के साथ बिलासपुर होकर गुजरेंगी। इसमें बिलासपुर-हडपसर (पुणे), बिलासपुर-यलहंका (बेंगलुरु) और इतवारी-जयनगर फेस्टिवल स्पेशल शामिल हैं। इन गाड़ियों का वाणिज्यिक ठहराव बिलासपुर स्टेशन पर रहेगा।

### पहले आओ, पहले पाओ की तर्ज पर टिकट

वहीं दुर्ग-सुल्तानपुर और दुर्ग-हजरत निजामुद्दीन स्पेशल ट्रेनें भी बिलासपुर मंडल के अन्य प्रमुख स्टेशनों उस्लापुर, पेंड्रारोड और अनूपपुर से होकर गुजरेंगी।रेलवे ने यात्रियों को पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर सीट आरक्षित कराने की अपील की है। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि दिल्ली, पुणे, बेंगलुरु और बिहार जैसे बड़े शहरों की यात्रा के लिए अतिरिक्त सुविधा उपलब्ध होगी।

# उमरवाही, बड़भूम, जामनारा, छिंदीबिरही, पाडेटोला में अवैध शराब बिक्री जोरों पर



राजनांदगांव (दावा)। जिले के खुज्जी विधानसभा क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री जोर-शोर से चल रही है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार खुज्जी विधानसभा के अंतर्गत आने वाले ग्राम उमरवाही, बड़भूम, जामनारा, छिंदीबिरी, पांडेटोला सहित क्षेत्र के गांव में अवैध शराब बिक्री और खुले आम पीने पिलाने का कार्य किया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि रोजाना अवैध शराब बिक्री चरम पर है पुलिस प्रशासन भी अवैध शराब बिक्री की कार्यवाही से मुंह मोड़ चुका है। आसपास के ग्रामीण इलाकों सहित महाराष्ट्र के दुकानों से बड़ी मात्रा में शराब लाकर बेची जा रही है।

एक तरफ गांव गांव में पूर्ण शराबबंदी की जा रही है वहीं दूसरी ओर शराब माफियाओं को नेताओं के संरक्षण से खुलेआम शराब बेची जा रही है। चंद पैसों के लालच में नेताओं द्वारा शराब कोचियो (माफियाओ) को संरक्षण देने का कार्य करती है ऐसा ग्रामीणों ने बताया। ग्रामीण जनों ने आगे बताया कि क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि एवं पुलिस विभाग को कई बार सूचित करने के बावजूद भी कार्यवाही नहीं करती है जिसके कारण से शराब खुशियों के हौसले दिन-ब-दिन बुलंद होते जा रहे हैं।

गांव की महिलाओं ने नाम न छापने के शर्त पर बताया कि ग्राम भोलापुर (छुरिया) का व्यक्ति का खेत पांडेटोला में होने की वजह से वहां व्यक्ति द्वारा ग्राम भोलापुर में शराब ना बेचकर ग्राम पांडेटोला में खुलेआम शराब बेचता है जिसका ग्रामीण जन विरोध करते हैं लेकिन गांव के चंद लोगों के मिली भगत से वह व्यक्ति द्वारा ग्राम पांडेटोला में खुलेआम शराब बेचने के कार्य को अंजाम दे रही है। ग्रामीणजनों ने शासन-प्रशासन और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों एवं समाज प्रमुखों से मांग रखी है कि इन गांवों में भी पूर्ण शराब बंदी की जाए।

# रायल कीड्स की साक्षी और देविका ने जिला स्तरीय प्रतियोगिता में मचाया धमाल



राजनांदगांव (दावा)। डॉ. जे.बी. सिंह मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल और रॉयल किड्स कॉन्वेंट की छात्राओं ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का परचम लहराया है। भारतीय बाल रोग विशेषज्ञ संघ द्वारा आयोजित जिला स्तरीय निबंध प्रतियोगिता में दोनों स्कूलों की छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता में रॉयल किड्स कॉन्वेंट की साक्षी रावटे ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि डॉ. जे.बी. सिंह मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल की देविका साहू ने द्वितीय स्थान हासिल किया।

गौरतलब है कि यह तीसरी बार है जब इन दोनों प्रतिष्ठित स्कूलों ने एक ही प्रतियोगिता में क्रमशः प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त कर जिले में अपनी शैक्षणिक श्रेष्ठता सिद्ध की है। इस उपलब्धि पर शिक्षकों, अभिभावकों और छात्रों में हर्ष का माहौल है। पद्मश्री डॉ पुखराज बाफना, डॉ नरेंद्र गाँधी एवं समस्त बाल चिकित्सकों ने बधाइयाँ दी हैं।

डॉ. जे.बी. सिंह मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल की अध्यक्षा डॉ. सविता जे.बी. सिंह, उपाध्यक्ष अशोक चौधरी, निदेशक संजय बहादुर सिंह, सावंत बहादुर सिंह, जन्मेजय बहादुर सिंह, श्रेयांश बहादूर सिंह, मनीषा सिंह, इला सिंह, बरसर इंद्रकुमार वैष्णव, ममता मिश्रा, सरिता सिंह, गोपाल साहू, शारदा गौर, हरीश साहू, डॉं अनुराधा शुक्ला, यामिनी साहू तथा अभिषेक खंडेलवाल ने छात्राओं को बधाई देते हुए दोनों प्रतिभाशाली छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

अभिषेक खंडेलवाल ने बताया कि देविका साहू और साक्षी रावटे की इस उपलब्धि ने न केवल उनके विद्यालयों का नाम रोशन किया है, बल्कि अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा का स्त्रोत बनी हैं। हम इन दोनों प्रतिभाशाली छात्राओं और उनके मार्गदर्शक शिक्षकों को हार्दिक बधाई देते हैं।

# चैंबर ऑफ़ कॉमर्स द्वारा चिल्लर विनिमय वितरण शिविर



**आईसीआईसीआई बैंक के सहयोग से हुआ आयोजन**

राजनांदगांव (दावा)। चेम्बर्स आफ कामर्स द्वारा आइसीआइसीआइ बैंक के सहयोग से व्यापारियों की सुविधा के लिए सिक्कों का विनिमय शिविर आयोजित किया गया, जिसमें 10 लाख रुपए के सिक्के लगभग 200 से अधिक व्यापारियों को दिए गए।

कार्यक्रम में मुख्यवक्ता के रूप में पर्यटन मंडल के अध्यक्ष नीलू शर्मा ने चेंबर ऑफ कॉमर्स के इस अभियान की प्रशंसा करते हुए कहा कि दीपावली के समय में प्रत्येक व्यापारी को व्यापार की सरलता के लिए चिल्लर की आवश्यकता होती है, ऐसे समय में चेंबर ऑफ कॉमर्स ने इस शिविर का आयोजन कर उन्हें उनकी समस्या में निदान का अवसर प्रदान किया, इस हेतु वे कमलेश बैद एवं चेंबर ऑफ कॉमर्स को शुभकामनाएं देते हैं।

शिविर में स्वागत प्रतिवेदन चेंबर के अध्यक्ष कमलेश बैद ने दिया। शिविर में बड़ी संख्या में शहर के व्यापारी उपस्थित थे, जिन्हें चैंबर ऑफ कॉमर्स के प्रत्येक व्यापारी को रूपये 5000 के सिक्कों का वितरण किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन चेंबर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश उपाध्यक्ष ज्ञानचंद बाफना ने किया एवं आभार प्रदर्शन उपाध्यक्ष विनोद डड्डा ने किया।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से चेंबर के उपाध्यक्ष भीमन धनवानी, आलोक बिंदल, ओमप्रकाश कांकरिया, अमर लालवानी, तरुण लहरवानी, शिव अग्रवाल, राजेश माखीजा, राजकुमार बाफना, बलबीर बग्गा, नरेश बावरिया, ललित भंसाली, दीपक नौलखा, आशीष अग्रवाल, संजय चोपड़ा, उत्तम गीड़िया, राजीव जैन, सुखविंदर भाटिया, अजय कोटडिया, रानू जैन सहित बड़ी संख्या में चेंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# मोक्ष का लक्ष्य और संयम का पक्ष रखकर आराधना करें-मुनि वीरभद्र



**संसार की सम्यक दृष्टि तो आपके पास ही है**

राजनांदगांव (दावा)। प्रख्यात जैन संत श्री विनय कुशल मुनि के सुशिष्य एवं 171 दिन तक उपवास का रिकॉर्ड बनाने वाले जैन मुनि वीरभद्र (विराग) जी ने कहा कि मोक्ष का लक्ष्य और संयम का पक्ष रखकर आराधना करें तो आप निश्चित ही सफल होंगे। उन्होंने कहा कि संसार का सम्यक दर्शन आपके पास है, बस जरूरत है चकरी फेरने की।

जैन बगीचा स्थित उपाश्रय भवन में मुनि वीरभद्र (विराग) जी ने कहा कि सम्यक दर्शन के लिए आवश्यक चीज जो है वो अनुकंपा,संवेग, दया, समता आदि है। उन्होंने कहा कि हम अपने बच्चों को पढ़ने के लिए कितने ही दुख हंसते-हंसते झेल लेते हैं। यह हमारी सहनशीलता को दर्शाती है। हमें गरीबों को देखकर दया आती है और ज्ञानियों को अज्ञानियों को देखकर दया आती है। यह अनुकंपा ही तो है। हमने भी गरीबी दूर करने के लिए अनेक मेहनत की। उन्होंने कहा कि लाखों रुपए का ग्राहक यदि हमें गाली भी बकता है तो हम उसे सहन करते हैं। यह हमारी सहनशीलता का प्रतिरूप है। सम्यक दर्शन हमारे पास है लेकिन हम उसे धर्म से लाने का प्रयास नहीं करते। मुनि वीरभद्र (विराग) जी ने कहा कि हम कठपुतली का जीवन जी रहे हैं। कोई हमें हंसाने के लिए रिमोट का बटन दबा देता तो हम हंस देते हैं और कोई हमें रुलाने के लिए रिमोट का बटन दबाता है तो हम रो लेते हैं। सुख कहां है? उन्होंने कहा कि मिथ्यात्व को दूर कर सम्यक दर्शन प्राप्त करें। एक बार यदि सम्यक दर्शन आ जाए तो दुनिया को देखने का नजरिया ही बदल जाएगा। मुनि श्री वीरभद्र (विराग) जी ने कहा कि सुख सबको चाहिए लेकिन सुख किससे मिलने वाला है, यह हम नहीं जानते! सुख पुरुषार्थ द्वारा प्रकट अवश्य होता है लेकिन वह मिलेगा कैसे, यह हम नहीं जानते। थोड़ी देर के लिए मजा और दीर्घकाल के लिए सजा या फिर थोड़ी देर के लिए सजा और दीर्घकाल के लिए मजा, इसमें से हमें क्या चाहिए यह हमें ही चुनना है। उन्होंने कहा कि सम्यक दृष्टि से आत्मा स्वाभिमानी बनती है। मोक्ष का लक्ष्य और संयम का पक्ष रखकर साधना करें तो सफलता अवश्य मिलेगी। यह जानकारी मीडिया प्रभारी विमल हाजरा ने दी।

# मानसून का कमजोर पड़ा सिस्टम, बारिश की होगी विदाई



**० पिछले दिनों हुई बारिश से गिरने लगी धान की बालियां**
**० पैदावारी में आ सकती है गिरावट, सोयाबीन की फसलें भी हुई प्रभावित**

राजनांदगांव (दावा)। क्वांर नवरात्रि पर्व में अचानक मानसून की सक्रियता बढ़ गई थी और हर एक-दो दिन में बारिश होने लगा था। अक्सर शाम के समय गरज-चमक के साथ होने वाली बारिश की स्थिति कभी मध्यम तो कभी हल्की-फुल्की या तेज रही। इस बारिश से खेतों में पकने को तैयार खड़ी फसले खासा प्रभावित हुई है। इधर ज्यादा बारिश के कारण सोयाबीन की फसल भी खराब हुई है। खेतो में अभी भी पानी का जमावड़ा है। खेतो में खड़ी धान की फसलें से बालियां गिरने लगी है। देखने में आया कि तेज बारिश से खेतों की फ़सल पूरी तरह जमीन में लोट गई। इससे धान का पैदावार प्रभावित होना निश्चित है। जानकार लोगों का कहना है कि इससे पैदावारी में 20 प्रतिशत की गिरावट आ सकती है।

### दीपावली के बाद शुरू हो सकती है धान की कटाई

बता दें कि जिले में खरीफ सीजन में 1 लाख 54 हजार 449 हेक्टेयर में धान की फसल ली गई है। जल्दी पकने वाली हरुना धान लगभग पक कर तैयार है। दीपावली के बाद धान की कटाई शुरू हो जाएगी। लेकिन जिले में हुई कभी मध्यम तो कभी तेज बारिश से धान के पैदावारी में गिरावट आने की आशंका बढ़ गई है।

किसानों की मानें तो लगातार बारिश और तेज हवाओं ने फसल को काफी नुकसान पहुंचाया है। खेतों में खड़ी धान फसल की बालियां गिर जाने से न केवल दाना झड़ने अपितु फसल की गुणवत्ता भी प्रभावित होने की संभावना बढ़ गई है। इस अचानक की बारिश से धान में तना छेदक की भी शिकायत बनी हुई है। खास कर लेट वेरायटी की फसल या यों कहनी चाहिए कि माई धान फसल में अभी से फफूंदी रोग, झूलसा रोग दिखाई देने लगा है। इस अतिवृष्टि वाली बारिश से रेंगाकठेरा के किसानों की 200 एकड़ सोयाबीन की फसल बर्बाद हो गई। जल भराव से खेतों में खड़ी फसल नष्ट हो गई। कृषि वैज्ञानिकों द्वारा किसानों को बारिश के चलते खेत में भरे पानी को जल्द से जल्द निकासी की सलाह दी जा रही है और संभव होने पर कटाई की प्रक्रिया शुरू करने के लिए भी कहा जा रहा है।

### मानसून की होने वाली है विदाई

बता दें कि मानसून के अचानक सक्रिय होने से नवरात्रि पर्व के आयोजन प्रभावित हुए हैं। अब बारिश की विदाई की बेला है।

अपेक्षा के अनुरूप बरस चुका मानसून आज सोमवार से वापसी की यात्रा शुरू करने जा रहा है। मौसम विभाग के अनुसार रविवार को हल्की वर्षा के उपरांत इसकी गतिविधियों में कमी आने लगेगी।

बताते चलें कि इस मानसून वर्ष में जिले में अब तक लगभग 1050 मिमी बारिश हो चुकी है। यह औसत से मात्र सौ डेढ़ सौ मिमी बारिश कम है। इसकी भरपाई मानसून की बिदाई होने के पहले लगभग पूरी हो जाएगी। अब तापमान में थोड़ी गिरावट दिखने लगा है। बीती रात का तापमान 21.5 डिग्री रहा जो सामान्य से एक डिग्री कम है। दिन का तापमान भी गिरने लगा है। मानसून की विदाई के साथ तापमान में गिरावट होना शुरू हो जाएगा।

## अनमोल दावा

> ‘‘ समय और शिक्षा का सही उपयोग ही व्यक्ति को सफल बनाता है।

## रिलीजन और रिलेजनशिप में अंतर का भाव, और ऊपरी आवरण

भारत में अभी भी गांव-गांव में रामलीला का आयोजन किया जाता है और लोग देखने भी जाते हैं। यह सिलसिला आदि कल 400 वर्षों से हो रहा है। अब लोगों को इसमें नया पन नहीं लगता है। लेकिन लोग नित कुछ नया चाहते हैं। प्रायः लोग रामलीला देखने जाते हैं और ओंगना या सो जाते हैं। क्योंकि उसमें नया पन नहीं है। यद्यपि वह रामलीला धार्मिक है लेकिन लोगों की धार्मिकता नहीं है। धार्मिक होना ऊपरी आवरण जबकि धार्मिकता मन के अंदर की अनुभूति होती है।यही अंतर है दोनों में जैसे लिपिस्टिक लगाने से औरत का स्वास्थ्य नहीं बदलता बल्कि उसका ऊपरी आवरण दिखाई देता है। लेकिन मन का सोच अलग है वह आवरण नहीं है।

गांव में रामलीला चल रही थी सब देखने जाते थे जिसमें बच्चे, स्कूल टीचर, प्राचार्य,सभी शामिल थे।इसी दौरान विद्यालय में दिन में स्कूल निरीक्षक का दौरा हुआ । विद्यालय के टीचर ने सोचा कि जब सब रामलीला देखने जाते हैं तो अच्छा है कि निरीक्षक रामलीला से संबंधित प्रश्न ही पूछ लें क्योंकि उसे आशा थी कि सभी उत्तर दे देंगे तो स्कूल निरीक्षक ने भी कहा कि ठीक है।उसने कक्षा में पूछा कि शिव जी का धनुष किसने तोड़ा था।तो एक छात्र ने अपना हाथ ऊपर उठा लिया जो सबसे गधा था ।उस छात्र ने कहा कि में पहले ही बता देना चाहता हूं कि मैने शिवजी का धनुष नहीं तोड़ा।इस पर निरीक्षक से शिक्षक ने कहा कि साहब यह गलत कह रहा है कि इसने शिवजी का धनुष नहीं तोड़ा है बल्कि वह बहुत उदंत है।सब इसी ने तोड़ा है,यहां तक कि मेरी कुर्सी भी । निरीक्षक हतप्रभ,उसने कमरे में जाकर प्राचार्य से पूछा कि शिवजी का धनुष किसने तोड़ा तो प्राचार्य ने कहा कि बहुत से बच्चे स्कूल में पढ़ते किसी ने तोड़ दिया होगा, बच्चे है उद्दम मचाते रहते हैं।आप परेशान न हों । निरीक्षक हतप्रभ कि यह कैसी रामलीला है जो कुएं में भंग पड़ी है।वह दौड़ कर मुनुस्पल दफ्तर गया जो स्कूल चलाता था और उसने रामकथा सुनाई तो अध्यक्ष बोले शिवजी का धनुष किसी ने तोड़ दिया है तो हम उसे जुड़वा देंगे और आप कहीको चिंता कर रहे हो। कितना बड़ा धनुष था । और शिवजी बावजी से हमे क्या लेना देना ।कौन है शिवजी ।

यह हाल है रामलीला के । रामलीला देखने जाने वाले ऊब गए हैं कि क्या देखना रामलीला को सब वही तो है नया पन कुछ नहीं है।यह ऊपरी आवरण है इसे रिलीजन कह सकते है जो समाज,परिवार, समूह से मिला हुआ है कि वह हिन्दू है या मुसलमान है।यह आंतरिक नहीं है जो रिलिजनशिप है।इ जो अंदर की अनुभूति है और व्यक्ति का चरित्र भी है।

मनुष्य की अंतर आत्मा जब झकझोर देती है तो वह कुछ बातों की अनुभूति करता है तब ही उसे धार्मिकता का अहसास होता है। व्यक्ति श्मशान में अर्थी के साथ जाता है तो कुछ देर के लिए अंतःकरण में प्रवेश करता है लेकिन फिर वही दीन दुनियां की बातों में लग जाता है और ऊपरी आवरण में आ जाता है। एक गांव की रामलीला में एक पहलवान हनुमान जी का पाठ करता था ऐसा वह हर साल करता था और उसमें कुछ भी नया पन नहीं था।हर साल वह लंका जलाता था।इस बार उसने सोचा कि क्यों न कुछ नया किया जाय तो हनुमानजी ने लंका के बजाय अयोध्या जला दी।अब पहलवाल जो ठहरा कोई क्या कहता।राम बना तो बालक था । इस बार हनुमान ने अपने अंतःकरण से अयोध्या जला दी।जबकि हर साल वह अपने बाहरी आवरण में ही रहता था।

# विनट्रेक कम्पनी केस में कस्टम की रिश्वत मांग से मचा हड़कम्प : कम्पनी भारत छोड़ रही है

भारत में भ्रष्टाचार सामान्य बात हो गई है। ‘‘न मैं खाऊंगा और न मैं खाने दूंगा’’ वाली प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की बात भी जुमला साबित हो रही है। किन्तु, व्यापारिक क्षेत्र से जुड़े लोगों का कहना है कि भ्रष्टाचार बाबत किसी भी पार्टी को पाक साफ का प्रमाणपत्र नहीं दिया जा सकता । अमेरिका राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारत की चीज-वस्तुओं पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाया है। उसके बाद से देश में भारत की उत्पादन की इकाइयों में वृद्धि करने तथा इनोवेटिव स्टार्ट के लिए सिंगल विंडो सिस्टम शुरू करने की मांग उठी थी।

इसी परिप्रेक्ष्य में भारत में एक ओर नए उत्पादन इकाइयों को स्थापित कर रोजगार उत्पन्न करने की योजना घड़ी थी। जिसकी योजना भी तैयार है। किन्तु, चेन्नई के कस्टम विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार से त्रस्त ‘‘विनट्रेक’’ नाम की एक इम्पोर्ट-एक्सपोर्ट कम्पनी ने भारत छोड़ने की मानसिकता बनायी है। उसने सारा कारोबार वाइंड-अप भी कर लिया है। तामिलनाडू की विनट्रेक कम्पनी ने बहुत ही गंभीर आरोप लगाए हैं। जिसके फलस्वरूप, बड़ा हड़कम्प राज्य में मचा है।

विनट्रेक कम्पनी ने आरोप लगाया है कि, तमिलनाडू के चेन्नई कस्टम के द्वारा रिश्वत मांगी जाती है। न देनें पर हैरान-परेशान किया जाता है। जिससे त्रस्त होकर चेन्नई स्थित कम्पनी को हम बंद कर रहे हैं और भारत से विदा हो रहे हैं। इस प्रकार के भ्रष्टाचार से त्रस्त घटनाओं के कारण अगर कोई कम्पनी भारत छोड़ती है तो वैश्विक प्लेटफार्म पर देश की साख को बड़ी क्षति पहुंचेगी। कस्टम विभाग रिश्वतखोर है, यह आरोप लगाते हुवे कम्पनी भारत छोड़ रही है। इस की गंभीरता को देखते हुए केन्द्र




सरकार ने घटना की न्यायिक जांच की शुरूवात कर दी है।

वित्त मंत्रालय ने कस्टम विभाग पर लगे आरोपों की जांच करने का आदेश दे दिया है। डिपार्टमेंट आफ रेवेन्यू के वरिष्ठ अधिकारी इसकी जांच करेंगे। विनट्रेक कम्पनी ने अपनी परेशानियों को सोशल नेटवर्क के जरिए प्रस्तुत किया था। कम्पनी ने माइक्रोब्लागिंग साइट एक्स पर अपना दुःखद अनुभव व्यक्त किया था।

कंपनी ने लिखा था कि भारत में से आयात-निर्यात के काम को हम बंद करते हैं। क्यों कि, हम चेन्नई कस्टम के सतत् हैरान करने के कारण त्रस्त हो चुके हैं। हमारी कम्पनी पहले अक्टुबर से भारत में से हो रहे आयात-निर्यात के कार्यो को बंद कर रहे हैं।

कम्पनी के अधिकारियों ने यह भी कहा था कि चेन्नई कस्टम साल में दो मरतबे रिश्वत मांगने की शुरूवात की थी। अगर, हम उनकी मांगों की पूर्ति नहीं करते हैं तो प्रतिदिन कार्यो में विघ्न डालने की धमकी देते हैं। पिछले 45 दिनों से चेन्नई कस्टम के अधिकारियों के द्वारा निरन्तर हमको परेशान किया जा रहा है।

उक्त कम्पनी के कथन ने स्वाभाविक रूप से विवाद का रूप लिया । इसी के बाद, कस्टम वालो का कहना है कि, यह आरोप झूठा है। यह कम्पनी अपने माल-सामान को उचित कार्यवाही के बगैर बाहर भेजना चाहती है। हमें उन्हे नियमानुसार कार्य करने का कहते हैं तो हमारे सामने रिश्वत मांगने का आरोप लगाते हैं और इस प्रकार हमारे ऊपर दबाव डालते हैं। चेन्नई कस्टम, का कहना है कि नियमों - कानूनों का पालन नहीं करने वाले अधिकारियों पर आरोप मढ़कर उन्हें डराने की मशक्कत करते हैं।

विनट्रेक के केस में पर्दे के पीछे का लेन-देन का मामला गंभीर है। तमिलनाडू की कम्पनी ने अनेक आरोप लगाकर तमिलनाडू के कस्टम डिपार्टमेंट ने अंत में हमारा शिपमेन्ट क्लीयर कराने डेढ़ लाख रूपए रिश्वत मांगने का आरोप लगा है। जिसके सामने कस्टम वालों का कहना है कि हमारी छबि को क्षति पहुंचाने बहुत योजनाबद्ध तरीके से काम कर रहे हैं।

वैसे, व्यापारिक गलियारों और सरकारी अधिकारियों के बीच रिश्वत यह सिक्के के दो पहलु जैसे हैं। कस्टम विभाग भी अन्य सरकारी विभागों जैसा बदनाम है। अनेक कम्पनियों को इसका अनुभव हुआ है। किन्तु कोई शिकायत नहीं करता ‘‘ट्रिक्स आफ द ट्रेड’’ जानने वाले इस प्रक्रिया को भलिभांति जानते हैं। लोगों की नजर में कस्टम विभाग की नीयत खराब है। दोनों ही व्यापारी समुदाय और कस्टम के अधिकारियों के बीच सांठगांठ चलते ही रहती है। विनट्रेक आरोप को साबित करने मशक्कत कर रहे हैं। किन्तु, सत्तासीन शक्तिशाली लोगों को इस समस्या की जड़ तक पहुंच कर जनता के सामने समाधान लाना होगा।

## विचार सरिता

# जीवन कौशल : ईर्ष्या करने वाले आपके आसपास बने रहेंगे, उनसे प्रभावित न हों



**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**

मनुष्य अपना काम करता है लेकिन उसके आसपास ऐसे अनेक लोगों की उपस्थिति रहती है, जो उसके काम से प्रसन्न नहीं होते हैं या निकट का होने पर भी जिनके मुख से आपके काम की प्रशंसा के लिए दो शब्द नहीं निकलते हैं। वास्तव में ये वे लोग होते हैं जो आपकी सफलता, आपकी प्रसन्नता से मन ही मन असंतुष्ट हैं और वे आपकी तारीफ में दो शब्द बोलकर किसी भी सूरत में आपका उत्साह नहीं बढ़ाने वाले हैं। अतः ऐसे विघ्नसंतोषी लोगों के बारे में सोचकर अपना नुकसान करने की आवश्यकता नहीं है।

आप सार्वजनिक जीवन में हैं।अतः ऐसे लोगों से आपका सामना होता रहेगा और इनके द्वारा आपके काम में विघ्न डालने की आशंका से आप अपना काम छोड़ भी नहीं सकते हैं और वास्तव में ऐसी स्थिति में आपके द्वारा कार्य को छोड़ देना एक तरह से आपके द्वारा हथियार डाल देना कहा जाएगा जो किसी भी तरह से उचित नहीं है। ऐसे लोगों की निंदा से घबराना भी उचित नहीं है। जो स्थायी किस्म के निंदक होते हैं, वे केवल आपसे नहीं बल्कि हर व्यक्ति की सफलता से ईर्ष्यालु होते हैं। अतः ऐसे व्यक्ति से आपके द्वारा स्वीकृति या मान्यता पाने की अपेक्षा रखता ही गलत है।

अपने कार्य के दौरान ऐसे ईर्ष्यालु व्यक्ति आपको दिखाई देते हैं और आपको देखकर वह चाहे नाक भौं सिकोड़े या आपके कार्य को लेकर कोई प्रतिकूल टिप्पणी करे,आपको परेशान होने की आवश्यकता नहीं है। अगर आपने ऐसा देखकर अपना आत्मविश्वास खो दिया तो इसका सीधा असर आपके कार्य की सटीकता पर पड़ेगा जो आपके लिए नुकसानदेह है।

आचार्य रामचंद्र शुक्ल ने लिखा है : -

स्पर्द्धा संसार में गुणी, प्रतिष्ठित और सुखी लोगों की संख्या में कुछ बढ़ती करना चाहती है और ईर्ष्या कमी।

वे एक स्थान पर लिखते हैं : -

ईर्ष्या व्यक्तिगत होती है और स्पर्द्धा वस्तुगत।

अगर ईर्ष्या करने वालों का स्वभाव दूसरों का अच्छा नहीं देख पाना है तो बेहतर है कि ऐसे लोगों को अपने पास ना फटकने दिया जाए और अगर ऐसा संभव नहीं है तो उनकी उपेक्षा की जाए, लेकिन हां, इनकी ईर्ष्या दृष्टि के कारण अपने उत्सव या अपनी खुशी में खलल ना पड़ने दी जाए। जहां हँसी-खुशी और उत्सव है, वहाँ अप्रसन्न रहने वाले और ईर्ष्या करने वाले आएं ही क्यों? मशहूर शायर दाग़ देहलवी ने क्या खूब लिखा है:-

‘बज़्म में क्या काम जलने वालों का,
शब-ए-विसाल है, गुल कर दो चरागों को।’

## शब्द सामर्थ्य -190


(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं :**

1. पानी, नीर, अंबु 2. आना-जाना, आवागमन 5. बहुत, बढ़िया 6. दूर रहने वाला (घटना) जो वर्तमान में न घट सके 8. अबोध, नासमझ, अनाड़ी 10. सब्जी, शाक 11. निशान, उद्देश्य, अनुमान योग्य वस्तु 12. नाखून 13. द्रव पदार्थ 15. सुनसान, जनविहीन स्थान 16. चटकीला, चमकीला, चटपटा, गीरिया 18. भगवान, खुदा 19. इन दिनों, वर्तमान दिनों में 20. अग्नि, पावक 21. अन्नकण, अनाज का टुकड़ा 22. टालमटोल, बहाने बाजी 24. भैया की पत्नी 25. पांच से छोटी एक विषम संख्या 26. हत्या, कत्ल.

**ऊपर से नीचे**

1. दुनिया, संसार, ठोस रूप में परिवर्तित करना 2. चमक, पानी 3. बाजीगर, जादू का खेल दिखाने वाला 4. एक पंजाबी प्रेमगीत, रांझा की प्रेमिका 5. मार-काट, खून-कत्ल 7. भूमि, जमीन, भू-भाग 9. बहुत बड़ा दानी, 10. संगीत के सुरों की संख्या 14. लचीला, लोचयुक्त 17. खिसकना, अपने स्थान से हटना, विचलित होना 19. प्रवेश करना, पधारना, आना 20. धूप-दीप से पूजा 22. इसी समय 23. गुस्सा, कहर.



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 189 का हल**



## सू- दोकू क्र.190

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 8 | | 1 | | 7 | | |
| 4 | | 6 | | | 7 | | 5 | |
| | 3 | | | 6 | | 8 | | 9 |
| | | 3 | | | 1 | | 6 | |
| 5 | | | 6 | | | 9 | | |
| | | 9 | | 5 | | | 3 | |
| 3 | | | 7 | | 9 | | | 1 |
| | 5 | | | 2 | | 3 | 9 | |
| 1 | | 4 | | | 8 | | 7 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.189का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | 6 | 4 | 1 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 |
| 1 | 2 | 9 | 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 6 |
| 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 6 | 4 | 7 | 3 |
| 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 5 | 3 | 4 | 7 | 8 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 7 | 2 | 1 | 6 | 5 | 3 | 9 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 3 | 9 | 7 | 1 | 2 | 8 |
| 9 | 1 | 3 | 8 | 2 | 4 | 6 | 5 | 7 |

## सामयिक चर्चा

### जो समर्थ रहते हैं, वे घोषणा कर सकते हैं

अखबार उठाकर
खबर पढ़कर अपने आप
‘‘वाह! क्या बात है!’’ कहकर
बानी बोले - ‘‘सुनिए यार !
चुनाव से पहले
बिहार के युवाओं को
प्रधानमंत्री मोदी जी का तोहफा ।
हर माह मिलेंगे उन्हें
रूपए एक हजार !
तो गजाधर! चुनाव पूर्व के
मोदीजी के इस तोहफे को क्या हम,
‘रेवड़ी’ नहीं कह सकते हैं?
गजाधर! आप क्या कहते हैं?
गजाधर मुस्कराए, बोले-बानी!
यह बात सही है
कि चुनाव की तारीख के पहले
की गई रूपयों की घोषणा
रेवड़ी बिलकुल नहीं है।’’
बानी ने प्रतिवाद किया।
और सिर हिलाते हुए कह दिया -
‘‘भले आप आसन्न चुनाव पूर्व, बिहार के
युवाओं के लिए, रूपयों की घोषणा को
रेवड़ी न कहे, पर मुझे तो इसमें,
रेवड़ी की गंध आ रही है गजाधर!’’
गजाधर बोले हँसकर -
‘‘तुम्हारे दिल-दिमाग से जब
रेवड़ी जा ही नहीं रही है
तो फिर सुन लो बानी भाई!
समरथ को नहिं दोष गोसाई!’’



गिरीश बख्शी


## कविता

### आगे देवारी तिहार

तिहार आगे ग तिहार आगे जी,
लिपे पोते छाभे मूंदे के तिहार आगे।
मन मा खुशी अमागे ग,
जुरमिल के दिया बारे के,
तिहार आगे।
घर-घर गांव शहर पोतई बुता चलत हे।
दाई-माई दीदीमन छभई मुंदई करत हे।
गांव-गांव गली-गली अंजोर बगरत हे।
जगमग-जगमग दियना बरत हे।
जीवन मा सबके उजियार आगे जी,
लिपे पोते छाभे मूंदे के तिहार आगे।।
घर अंगना मा दिया खुशी के जलत हे।
प्रेम अउ मया के झरना झरत हे।
लछमी मइया के किरपा बरसत हे।
सुख अउ शांति घर मा उपजत हे।
घर-घर खुशी के बहार आगे जी,
करिया दानव ल भगाय बर
अंजोरी तिहार आगे जी।।
लड़ई झगरा अउ बैर ल भुलाय के।
एके जगह रहिके सुख-दुख ल गोठियाय के।
पारा परोस मा सुख बगराय के।
मया पिरित के दियना ल जलाय के।
तिहार आगे जी तिहार आगे न,
एकमई होके दिया बारे के तिहार आगे।
लिपे पोते छाभे मूंदे के तिहार आगे......


महदीप जंघेल
ग्राम-खमतराई, वि.खँ.-खैरागढ़
जिला-खैरागढ़ छुईखदान गंडई(छ.ग)

## राशिफल




**मेष**

आज आपका दिन उत्तम रहेगा। कुछ लोग आपको कंफ्यूज करने की कोशिश करेंगे। दूसरों की बातों में न आकर अपने निर्णय को ही सर्वोपरि रखें, इससे आपके कार्य बड़ी ही आसानी से पूरे होंगे। ऑफिस में अपने काम पर ध्यान देने से आप सम्मान के पात्र बने रहेंगे। मार्केटिंग से जुड़े लोगों को आज ज्यादा लाभ के योग बन रहे हैं।



**वृष राशि**

आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आप अपने काम पर पूरा फोकस बनाये रखें, जल्द ही भविष्य में अच्छा लाभ मिलेगा। बिजी शेड्यूल से थोड़ा समय बच्चों के लिए निकालेंगे, बच्चे अपने मन की बात आपसे शेयर करेंगे। लवमेट एक-दूसरे पर विश्वास बनाए रखें, रिश्ते में मजबूती बनी रहेगी। छात्रों को थोड़ी और मेहनत की जरूरत है।




**मिथुन**

आज आपका दिन अच्छा रहेगा। अपनी बातों से किसी को प्रभावित कर देंगे। समाज में किये गए सराहनीय काम को देखकर लोग आपसे कुछ अच्छा सीखेंगे, जिससे आपको गर्व होगा। शिक्षण संस्थान से जुड़े लोगों को ज्यादा लाभ होगा। स्टूडेंट अपने आप पर भरोसा बनाए रखें, जल्द ही सफलता मिलेगी।




**कर्क**

आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहेगा। आपका कोई काम जो काफी दिनों से रुका था, आज पूरा हो जाएगा। साथ ही आप काम करने के नए तरीकों पर विचार करेंगे। विद्यार्थियों द्वारा की गई मेहनत का शुभ परिणाम मिलेगा। जल्दबाजी में कोई भी निर्णय न लें, इससे बना बनाया काम बिगड़ सकता है।



**सिंह**

आज आपका दिन अच्छा रहेगा। मानवहित में किये गये कार्यों के कारण आपको सम्मान मिलेगा। गैर-जरूरी खर्चों पर रोक लगाकर आप बचत पर ध्यान देंगे। व्यवसायिक गतिविधियां मन मुताबिक चलेंगी। काम करने के तरीकों में बदलाव लाएंगे। आत्मविश्वास बनाए रखें। अवसर मिलने पर उसका फायदा उठाएं। काम पर ध्यान बनाए रखें।




**कन्या**

आज आपका दिन अनुकूल रहेगा। सरकारी नौकरी करने वाले अपने काम पर ज्यादा ध्यान दें। किसी से बहस की स्थिति बन सकती है, ऐसे में मौन रहना बेहतर होगा। पब्लिक प्लेस पर छवि खराब न होने दें। लवमेट के रिश्ते में मधुरता बनी रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कॉस्मेटिक का व्यापार कर रहे लोगों को बड़ा मुनाफा होगा।



**तुला**

आज आपका दिन उत्तम रहेगा। आपके काम करने के तरीकों से लोग प्रभावित होंगे और आपका अनुसरण करेंगे। आप जिम्मेदारियों को बखूबी निभाएंगे। बातचीत के दौरान अपनी निजी बातें शेयर न करें। कोर्ट से संबंधित कोई मामला चल रहा है तो उसके सुलझने की पूरी उम्मीद है।



**वृश्चिक**

आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। मित्रों से मन की बात शेयर करने से सुकून मिलेगा। आपको नई जानकारियां भी हासिल होंगी। रिश्तेदार से शुभ संदेश मिलेगा, जिससे खुशी दोगुनी होगी। बिजनेस में खास एग्रीमेंट होगा, लेकिन कॉम्पटीशन के दौर में कार्य करने के तरीकों में बदलाव जरूरी है।




**धनु**

आज आपका दिन सामान्य रहेगा। निजी कामों पर बाहरी लोगों का दखल न होने दें। भावनाओं में आकर कोई फैसला न लें। ज्यादा काम के कारण थकान हो सकती है।छोटी-छोटी परेशानियां जल्द दूर होंगी। व्यापार में मिली जिम्मेदारियों को सफलता से निभाएंगे। फर्नीचर व्यापारियों को उम्मीद से ज्यादा फायदा होगा।




**मकर**

आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। शाम का समय माता-पिता के साथ महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श करेंगे, जिससे अच्छा समाधान मिलेगा। किसी काम की शुरुआत करने से पहले शुभ मुहूर्त देखना बेहतर होगा। समाज में किये गए कार्यों से मान-सम्मान बढ़ेगा। कोई विश पूरी होगी जिससे खुशी मिलेगी।



**कुंभ**

आज का दिन परिवार के लिए नई खुशियां लेकर आया है। किसी अनुभवी से मिली सलाह फायदेमंद साबित होगी। काम को लेकर आपके सपने काफी हद तक पूरे होंगे। स्वयं को साबित करने के लिए बेहतर दिन है। परिवार में सामंजस्य से शांति का माहौल रहेगा। प्रकृति के बीच समय बिताने से फ्रेशनेस महसूस होगी।



**मीन**

आज का समय आपके लिए अच्छा है। पारिवारिक समस्या हल होगी और रुके काम में गति आएगी। सकारात्मक लोगों की सलाह फायदेमंद होगी। मेहनत का उचित फल जल्द मिलेगा। अफवाहों पर ध्यान न दें। ऑफिसियल यात्रा संभव है, जो शुभ होगी। जीवनसाथी के साथ डिनर प्लान करेंगे।

# राजकुमार भवानी बहादुर सिंह के साथ अन्याय किया तो आदिवासी समाज आंदोलन करने बाध्य होगा



० माँ बम्लेश्वरी की पूजा को लेकर विवाद गहराया, गोंड समाज ने दी आंदोलन की चेतावनी
० मामला - आदिवासी परंपरा अनुसार गर्भ गृह के भीतर जाकर गौड़ समाज द्वारा की गई पूजा को लेकर ट्रस्ट ने जताई थी आपत्ति

डोंगरगढ़ (दावा)। नवरात्र पर्व के दौरान नीचे मां बम्लेश्वरी मंदिर में गौड़ समाज द्वारा परंपरागत 'पंचमी भेंट' को लेकर उठा विवाद अब तूल पकड़ चुका है। शुक्रवार को गोंड समाज ने छीरपानी स्थित तहसील मुख्यालय में बैठक कर साफ चेतावनी दी है कि यदि मां बमलेश्वरी ट्रस्ट समिति द्वारा कुलदेवी मां बम्लेश्वरी देवी की आदिकाल से चले आ रही पूजा अर्चना में बाधा डाली गई और मंदिर के संस्थापक के वंशज खैरागढ़ राजघराने के राजकुमार भवानी बहादुर सिंह अथवा समाज के किसी भी सदस्य पर कार्रवाई हुई तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

गोंड महासभा के संचालक रमेश उईके ने कहा कि 26 सितंबर को हुई पंचमी भेंट का कार्यक्रम पूरी तरह शांतिपूर्ण संपन्न हुआ था। इसके बावजूद मीडिया में यह खबर फैलाई गई कि गोंड समाज ने जबरन पूजा की और गर्भगृह की मर्यादा का उल्लंघन किया, जबकि यह पूरी तरह निराधार है। उन्होंने कहा कि 'हम पुरातन परंपराओं को मानने वाले लोग हैं। किसी की आस्था को ठेस पहुँचाना हमारा उद्देश्य कभी नहीं रहा। लेकिन मंदिर ट्रस्ट और प्रशासन जानबूझकर इसे विवाद बना रहे हैं।

### ट्रस्ट चाहता तो मनोनीत सदस्य के रूप संस्थापक परिवार के सदस्य को स्थान दे सकते थे

बैठक में समाज ने यह भी आरोप लगाया कि मंदिर प्रबंधन के द्वारा गोंड समाज की उपेक्षा की जा रही है। उनका कहना है कि मंदिर का संचालन जिस ट्रस्ट समिति से होता है, उसकी नींव राजा विरेंद्र बहादुर सिंह ने रखी थी। मगर आज ट्रस्ट से उन्ही का परिवार और गोंड समाज को मंदिर प्रबंधन से बाहर कर दिया गया हैं। ट्रस्ट को यदि मंदिर के संस्थापक सदस्यों का सम्मान होता तो संस्थापक परिवार के सदस्य को मनोनीत सदस्य के रूप में ट्रस्ट में स्थान दिया जा सकता था। खैरागढ़ रियासतकाल से मंदिर में विराजमान मां बम्लेश्वरी देवी राजपरिवार की कुलदेवी रही है। इस वर्ष राजकुमार भवानी बहादुर सिंह गोंड समाज के साथ शामिल हुए थे। समाज के अध्यक्ष संतोष पड़ौती ने कहा कि 'राजा द्वारा कुलदेवी की पूजा करना कोई अपराध नहीं हो सकता। मगर हर बार यह आरोप लगाया जाता है कि गोंड समाज जबरन पूजा करता है। यह भ्रांति दूर करने की जिम्मेदारी प्रशासन की है।' गोंड समाज की मांग है कि प्रशासन तत्काल पहल कर ट्रस्ट और समाज के बीच मध्यस्थता कराए, ताकि हर साल उठने वाले विवाद को समाप्त किया जा सके।

### मंदिर ट्रस्ट की ओर से शिकायत की गई है, जांच प्रक्रियाधीन है - एसडीओपी

मंदिर ट्रस्ट ने राजा भवानी बहादुर सिंह और गोंड समाज के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है, जिस पर एसडीओपी आशीष कुंजाम ने कहा है कि मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### धार्मिक भावनाओं के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा - भवानी बहादुर सिंह

मां बम्लेश्वरी मंदिर के संस्थापक राजा कमल नारायण सिंह के वंशज व खैरागढ़ राजघराने के राजकुमार भवानी बहादुर सिंह ने कहा है कि, सनातन पर आस्था रखने वाले मूल निवासीयों की धार्मिक भावनाओं के साथ किया गया खिलवाड़ आदिवासी समाज बर्दाश्त नहीं करेगा। समाज का हर एक सदस्य देश व प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत जो आदिकाल से चली आ रही कि धार्मिक परंपराओं को जीवित रखने के लिए प्रतिबद्ध है, और इसे प्राप्त करने के लिए समाज के नेतृत्व में कानून के दायरे में रहकर अपने हक और अधिकार के लिए संघर्ष किया जाएगा।

# सरप्लस बिजली वाले राज्य में भाजपा सरकार लगातार बिजली दर में साय साय कर रही वृद्धि - छन्नी साहू



400 यूनिट बिजली बिल हाफ योजना बंद के विरोध में विद्युत कार्यालय का किया घेराव

छुरिया (दावा)। सरप्लस बिजली वाले राज्य छत्तीसगढ़ में भाजपा की साय सरकार द्वारा लगातार बिजली दर में साय साय वृद्धि एवं 400 यूनिट बिजली बिल हाफ योजना बंद के विरोध में छत्तीसगढ़ का देश कांग्रेस कमेटी के आह्वान में जिला कांग्रेस कमेटी आदेशानुसार, छुरिया ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के विधायक भोलाराम साहू, पूर्व विधायक श्रीमती छन्नी साहू की गरिमामय उपस्थिति में आज छुरिया नगर स्थित विद्युत कार्यालय का घेराव कर ताला लगाकर विरोध दर्ज करते हुए बिजनी बिल कम करने के लिए महामहिम राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

कार्यक्रम में प्रमुख रुप से ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रितेश जैन, जिला कांग्रेस प्रवक्ता राहुल तिवारी, जिला संयुक्त महामंत्री विपिन यादव, कार्यकारी ब्लाक अध्यक्ष राजकुमार सिन्हा, अन्य पिछड़ा वर्ग प्राधिकरण के पूर्व सदस्य मनोज सिन्हा, ब्लाक अध्यक्ष महिला कांग्रेस चंद्रिका वर्मा, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष राजकुमारी सिन्हा, जनपद सदस्य सीमा यादव, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील लारोकर, पूर्व पार्षद राधेश्याम ठाकुर, पूर्व एल्डरमैन शकील कुरेशी, ब्लाक कांग्रेस महामंत्री संजीव गुप्ता, वरिष्ठ कांग्रेस नेता जावेद मेमन, ब्लाक कांग्रेस सचिव अमित अग्रवाल, प्रदीप पटेल, श्रीमती पुष्पा सिन्हा, पार्षद रोशन रजक, पार्षद दीपक जगने, पार्षद वसीम कुरेशी, गौचरण साहू सहित सैकड़ों की तादाद में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## पहला कॉलम...

# छत्तीसगढ़ लोधी समाज की कोर कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक में सम्मिलित हुए विष्णु लोधी

### समाज हित में हुई महत्वपूर्ण चर्चा और निर्णय, एकता, संगठन और पारदर्शिता पर दिया गया विशेष जोर



डोंगरगढ़ (दावा)। छत्तीसगढ़ लोधी समाज की कोर कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक शनिवार को धमधा में सम्पन्न हुई। बैठक में प्रदेशभर के विभिन्न जिलों के जिला अध्यक्षों एवं प्रदेश पदाधिकारियों की गरिमामय उपस्थिति रही। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ लोधी समाज के प्रदेश कोषाध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता विष्णु लोधी भी उपस्थित रहे।

श्री लोधी ने अपने उद्बोधन में कहा ङ्कसमाज तभी सशक्त बन सकता है जब हम सब मिलकर ईमानदारी, एकजुटता और सेवा भावना से कार्य करें। संगठन की मजबूती ही समाज की उन्नति का आधार है।उन्होंने आगे कहा कि समाज की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करने हेतु प्रत्येक सदस्य को अपनी आय के अनुसार नियमित योगदान देना चाहिए, ताकि समाज के कार्य और सेवा गतिविधियाँ सुचारू रूप से संचालित हो सकें। इस दिशा में विष्णु लोधी ने 500 रु. प्रतिमाह का योगदान स्वयं प्रारंभ करने की घोषणा कर समाजजनों को प्रेरित किया। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम वर्मा ने की, जबकि संचालन प्रदेश महामंत्री कृष्ण कुमार सिगौर द्वारा किया गया। सभी प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित हुए।

### बैठक में महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए

बैठक में संगठनात्मक विषयों पर विस्तृत चर्चा करते हुए निम्न महत्वपूर्ण निर्णय लिया। जिसमें 18 जून 2025 को जारी कार्यकाल हस्तांतरण से संबंधित प्रक्रिया की समीक्षा। संस्था के नाम से प्राप्त पैन नंबर के अनुमोदन एवं उपयोग की स्वीकृति। भारतीय स्टेट बैंक, डोंगरगढ़ में समाज के नाम से बैंक खाता खोलने एवं संचालन का निर्णय। पंजीयन नवीनीकरण हेतु पत्र क्रमांक 1255 दिनांक 11 सितंबर 2025 के प्रत्युत्तर पर विचार। खैरागढ़ में 0.65 डिसमिल भूमि से संबंधित विषय पर चर्चा। समाजहित पर अन्य विषयों में निर्णय एवं अन्य आवश्यक विषयों पर विचार-विमर्श कर समाज के विकास हेतु ठोस रणनीति बनाई गई।

बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों ने समाज के नाम से चल रहे कार्यों को पारदर्शी, संगठित और सशक्त रूप से आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। एकता, सेवा और संगठन के प्रति समर्पण ही इस बैठक की सबसे बड़ी उपलब्धि रही।

# आलकन्हार ने जीता दुर्गा मोती क्रिकेट चैम्पियनशिप 2025 का खिताब



अम्बागढ़ चौकी (दावा)। विकास खंड के ग्राम देवरसुर में 25 सितंबर से आयोजित दुर्गा मोती क्रिकेट चैम्पियनशिप 2025 का फाइनल मुकाबला 3 अक्टूबर को खेला गया। रोमांचक फाइनल में आलकन्हार क्रिकेट क्लब ने कोरचाटोला को तीन विकेट से हराकर चैम्पियनशिप का खिताब अपने नाम किया। विजेता टीम को 7 हजार रुपये का नकद पुरस्कार और चैम्पियनशिप कप प्रदान किया गया।

8 दिनों तक चले इस टूर्नामेंट में 52 क्रिकेट टीमों ने हिस्सा लिया। लगातार बारिश के बावजूद सभी टीमों ने क्रिकेट के प्रति अपने जुनून और समर्पण का शानदार प्रदर्शन किया। फाइनल मैच में मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य सविता सोरी ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा, क्रिकेट राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है। युवाओं को खेल के साथ-साथ राष्ट्रहित में भी योगदान देना चाहिए। विशेष अतिथि सेवानिवृत्त वित्त नियंत्रक तिलक सोरी ने खिलाड़ियों को अपने कार्य में उत्कृष्टता लाने की सलाह दी।

कार्यक्रम अतिथि के रूप में इंजीनियर किशोर ठाकुर, भाजपा मंडल अध्यक्ष संदीप साहू, भायुमो के देवेंद्र सिन्हा, सरपंच श्रीमती सीमा कोर्राम, पटेल हरि सलामें, वरिष्ठ नागरिक नारायण सलामें, जलसु बोगा मुनीम सलामें सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक व संरक्षक अंगद सलामें ने किया, जबकि अध्यक्षता दिनेश मेश्राम ने की।

टूर्नामेंट की सफलता में मां दुर्गा मोती क्रिकेट क्लब के जितेंद्र सलामें, प्रवीण कुंजाम, फनीश मंडावी,दादु मंडावी महेंद्र जुरेशिया, केशव धुर्वा तथा देवरसुर के सभी युवाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा। यह आयोजन न केवल खेल के उत्साह को बढ़ावा देने में सफल रहा, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में युवाओं की प्रतिभा को सामने लाने का एक शानदार मंच भी साबित हुआ।

# कल बोईरडीह में शरद पूर्णिमा पर होगा दशहरा उत्सव



हरदी (दावा)। जिले के अंतिम छोर में बसे ग्राम पंचायत रानीतराई रोड के आश्रित ग्राम बोईरडीह में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 7 अक्टूबर शरद पूर्णिमा को भव्य दशहरा मनाया जाएगा। गांव वाले इस उत्सव को लगभग 95 वर्षों से मनाते आ रहे हैं। गांव के पंडित आचार्य त्रिलोकी शर्मा ने बताया कि अंचल में यहां का दशहरा काफी प्रसिद्ध है, दूरदराज से लोग इस दशहरा उत्सव में शामिल होने आते हैं गांव में 1968 से रावण की क्रांकिट से बने 20 फीट मूर्ति स्थापित की गई है दशहरे के दिन ढोल नगाड़े के साथ राम लक्ष्मण व उसकी सेना जय श्री राम के जयकारे लगाते हुए झांकी रूपी हाथी में सवार होकर रावण की मूर्ति के पास पहुंचकर अग्निबाण छोड़ने की रस्म अदा करते हैं, गांव के रामलीला मंडली द्वारा राम रावण संवाद का मंचन करेगी। रावण की भूमिका ब्राह्मण परिवार से ही करते चले आ रहे हैं साथ ही रात्रि में दशहरा उत्सव के बाद लोगों के मनोरंजन के लिए महतारी के आंसू छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी संसारगढ़ मानपुर मोहला वालों की प्रस्तुति होगी।

# विजयादशमी पर्व पर किया 50 फीट ऊंचे रावण का दहन



अंबागढ़ चौकी (दावा)। नगर में विजयादशमी पर्व परंपरानुरूप हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी चिल्हाटी रोड स्थित कॉलेज ग्राउंड में दशहरा उत्सव समिति द्वारा भव्य आतिशबाजी के साथ 50 फीट ऊंचे रावण का दहन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक श्रीमती छन्नी चंदू साहू तथा विशेष अतिथि के रूप में नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी उपस्थित रहे। उत्सव का शुभारंभ शाम 7 बजे से हुआ। आरंभ में गोपलीनचुवा की प्रसिद्ध रामधुनी मंडली द्वारा ढाई घंटे तक मनमोहक रामलीला का मंचन किया गया। इसके पश्चात लगभग आधे घंटे तक आकर्षक आतिशबाजी ने दर्शकों का मन मोह लिया। रावण दहन के इस अवसर पर नगर एवं आसपास के क्षेत्रों से हजारों की संख्या में नागरिक एकत्र हुए। मंच से संबोधित करते हुए पूर्व विधायक छन्नी साहू एवं नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने विजयादशमी की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि ÷रावण जैसा ज्ञानी और शक्तिशाली व्यक्ति भी अपने अहंकार और आसुरी प्रवृत्तियों के कारण पतन को प्राप्त हुआ। यह पर्व हमें अपने भीतर बसे अहंकार, क्रोध, लोभ, मोह, ईर्ष्या, द्वेष और छल जैसे रावणों को खत्म करने का संदेश देता है।÷ दशहरा उत्सव को सफल बनाने में आयोजन समिति के अध्यक्ष पार्षद विनोद डेहरिया, पार्षद शंकर निषाद, शमीमुद्दीन कुरैशी सहित समिति के अनेक सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।

# झालाटोला में शराब, जुआ-सट्टा और ताश पर प्रतिबंध, गांव में हुई चमाचम बैठक, सर्वसम्मति से लिया गया निर्णय



राजनांदगांव (दावा)। जिले के हर ग्राम पंचायत में पूर्ण शराबबंदी का निर्णय लिया जा रहा है जो की एक सराहनीय कार्य है क्योंकि युवाओं एवं छोटे बच्चों में इसकी लत को देखते हुए ग्रामीणजन अब कड़े निर्णय ले रहे हैं इसी कड़ी में खुज्जी विधानसभा अंतर्गत छुरिया ब्लाक मुख्यालय से लगभग 10 किलोमीटर दूर ग्राम झालाटोला, पोस्ट भोलापुर में ग्रामीण सर्व समाज की एक अत्यंत महत्वपूर्ण सार्वजनिक बैठक आहूत की गई थी। बैठक में नशा मुक्ति अभियान को लेकर सभी समाज के उपस्थित प्रबुद्ध जनों ने विशेष तौर पर चर्चा कर इस बात पर जोर दिया कि ग्राम में किसी भी सूरत में शराब सेवन, ताश, जुआ सट्टा आदि किसी भी सूरत में अवैध गतिविधियां बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

ग्राम प्रमुख गैंदलाल साहू, उपसरपंच संतोष धनगावी एवं ग्राम पटेल खिलावन साहू संयुक्त रूप से बताया कि शराब सेवन एवं सट्टा बाजी के प्रभाव से गांव के बच्चे, बुजुर्ग, युवा सहित सभी पर इसका बुरा प्रभाव पड़ रहा है।

गांव के युवा और नौजवान अपने कमाई का आधा हिस्सा शराब सेवन और सट्टा जुआ जैसे गलत व असामाजिक गतिविधियों में लगा रहे हैं। जिससे परिवार टूट व बिखर रहा है। गांव की महिलाओं पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। शराब सेवन के कारण परिवार में पति-पत्नी एवं बच्चों के बीच आए दिन बाद विवाद होते रहता है। विवाद के कारण परिवार टूट जाता है।

इन्हीं सभी मामलों को लेकर आज सर्व समाज के सदस्यों एवं ग्रामीणों के बीच सार्वजनिक बैठक संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि गांव में कोई भी व्यक्ति नशीली पदार्थ जैसे शराब, गांजा आदि का विक्रय नहीं करेगा। विक्रय किए जाने पर उसे एक निश्चित राशि दंड के स्वरूप में देना पड़ेगा। शराब सेवन कर कोई भी व्यक्ति गांव में वाद विवाद या झगड़ा लड़ाई नहीं करेगा। ऐसा किए जाने पर वह दंड का भागी होगा। कोई व्यक्ति यदि शराब बेचते पाया गया तो उसे दंड के रूप में 25000 रु.(पच्चीस हजार रुपए) लिया जाएगा। इसी प्रकार शराब खरीदते पाए जाने पर चाहे वह गांव का हो या बाहर के व्यक्ति हो उसे 15000 रु. (पंद्रह हजार रुपए) आर्थिक दंड लिया जाएगा। कोई भी व्यक्ति शराब पीकर गाली गलौच करते पाए जाने पर उसे 15000/- (पंद्रह हजार रुपए) दंड का प्रावधान है। तास जुआ खेलने पर जुआरी को 5000/- (पांच हजार रुपए) दंड लिया जाएगा। जो कोई भी व्यक्ति ऐसे आरोपियों की सूचना देगा। उसे अर्थात सूचना देने वाले व्यक्ति को 5000/- (पांच हजार रुपए) का नगद पुरस्कार दिया जाएगा।

ग्रामीणों की उक्त बैठक में ग्राम प्रमुख गैंदलाल साहू, उपसरपंच संतोष धनगावी, ग्राम पटेल खिलावन साहू, विष्णु साहू पंच, राजेंद्र साहू, चंद्रशेखर साहू, झालसिंह, रामचरण, वीरेंद्र साहू, रूपलाल, नोहर, हुलेरा राम, हरिराम, चुम्मन लाल, बृजलाल, अहीर राम, नेतराम, गेंदलाल साहू, संतोष, विष्णुराम, खिलावन साहू, राजेंद्र, पुनाराम, परदेशी, वीरेंद्र, नोहर, जेठूराम साहू, नारायण धनगावी, धन्नू राम साहू, खोरबाहरा, विनोद, राजूराम, प्रीत साहू सहित ग्राम के प्रत्येक परिवार से परिवार मुखिया अथवा एक सदस्य उपस्थित थे।

### आज निःशुल्क दवायुक्त खीर का वितरण

डोंगरगांव (दावा)। शरद पूर्णिमा के अवसर पर इस वर्ष भी नगर के कॉलेज रोड स्थित मां दुर्गा मंदिर प्रांगण में दवा युक्त खीर का निःशुल्क वितरण 6 अक्टूबर सोमवार को किया जाएगा. शिव आरोग्य निकेतन के संचालक वैद्य महेश गंजीर ने उक्ताशय की जानकारी देते हुए बताया कि शरद पूर्णिमा को रात्रि 12 बजे से इस दवा युक्त खीर का वितरण किया जाएगा. शरद पूर्णिमा के अवसर पर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करने हेतु दवायुक्त खीर ग्रहण करने का अपना अलग ही महत्व है. श्री गंजीर ने बताया कि शरद पूर्णिमा के अवसर पर प्रतिवर्ष वन औषधीय से युक्त खीर वितरण किया जाता है. इस दवा युक्त खीर को खाने से पुरानी से पुरानी खांसी, मधुमेह, हाई ब्लडप्रेशर सहित अनेक प्रकार की बीमारियों से निजात मिलती है. उन्होंने नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र के धर्म प्रेमी नागरिकों से आवश्यक रूप से दवायुक्त खीर वितरण का लाभ लेने का आग्रह किया है.

# मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा देकर चली आ रही परंपरा का निर्वहन करें ट्रस्ट समिति - रघुवर अग्रवाल



० 2021 में तत्कालीन ट्रस्ट समिति द्वारा मृतक के परिजन को दी गई थी 5 लाख की आर्थिक सहायता और मासिक पेंशन की सुविधा- रवि अग्रवाल
० मामला - ज्योति कलश कक्ष में सेवारत आदिवासी युवक शीतल नेताम की आकस्मिक मृत्यु का

डोंगरगढ़ (दावा)। नवरात्र पर्व के दौरान ज्योति कलश कक्ष में सेवारत आदिवासी युवक की आकस्मिक मृत्यु पर अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व मां बमलेश्वरी ट्रस्ट समिति के पूर्व उपाध्यक्ष रघुवर अग्रवाल ने कहा है कि मंदिर में सेवारत सभी मजदूर पूरी श्रद्धा भक्ति के साथ मंदिर प्रबंधन द्वारा दिए गए दी गई जिम्मेदारी का निर्वहन करते आ रहे हैं।इस दौरान यदि उन मजदूरों के साथ किसी भी प्रकार की घटना - दुर्घटना होती है तो यह ट्रस्ट समिति की जिम्मेदारी हो जाती है कि ट्रस्ट समिति उनके परिवार को यथासंभव सहयोग प्रदान करें।

श्री अग्रवाल ने वर्ष 2021-22 की घटना का उल्लेख करते हुए बताया कि रोपवे ट्राली से नीचे आ रहे मजदूर युवक की रोपवे दुर्घटना में मौत हो गई थी। तत्कालीन ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष नारायण अग्रवाल, मंत्री नवनीत तिवारी एवं ट्रस्ट समिति के सम्मानित सदस्यों की सहमति से मृतक के परिजनों को ट्रस्ट की ओर से 5 लाख रुपए की आर्थिक सहायता एवं मृतक की पत्नी को 3 हजार रुपए मासिक पेंशन देने का निर्णय लिया गया था। श्री अग्रवाल ने ट्रस्ट समिति से मांग की है कि, 2021 में तत्कालीन ट्रस्ट समिति द्वारा लिए गए निर्णय से प्रेरणा लेकर मृतक के परिजन को आज की स्थिति के हिसाब में उचित मुआवजा एवं मासिक पेंशन की सुविधा प्रदान कर पीड़ित परिवार को राहत दी जाय, ताकि मां बमलेश्वरी के भक्तों की सेवा में सेवारत अन्य मजदूर पूरी श्रद्धा भक्ति के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते रहे।

### वर्ष 2021 में मृतक परिवार को न्याय दिलाने की मांग को स्वीकार किया था ट्रस्ट समिति ने - रवि अग्रवाल

वर्ष 2021 में घटित घटना को याद करते हुए क्षेत्र के तत्कालीन जनपद सदस्य रवि अग्रवाल ने बताया कि, रोपवे की माल वाहक ट्राली के अचानक टूटने से ग्राम हरनसिंघी निवासी गोपी चंद्र पड़ोती वार्ड पंच की दुर्घटना मे मृत्यु हो गई थी। पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान करने एवं तत्कालीन ट्रस्ट समिति को अपनी जिम्मेदारी का एहसास दिलाने रात मे ही ग्रामीणों ने सरकारी अस्पताल पहुंच कर आक्रोश व्यक्त किया था !सुबह पोस्ट मार्टम के पहले ही ग्रामीण मां बमलेश्वरी परिसर स्थित छिरपानी कार्यालय मे बड़ी संख्या मे पहुंच कर मंदिर जाने वाले दर्शनार्थियों का रास्ता जाम कर सीढ़ी मे बैठ गए थे। मंदिर ट्रस्ट द्वारा असामान्य स्थिति को देखते हुए तत्काल पुलिस व्यवस्था की गई थी। ग्राम प्रमुखों एवं क्षेत्र का जनपद सदस्य होने के नाते हमारी मध्यस्था से ट्रस्ट मंडल ने समझौता के तौर पर मृतक के परिवार को पांच लाख का चेक प्रदान किया था और मृतक की पत्नी को पेंशन के बतौर 3000 रु. मासिक देने पर सहमति बनी थी।

# महाविद्यालय शिक्षा व्यवस्था पर नगर पंचायत उपाध्यक्ष व भजपा अध्यक्ष ने की चर्चा



अम्बागढ़ चौकी (दावा)। नगर के लाल चक्रधर शाह महाविद्यालय के प्राचार्य के.आर. मंडावी एवं प्रोफेसर जयराम परतेती के साथ बैठक कर नगर पंचायत उपाध्यक्ष पवन गुप्ता व भाजपा मंडल अध्यक्ष आशीष द्विवेदी ने कालेज की व्यवस्था एवं छात्र छात्राओं के अध्ययन पर विचार विमर्श किया व शिक्षा, खेल एनसीसी की सुविधा व्यवस्था का अवलोकन किया। जिस पर कालेज प्राचार्य मंडावी व परतेती ने बताया कि जनभागीदारी समिति के माध्यम से जो कार्य महाविद्यालय विकास के लिए होता है व शिक्षा की सहज सुविधा उपलब्ध के लिए होता है। वह जनभागीदारी समिति नहीं होने से स्थगित है, जिसे गति प्रदान करने जल्द ही जनभागीदारी समिति का गठन करवाने की बात कही। जिस पर नगर पंचायत उपाध्यक्ष पवन गुप्ता व मंडल भाजपा अध्यक्ष आशीष द्विवेदी ने इस पर जल्दी ही जनभागीदारी के गठन के लिए आश्वस्त किया। जल्द ही क्रियान्वयन होने की बात कही। प्रभारी मंत्री व उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा से इस संबंध में बात रखकर नगर कालेज शिक्षा हेतु जनभागीदारी समिति के लिए चर्चा कर विकास करने आश्वस्त किया। कॉलेज की सभी कक्षाओं में सभी विषयों का अध्यापन कार्य सुदृढ़ तरीके से करवाने के लिए निर्देशित किया। कॉलेज प्राचार्य कक्ष में साथ में पूर्व मंडल अध्यक्ष गुलाब गोस्वामी, वरिष्ठ समाजसेवी राजू खंडेलवाल, सभापति ईश्वरी धुर्वे, पार्षद दिलीप कुंभकार पार्षद कविता यादव साथ में उपस्थित रहे।

# पहला कॉलम...

## भूकंप के तेज झटकों से कांपा जापान

नई दिल्ली। जापान की धरती एक बार फिर भूकंप के तेज झटकों से कांप गई. भूकंप जापान के होन्शू में पूर्वी तट के पास आया, जिसकी तीव्रता रिक्टर स्केल पर 6 रही. नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी में भूकंप की पुष्टि की और बताया कि भूकंप का केंद्र ताकासाकी शहर से लगभग 262 किलोमीटर दूर उत्तर-पूर्व में धरती के नीचे 50 किलोमीटर की गहराई में मिला है. हालांकि जापान वेदर एजेंसी ने सुनामी का अलर्ट जारी नहीं किया है, लेकिन लोगों में दहशत फैली हुई है.

बता दें कि जापान के स्थानीय समय के अनुसार, 5 अक्टूबर की सुबह 12 बजकर 21 मिनट पर आया था, जिसके झटके टोक्यो, सेन्डाई और इवाकी शहरों तक महसूस किए गए. हालांकि इन शहरों में भूकंप के हल्के झटके लगे, लेकिन लोगों ने भूकंप का कंपन महसूस किया और वे अपने घरों से बाहर निकल आए थे. भूकंप से किसी तरह के जानी नुकसान की खबर नहीं है, लेकिन कई घरों और इमारतों में दरारें आने की सूचना मिली है. पुलिस-प्रशासन ने लोगों से सतर्क रहने की अपील की है.

बता दें कि जापान प्रशांत महासागर के ‘रिंग ऑफ फायर’ के किनारे बसा है, जो ज्वालामुखी क्षेत्र में होने के कारण भूकंप के मद्देनजर बेहद संवेदनशील एरिया है. जापान 4 प्रमुख टेक्टोनिक प्लेट्स के जंक्शन प्रशांत प्लेट, फिलीपींस सागरीय प्लेट, यूरेशियन प्लेट और नॉर्थ अमेरिकी प्लेट पर बसा है. इन प्लेट्स के आपस में टकराने, खिसकने या नीचे धंसने से निकलने वाली तरंगें धरती पर भूकंप का कारण बनती हैं. क्योंकि 4 प्लेट्स आपस में टकराती हैं तो तरंगें ज्यादा निकलती हैं.

## डोनाल्ड ट्रंप को कोर्ट ने दिया झटका, पोर्टलैंड में 200 नेशनल गार्ड तैनात पर लगाई रोक

नई दिल्ली। अमेरिकी कोर्ट ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को झटका देते हुए उनके पोर्टलैंड में 200 नेशनल गार्ड तैनात करने के आदेश पर रोक लगा दी है. राष्ट्रपति ट्रंप प्रदर्शनकारियों से सरकारी भवनों की सुरक्षा के लिए पोर्टलैंड के ओरेगन में 200 नेशनल गार्ड तैनात करना चाहते हैं, लेकिन उनके आदेश के खिलाफ पोर्टलैंड की संघीय अदालत ने याचिका दायर की गई थी, जिस पर फैसला आ गया है और कोर्ट ने नेशनल गार्ड की तैनाती पर अस्थायी रोक लगा दी है.

बता दें कि राष्ट्रपति ट्रंप के आदेश को पोर्टलैंड के ओरेगन शहर के अटॉर्नी जनरल डेन रेफील्ड ने कोर्ट में चुनौती दी थी. वहीं उनकी याचिका पर जज करिन इम्मरगट ने सुनवाई की, जिनकी नियुक्त राष्ट्रपति ट्रंप के पहले कार्यकाल में हुई थी. रेफील्ड में अपनी याचिका में दलील दी थी कि राष्ट्रपति ट्रंप विरोध प्रदर्शन को नकारात्मक तरीके से पेश कर रहे हैं, क्योंकि यह विरोध उनकी इमिग्रेशन पॉलिसी के खिलाफ चल रहा है और शांतिपूर्ण तरीके से चल रहा है. किसी तरह की आक्रामकता नहीं है.

## अमेरिकी फौज के लिए नया फरमान, दाढ़ी रखना हुआ बैन

नई दिल्ली। अपने फैसलों को लेकर चर्चाओं में रहने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति ने फिर एक फैसला लिया है। लेकिन उनका यह फैसला किसी दूसरे देश के लिए नहीं बल्कि अपने देश के लिए ही है। ट्रंप सरकार ने अमेरिका में सैनिकों को दाढ़ी रखने पर बैन लगा दिया है। अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने इसके लिए आदेश जारी कर दिया है। पीट हेगसेथ ने इस आदेश के पीछे अनुशासन को बहाल करने के लिए जरुरी बताया है। अमेरिकी सेना की सभी शाखाओं को इस नीति को 60 दिनों के अंदर लागू करने का आदेश दिया है।

सिख और मुस्लिमों में दाढ़ी रखना धार्मिक कारण भी है। ट्रंप के सरकार ने इस आदेश का सबसे ज्यादा इन्हीं पर असर पड़ेगा। हालांकि अमेरिकी सेना में सिख कम मात्रा में हैं। वहीं मुस्लिम सैनिकों की संख्या की करीब 6 हजार है। ट्रंप की सख्त ग्रूमिंग नीति के तहत अब अमेरिकी सेना में कोई भी दाढ़ी नहीं रख सकेगा।

## एयर इंडिया के विमान की बर्मिंघम में इमरजेंसी लैंडिंग

लंदनः बर्मिंघम में एयर इंडिया के एक विमान की इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी है। इस फ्लाइट ने अमृतसर से ब्रिटेन के लिए उड़ान भरी थी। इमरजेंसी लैंडिंग के बाद सभी यात्री सुरक्षित हैं। एयर इंडिया की अमृतसर से बर्मिंघम (य) जाने वाली फ्लाइट के संचालन दल ने बताया कि यह घटना 4 अक्तूबर की है। गल्फ न्यूज के अनुसार लैंडिंग से ठीक पहले बोइंग 787 विमान की रैम एयर टरबाइन (ऋञ्ज) अचानक सक्रिय हो गई, लेकिन इसके बावजूद विमान सुरक्षित रूप से बर्मिंघम में लैंड कर गया। रैट का अचानक सक्रिय होना दोनों इंजन फेल होने समेत कई अन्य संकेत देता है।

एयर इंडिया ने बताया कि सभी यात्रियों को सुरक्षित लैंड कराया गया है। रैम एयर टरबाइन (ऋञ्ज) आपात स्थिति में अपने आप सक्रिय हो जाती है, खासकर जब विमान के दोनों इंजन फेल हो जाएं या इलेक्ट्रॉनिक या हाइड्रोलिक सिस्टम पूरी तरह से बंद हो जाए। यह टरबाइन हवा की गति से बिजली पैदा कर आपातकालीन ऊर्जा प्रदान करती है। अचानक रैट के सक्रिय होने से किसी अनहोनी के अंदेशे ने सबके अंदर डर पैदा कर दिया। मगर विमान सुरक्षित लैंड कर गया। इससे सभी लोगों ने राहत की सांस ली।

# भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ बरकरार रखा अजेय रहने का रिकॉर्ड, गेंदबाजों के दम पर हासिल की जीत



कोलंबो। भारत ने पाकिस्तान को 88 रन से हराकर महिला विश्व कप में अपना अभियान जारी रखा है। इससे पहले हरमनप्रीत कौर के नेतृत्व वाली टीम ने श्रीलंका को हराया था। रविवार को कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम पर खेले गए मुकाबले में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 247 रन बनाए। जवाब में पाकिस्तान की टीम 43 ओवर में 159 रन ही बना पाई और ऑलआउट हो गई। भारत के लिए इस मैच में क्रांति गौड़ और दीप्ति शर्मा ने तीन-तीन विकेट झटके जबकि स्नेह राणा को दो सफलताएं मिलीं।

इस जीत के साथ भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ महिला वनडे में 11-0 के रिकॉर्ड में सुधार कर लिया है और अब भारतीय टीम के नाम पाकिस्तान के खिलाफ 12 मैचों में जीत दर्ज हो गई है। लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान की शुरुआत बेहद खराब रही। ओपनर मुनीबा अली (2) का रनआउट होना मैच का पहला बड़ा मोड़ साबित हुआ। उन्होंने क्रांति गौड़ की गेंद पर एलबीडब्ल्यू से बचने के बाद थोड़ी देर क्रीज से बाहर कदम रखा और उसी वक्त दीप्ति शर्मा ने शानदार डायरेक्ट हिट से उन्हें रन आउट कर दिया। इसके बाद क्रांति गौड़ (3/20) ने लगातार दो झटके देकर पाकिस्तान को संकट में डाल दिया। उन्होंने पहले सदफ शमास (6) को कैच आउट कराया और फिर आलिया रियाज (2) को बोल्ड कर दिया। पाकिस्तान का स्कोर उस समय 26/3 था।

इसी बीच सिदरा अमीन (81) ने एक छोर संभाले रखा और नतालिया परवेज (33) के साथ मिलकर 69 रन की साझेदारी कर टीम को संभालने की कोशिश की। लेकिन जैसे ही यह साझेदारी टूटी, भारतीय स्पिनरों ने मैच पर पूरी पकड़ बना ली। दीप्ति शर्मा और स्नेह राणा ने मिलकर मिडिल ऑर्डर को तहस-नहस कर दिया। सिदरा अमीन ने धैर्यपूर्वक 106 गेंदों पर 81 रन बनाए, लेकिन उनके आउट होते ही पाकिस्तान की आखिरी उम्मीद भी खत्म हो गई। आखिरकार पूरी टीम 43वें ओवर में 159 रन पर ढेर हो गई, और भारत ने मैच 88 रन से जीत लिया। भारत की तरफ से क्रांति गौड़ (3 विकेट) और दीप्ति शर्मा (3 विकेट) सबसे सफल गेंदबाज रहीं, जबकि स्नेह राणा ने दो विकेट लिए।

## रोहित को वनडे कप्तानी से हटाए जाने के बाद नाखुश हुए हरभजन सिंह

नई दिल्ली। शुभमन गिल को रोहित शर्मा की जगह वनडे टीम का नया कप्तान बनाया गया है। सेलेक्टर्स वनडे वर्ल्ड कप 2027 के लिए अभी से ही गिल को तैयार करना चाहते थे। इसी वजह से उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। लेकिन रोहित को वनडे कप्तान पद से हटाए जाने के बाद पूर्व भारतीय खिलाड़ी हरभजन सिंह खुश नहीं दिखाई दिए हैं। उनका मानना है कि रोहित थोड़े और समय तक कप्तान बने रह सकते थे।



हरभजन सिंह ने कहा कि शुभमन गिल को बधाई। निश्चित रूप से वह टेस्ट क्रिकेट में टीम का अच्छा नेतृत्व कर रहे हैं और अब उन्हें एक और जिम्मेदारी दी गई है। रोहित ऐसे खिलाड़ी हैं जिनका सफेद गेंद वाले क्रिकेट में बहुत अच्छा रिकॉर्ड है। रोहित को कप्तान नहीं देखना मेरे लिए थोड़ा चौंकाने वाला है। अगर आप रोहित को चुन रहे हैं तो उन्हें कप्तान बनाएं क्योंकि उन्होंने हाल में आपको आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी दिलाई है।

हरभजन सिंह ने कहा कि रोहित शर्मा सफेद गेंद के फॉर्मेट में भारतीय क्रिकेट के स्तंभों में से एक रहे हैं।

मुझे लगता है कि उन्हें कम से कम इस दौरे पर तो मौका मिलना चाहिए था। अगर सेलेक्टर्स 2027 के वनडे विश्व कप के बारे में सोच रहे हैं, तो वह अभी बहुत दूर है।

## रणजी चैंपियन विदर्भ ने शेष भारत को हराकर जीता ईरानी कप का खिताब, ढुल की पारी पर भारी पड़े हर्ष दुबे



नई दिल्ली। हर्ष दुबे की शानदार गेंदबाजी की मदद से रणजी चैंपियन विदर्भ ने शेष भारत को 93 रनों से हराकर ईरान कप का खिताब अपने नाम कर लिया। विदर्भ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी में 342 रन बनाए और शेष भारत की पहली पारी 214 रन पर ऑलआउट कर दी। इस तरह विदर्भ ने पहली पारी में 128 रनों की बढ़त हासिल की। विदर्भ ने फिर दूसरी पारी में 232 रन बनाए और शेष भारत को 361 रनों का लक्ष्य दिया। हालांकि, शेष भारत की टीम दूसरी पारी में 267 रन पर ऑलआउट हो गई और उसे हार का सामना करना पड़ा।

विदर्भ के खिलाफ लक्ष्य का पीछा करते हुए शेष भारत की बल्लेबाजी अच्छी नहीं रही और उसने पांच विकेट 80 रन पर ही गंवा दिए। इसके बाद यश ढुल ने मोर्चा संभाला और टीम को लक्ष्य के करीब तक पहुंचाने का प्रयास किया। ढुल ने अर्धशतक लगाया और वह शतक की ओर बढ़ रहे थे, लेकिन यश ठाकुर ने उन्हें आउट कर शतक लगाने से रोक दिया।

ढुल 117 गेंदों पर आठ चौकों और एक छक्के की मदद से 92 रन बनाए। फिर मानव सुथार अंत तक टिके रहे, लेकिन दूसरे छोर पर उन्हें अच्छा साथ नहीं मिल सका। सुथार 113 गेंदों पर चार चौकों और एक छक्के की मदद से 56 रन बनाकर नाबाद रहे। विदर्भ के लिए हर्ष दुबे ने चार विकेट लिए, जबकि आदित्य ठकारे और यश ठाकुर को दो-दो विकेट मिले।

## चीन में लैंडफॉल से पहले मैटमो तूफान का तांडव

बैंकॉक। चीन में आये मौटमो टाइफून ने लैंडफॉल से पहले ही तांडव दिखाना शुरू कर दिया है। इससे हड़कंप मच गया। रविवार को इसके चलते आनन-फानन में सरकार ने ग्वांगडोंग और हेनान प्रांतों के लगभग 3,47,000 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने का निर्देश दिया। चीन के राष्ट्रीय मौसम केंद्र के अनुसार रविवार सुबह मैटमो की अधिकतम सतत गति 151 किलोमीटर प्रति घंटे थी। यह तूफान रविवार दोपहर के आसपास ग्वांगडोंग के झानजियांग क्षेत्र में पहुंच गया।

## सरकार ने टोल टैक्स के नियम में किया बड़ा फेरबदल

नई दिल्ली । केंद्र सरकार ने नेशनल हाईवे पर बिना FASTag या खराब FASTag के साथ यात्रा करने वाले वाहन चालकों को एक बड़ी राहत दी है। अब ऐसे वाहन चालकों को दोगुना टोल टैक्स देने से मुक्ति मिल जाएगी, बशर्ते वे भुगतान UPI के जरिए करें। सरकार ने घोषणा की है कि 15 नवंबर 2025 से यह नया नियम पूरे देश में लागू हो जाएगा।

सरकार ने ‘नेशनल हाईवे फीस (दरों का निर्धारण और संग्रह) नियम, 2008’ में संशोधन किया है। नए नियम के अनुसार, अगर कोई वाहन बिना वैध ख्नस्स्न्नड्डद्द के टोल प्लाजा पर कैश में भुगतान करता है, तो उसे पहले की तरह दोगुना टोल देना होगा। लेकिन, अगर वही वाहन चालक UPI के जरिए भुगतान करता है, तो उसे सिर्फ सवा गुना टोल ही देना होगा। सरकार की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि यह बदलाव हाईवे पर कैश ट्रांजैक्शन को कम करने और डिजिटल पेमेंट को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया है। इस कदम से टोल कलेक्शन सिस्टम अधिक तेज और पारदर्शी बनेगा। अब अगर आपका ख्नस्स्न्नड्डद्द खराब हो गया यदि इसमें बैलेंस नहीं है तो आप यूपीआई के माध्यम से भुगतान करके पेनल्टी पर लगने वाले अतिरिक्त पैसे बचा सकते हैं।

## ज्योतिष चमत्कार ( 6 अक्टूबर 2025 )

**कल्याण**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सोम | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | 21 | 35 | 41 | 54 |
| मंगल | 3 | 4 | 5 | 6 |
| | 34 | 42 | 53 | 62 |
| बुध | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | 43 | 52 | 63 | 75 |
| गुरू | 5 | 6 | 7 | 8 |
| | 51 | 64 | 74 | 81 |
| शुक्र | 6 | 7 | 8 | 9 |
| | 65 | 73 | 82 | 95 |
| शनि | 7 | 8 | 9 | 0 |
| | 71 | 84 | 93 | 01 |

**राजधानी नाईट**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सोम | 7 | 8 | 9 | 0 |
| | 76 | 80 | 96 | 09 |
| मंगल | 8 | 9 | 0 | 1 |
| | 89 | 97 | 08 | 17 |
| बुध | 9 | 0 | 1 | 2 |
| | 98 | 07 | 18 | 20 |
| गुरू | 0 | 1 | 2 | 3 |
| | 06 | 19 | 29 | 36 |
| शुक्र | 1 | 2 | 3 | 4 |
| | 10 | 28 | 37 | 40 |

**कल्याण**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| अंकों का बादशाह | 8 | | | |
| सप्ताह का वरदान | 7 | | | |
| सप्ताह में अचूक | 1 | 2 | 3 | 6 |
| स्पेशल | 10 | 29 | 35 | 64 |

**राजधानी नाईट**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| अंकों का बादशाह | 2 | | | |
| सप्ताह का वरदान | 3 | | | |
| सप्ताह में अचूक | 4 | 7 | 8 | 9 |
| स्पेशल | 40 | 76 | 85 | 91 |

**सप्ताह में देखें** (कल्याण)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 17 | 18 | 19 | 10 |
| 2 | 26 | 28 | 29 | 20 |
| 3 | 36 | 37 | 39 | 30 |
| 4 | 46 | 47 | 48 | 40 |
| 5 | 56 | 57 | 58 | 59 |
| 6 | 67 | 68 | 69 | 60 |
| 7 | 76 | 78 | 79 | 70 |
| 8 | 86 | 87 | 89 | 80 |
| 9 | 96 | 97 | 98 | 90 |
| 0 | 06 | 07 | 08 | 09 |

**सप्ताह में देखें** (राजधानी नाईट)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 12 | 13 | 14 | 15 |
| 2 | 21 | 23 | 24 | 25 |
| 3 | 31 | 32 | 34 | 35 |
| 4 | 41 | 42 | 43 | 45 |
| 5 | 51 | 52 | 53 | 54 |
| 6 | 62 | 63 | 64 | 65 |
| 7 | 71 | 73 | 74 | 75 |
| 8 | 81 | 82 | 84 | 85 |
| 9 | 91 | 92 | 93 | 95 |
| 0 | 01 | 02 | 03 | 04 |

**अंक आपके पत्ते हमारे**

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 128 | 138 | 148 | 149 | 140 | 123 | 160 | 134 | 234 | 127 |
| 245 | 129 | 238 | 130 | 230 | 150 | 250 | 233 | 379 | 136 |
| 489 | 237 | 490 | 239 | 357 | 259 | 278 | 279 | 225 | 280 |
| 290 | 570 | 670 | 680 | 456 | 349 | 458 | 260 | 270 | 479 |
| 344 | 228 | 355 | 789 | 339 | 790 | 449 | 125 | 126 | 677 |

**बीते चार सप्ताह के रिकार्ड**

**कल्याण**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 14 | 63 | 87 | 01 | 51 | 58 |
| 99 | 42 | 44 | 16 | 56 | 38 |
| 52 | 58 | 49 | 69 | 79 | 71 |
| 71 | 79 | 73 | 87 | 80 | 19 |

**राजधानी**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 26 | 59 | 02 | 25 | 07 |
| 51 | 47 | 76 | 98 | 20 |
| 50 | 58 | 42 | 81 | 52 |
| 57 | 83 | 62 | 05 | 39 |

**जनवरी 2025 से अक्टूबर 2025 तक के रूके जोड़भाव-पेनल**

कल्याण 2024- 22-86
2025- 22-32-37-50-86-92-90
1-146-245-227-777 2-246-228-499-688-444-
3-166- 4-680-266-338-400-888 5-230-249-113-122
-177-366-799-889-555 6-330-448-466-600-222
7-124-368-188- 700-999 8-567-440-477- 666
9-117-144-199-559-577-333 0-118-668-000

राजधानी नाईट 2024- -88
2025- -24-33-30-49-56-61-66-67-75- 78-88-80-95
-99-90-01
1-146-290-119-777, 2-660-688- 778-444,
3-157-256-166-300-599-111
4-112-220-338-699-888, 5-366-447-500-555
6-556-600-222, 7-377-449-700-999
8-189-350-288-666, 9-135-289-117-199-
388-577-333, 0-488-550-668-000

चेतावनी :- इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

# रूस ने यूक्रेन पर लगातार दूसरे दिन 500 ड्रोन और 50 से अधिक बैलिस्टिक मिसाइलों से किया बड़ा हवाई हमला



कीव। रूस ने रविवार को लगातार दूसरे दिन यूक्रेन पर बड़ा हमला किया है। रूसी सेना ने रात भर यूक्रेन पर बड़े पैमाने पर ड्रोन, मिसाइल और बम हमले किए। इस दौरान 500 से ज्यादा ड्रोन और 50 से अधिक बैलिस्टिक मिसाइलों से बहुत बड़ा हमला किया गया। इस हमले में कम से कम पांच नागरिकों की मौत हो गई। इसके साथ ही नागरिक बुनियादी ढांचे को बहुत बड़ा नुकसान पहुंचा है। रूस के इस हमले से यूक्रेन में भारी तबाही हुई है।

रूस के लगातार दूसरे दिन इतने बड़े पैमाने पर हमले से यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की भड़क गए हैं। उन्होंने रविवार सुबह कहा कि रूस ने यूक्रेन के नौ विभिन्न क्षेत्रों में 50 से अधिक बैलिस्टिक मिसाइल और करीब 500 ड्रोन दागे हैं। जेलेंस्की के मुताबिक, यह हमला बेहद संगठित और व्यापक था, जिसका मकसद नागरिक इलाकों में भय फैलाना और बुनियादी सेवाओं को ठप करना था। यह हमला यूक्रेन की सुरक्षा व्यवस्था के लिए एक बड़ी चुनौती साबित हुआ है।

रूस के इस हमले से यूक्रेन के लवीव शहर में सबसे ज्यादा नुकसान हुआ। स्थानीय अधिकारियों और आपातकालीन सेवा की रिपोर्ट के अनुसार लवीव पर ड्रोन और मिसाइलों की बरसात के कारण चार लोग मारे गए और कई अन्य घायल हुए। लवीव के महापौर एंड्री सदोवी ने बताया कि हमले के कारण शहर के दो जिलों में बिजली सेवा बाधित हो गई और सार्वजनिक परिवहन पर भी इसका असर पड़ा। उन्होंने यह भी बताया कि हमले के दौरान शहर के बाहरी इलाके में स्थित एक व्यावसायिक परिसर में भी आग लग गई, जिसे दमकल विभाग ने कई घंटों की मशक्कत के बाद बुझाया।

रूस के इस हमले से जापोरिज्जिया शहर में भी भारी नुकसान हुआ है। जापोरिज्जिया के गवर्नर इवान फेडोरोव ने बताया कि वहां हुई हवाई हमले में एक महिला की मौत हो गई जबकि 16 वर्षीय लड़की समेत नौ अन्य लोग घायल हुए। इस हमले ने स्थानीय नागरिकों में भय और असुरक्षा की भावना को बढ़ा दिया है।

**0 बिहार विधानसभा चुनाव : एनडीए घटक दलों में सीट ....**

जीतन राम मांझी और उपेंद्र कुशवाहा के दल भी हैं। 243 सीटों में क्या बीजेपी और जेडीयू 100-100 सीटों पर लड़ पाएंगे। या फिर सहयोगी 3 दलों को लिए त्याग करना पड़ेगा।

**0 अमेरिका-भारत तनाव के बीच जयशंकर का .....**

कुछ मुद्दे हैं, जिन पर हम अभी तक किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंच पाए हैं। इसके कारण हम पर टैरिफ लगाया गया है, हमने इसे सार्वजनिक रूप से अनुचित करार दिया है। रूस से कारोबार करने के लिए हम पर अतिरिक्त टैरिफ लगाया गया है, लेकिन अन्य देश भी रूस के साथ कारोबार कर रहे हैं। हमें इन मुद्दों को हल करने की आवश्यकता है और हम इस पर सक्रियता से काम कर रहे हैं।

**0 खत्म होगा पाकिस्तान! आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत....**

कल उसे वापस लेकर फिर से डेरा डालना है। डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि दुनियाभर में जहां भी भारतीय जाते हैं उन्हें लोग ‘हिंदू’ या ‘हिंदवी’ कहते हैं। भले ही कुछ लोग खुद को हिंदू कहने से कतराते हों लेकिन विश्व हमें उसी रूप में पहचानता है। यह हमारी सांस्कृतिक सच्चाई है, जिसे स्वीकार करना चाहिए। कार्यक्रम में दरबार प्रमुख पुरुषोत्तम दास महाराज, डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ला, राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी, सांसद गणेश सिंह, इंदौर सांसद शंकर लालवानी, भोपाल के विधायक भगवान दास सबनानी, जबलपुर कैंट विधायक अशोक रोहानी सहित, साधु संत व आमजन मौजूद थे।

**0 कोल इंडिया और छत्तीसगढ़ खनिज विकास....**

2025 लागू किए गए हैं। डीएमएफ पोर्टल 2.0 से निगरानी और प्रबंधन की प्रक्रिया को सशक्त किया गया है, जिसके लिए भारत सरकार ने छत्तीसगढ़ को सम्मानित भी किया है। उन्होंने कहा कि नई रेत नीति-2025 से पारदर्शिता बढ़ी है और जल्द ही 200 से अधिक रेत खदानों की ई-नीलामी की जाएगी। सतत खनन के लिए आधुनिक तकनीकों का उपयोग किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज क्रिटिकल मिनरल्स के लिए माइनिंग कॉर्पोरेशन और कोल इंडिया लिमिटेड के मध्य एमओयू हुआ है। वहीं क्लीन एनर्जी के क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा देने हेतु आईआईटी रुड़की

## प्रथम पृष्ठ का शेष....

और आईएसएम धनबाद के साथ भी एमओयू साइन किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि वैज्ञानिक और सतत खनन के माध्यम से छत्तीसगढ़ विकास और पारदर्शिता की नई कहानी लिख रहा है। छत्तीसगढ़ निश्चित ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में अग्रणी भूमिका निभाएगा।

**बेहतर कार्य करने वाले 43 खदानों को मिले स्टार अवॉर्ड**

छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के अध्यक्ष सौरभ सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार माइनिंग क्षेत्र में उल्लेखनीय और नवाचारी कार्य कर रही है। खनन से राजस्व और रोजगार दोनों बढ़े हैं तथा सरकार युवाओं को तकनीकी प्रशिक्षण देकर कुशल मानव संसाधन तैयार कर रही है। राज्य में अब टिन से निकलने वाले स्लज से दो नए तत्वों का उत्पादन शुरू हुआ है। साथ ही क्रिटिकल ओअर रिसाइक्लिंग और ई-वेस्ट मैनेजमेंट पर भी कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 28 प्रकार के खनिजों का खनन होता है, जिनमें टिन, बॉक्साइट, कोयला, लाइमस्टोन और आयरन ओर प्रमुख हैं। मुख्य सचिव विकासशील ने कहा कि नौ वर्ष बाद माइनिंग कॉन्क्लेव का पुनः आयोजन सराहनीय है। उन्होंने कहा कि स्टेकहोल्डर्स के सुझावों को नीति निर्माण में शामिल करना और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को सशक्त बनाना सरकार की प्राथमिकता है। खनिज क्षेत्र प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत 2047 और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के विकसित छत्तीसगढ़ के लक्ष्य को साकार करने में अहम भूमिका निभाएगा। सौर ऊर्जा और ई-वेस्ट रिसाइक्लिंग को भविष्य की आवश्यकता बताया। उन्होंने राज्य की नई उद्योग नीति की सराहना करते हुए कहा कि इससे बड़ी संख्या में रोजगार सृजित होंगे। खनिज विभाग के सचिव पी. दयानंद ने छत्तीसगढ़ माइनिंग कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए प्रदेश में खनिज उपलब्धता, नीलामी की पारदर्शी व्यवस्था, उत्खनन में नवीन तकनीकों के उपयोग, विभाग की उपलब्धियों और गतिविधियों पर विस्तार से जानकारी दी। संचालक भौमिकी एवं खनिज साधन रजत बंसल ने भी अपने विचार साझा किए।

छत्तीसगढ़ माइनिंग कॉन्क्लेव 2025 में मुख्यमंत्री साय ने खनिज न्यास निधि का प्रभावित क्षेत्रों में उपयोग, कुशल प्रबंधन, पारदर्शिता, सुशासन, प्रभावी संचालन एवं निगरानी को और सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से डीएमएफ पोर्टल 2.0 का विमोचन किया। इस पोर्टल में प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना की गाइडलाइनों के अनुरूप और छत्तीसगढ़ जिला खनिज संस्थान न्यास नियम, 2015 (संशोधित 2025) में किए गए संशोधनों को शामिल किया गया है। खनिज विभाग ने खनिज ऑनलाइन पोर्टल 1.0 का उन्नयन कर 2.0 संस्करण तैयार किया, जिसका शुभारंभ मुख्यमंत्री श्री साय ने किया। यह पोर्टल खनन प्रबंधन यात्रा में एक महत्त्वपूर्ण मील का पत्थर सिद्ध होगा। यह केवल तकनीकी उन्नयन नहीं, बल्कि राज्य की पारदर्शिता, जिम्मेदारी और विकास के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक है। खनिज ऑनलाइन 2.0 छत्तीसगढ़ के खनन प्रबंधन को देश भर में एक मॉडल सिस्टम के रूप में स्थापित करेगा और आने वाले वर्षों में राज्य की आर्थिक प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

**मुख्यमंत्री ने एमएसटीसी द्वारा निर्मित रेत खदानों के रिवर्स ऑक्शन पोर्टल का किया शुभारंभ**

राज्य सरकार ने ईज ऑफ डूइंग बिजनेस की अवधारणा को साकार करते हुए रेत खदानों की पारदर्शी और निष्पक्ष नीलामी के लिए भारत सरकार के सार्वजनिक उपक्रम एमएसटीसी के साथ एमओयू किया है। मुख्यमंत्री साय ने आज एमएसटीसी द्वारा निर्मित रिवर्स ऑक्शन पोर्टल का शुभारंभ किया। इस पहल से रेत खदानों का आबंटन तेज गति से होगा और प्रधानमंत्री आवास के हितग्राहियों को पर्याप्त मात्रा में रेत उपलब्ध हो सकेगी। साथ ही राज्य की सरकारी एवं निजी अधोसंरचना परियोजनाओं के लिए रेत की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित होगी।इसके अलावा, करोड़ों रुपये की रॉयल्टी एवं करों से राज्य के राजस्व में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

मुख्य खनिजों की तर्ज पर राज्य में गौण खनिज खदानों में भी स्टार रेटिंग प्रणाली के अंतर्गत समुचित एवं वैज्ञानिक पद्धति से खनन को प्रोत्साहन दिया जा रहा है। पर्यावरण प्रबंधन, प्रदूषण नियंत्रण और सुरक्षा मानकों का पालन कर बेहतर कार्य करने वाली 43 खदानों को स्टार अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।

# मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी बाल विवाह मुक्त जिला बनने की ओरः सभी 185 ग्राम पंचायतों से मिले बाल विवाह मुक्ति के प्रस्ताव

अंबागढ़ चौकी(दावा)। कलेक्टर तुलिका प्रजापति के मार्गदर्शन में मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिला बाल विवाह मुक्त घोषित होने की दिशा में अग्रसर है। जिले की सभी 185 ग्राम पंचायतों और एक नगर पंचायत अंबागढ़ चौकी से बाल विवाह मुक्त होने के प्रस्ताव ग्राम सभाओं और एमआईसी बैठकों के माध्यम से प्राप्त हो चुके हैं।



पिछले एक वर्ष से महिला एवं बाल विकास विभाग तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ और भारत के संदर्भ में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिले में रैलियां, पोस्टर, दीवार लेखन, बैठकें, शिविर और पुलिस विभाग के माध्यम से जन जागरूकता के प्रयास किए गए हैं।

## बाल विवाह मुक्त पंचायतों को मिलेगा सम्मान

शासन के निर्देशानुसार, 1 अक्टूबर को आयोजित ग्राम सभाओं में बाल विवाह मुक्ति को एक विशेष एजेंडे के रूप में शामिल किया गया था। जिन ग्राम पंचायतों में पिछले दो वर्षों में कोई बाल विवाह नहीं हुआ है, उन्हें ग्राम सभा की अनुशंसा और कलेक्टर की स्वीकृति के बाद बाल विवाह मुक्त घोषित कर प्रमाण-पत्र प्रदान करने का प्रावधान है। शीघ्र ही एक विशेष समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसमें माननीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में सभी पंचायतों और नगर पंचायत को बाल विवाह मुक्त घोषित किया जाएगा।

बाल विवाह की रोकथाम के लिए शासन ने सभी ग्राम पंचायत सचिवों को प्रतिषेध अधिकारी घोषित किया है। वहीं, महिला एवं बाल विकास विभाग को नोडल विभाग बनाया गया है और उसके सभी विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी की जिम्मेदारी दी गई है, जो भविष्य में बाल विवाह की रोकथाम में सहयोग करेंगे। समाज कल्याण विभाग ने इस सामाजिक बुराई के उन्मूलन में जन-सामान्य की भागीदारी को अत्यंत आवश्यक बताते हुए अपील की है।



# गांधी की जयंती पर स्वच्छता दीदीयों का सम्मान

डोंगरगढ़(दावा)। बेलगांव मैं महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जन्मदिवस पर ग्राम पंचायत भवन में कार्यक्रम आयोजित कर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री का जन्मदिवस मनाया गया। इस शुभ अवसर पर गांव की स्वच्छता दीदीयों एवं कर्मचारियों को शाल श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सरपंच कौशल चंद्रवंशी योगेश साहू दीनेतू जांगड़े छबील राम साहू नेतराम साहू धर्म चंद्र वर्मा मुरली गेंदाम फूलचंद कंवर नेतराम कंवर प्रकाश अग्रवाल प्रमोद अग्रवाल गिरधारी कंवर जगत कंवर महिला गन स्वच्छता कर्मचारी एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

# महात्मा गांधी जयंती पर विधायक वर्मा ने किया माल्यार्पण, कहा गांधी के आदर्श ही देश की असली ताकत

**खैरागढ़ (दावा)। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसर स्थित गांधी प्रतिमा पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के दौरान महात्मा गांधी अमर रहें के नारों के साथ गांधी को याद किया गया।**



इस मौके पर आयोजित संगोष्ठी में विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा ने कहा महात्मा गांधी ने सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलते हुए देश को आजादी दिलाई। उनका जीवन हमें सिखाता है,कि राजनीति का आधार सेवा और समाजहित होना चाहिए। आज जरूरत है कि हम उनके विचारों को आत्मसात कर समाज में भाईचारा, समानता और शांति स्थापित करें। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के आदर्श ही हमारे लोकतंत्र की असली ताकत हैं।

विधायक ने आगे कहा कि गांधी का 'ग्राम स्वराज' और स्वच्छता का संदेश आज भी उतना ही प्रासंगिक है,जितना स्वतंत्रता आंदोलन के दौर में था। उन्होंने युवाओं से गांधी के बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया।

इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता नीलांबर वर्मा, विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन, नेता प्रतिपक्ष दीपक देवांगन, महिला जिला कांग्रेस अध्यक्ष आरती महोबिया, अरुण भारद्वाज, संदीप सिरमौर, यतेंद्र जीत सिंह, राधेश्याम यादव, पूरन सारथी, भरत चंद्राकर, रविन्द्र सिंह गहेरवार, सूर्यकान्त यादव, रिंकू महोबिया, सूरज देवांगन, शेखर दास वैष्णव, कन्हैया रजक, महेश यादव, भूपेंद्र वर्मा, हरिदर्शन ढीमर, राजा लहरे, राहुल बंजारे समेत बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# रेल्वे सुरक्षा बल ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से यात्रियों को किया जागरूक

राजनांदगांव (दावा)। रेलवे सुरक्षा बल दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे नागपुर मंडल द्वारा स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में नुक्कड नाटक के माध्यम से यात्रियों को जागरूक किया गया।



बताते चलें कि भारतीय रेलवे आज देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ के साथ-साथ लोगों की सफल यात्रा के लिए लाईफ लाईन की भूमिका निभा रही है। रेलवे के माध्यम से प्रतिदिन लाखों की संख्या में यात्री भारत के एक स्थान से दूसरे स्थान तक यात्रा करते है। रेलवे सुरक्षा बल रेलवे का शस्त्र बल होने के कारण रेल संपत्ति की सुरक्षा के साथ-साथ रेल यात्रियों की सुरक्षा भी सुनिश्चित करता है। इस क्रम मे शनिवार 3 अक्टूबर को दीप चंद्र आर्य/मंडल सुरक्षा आयुक्त/रेसुब/द.पू.म.रे./नागपुर मंडल के मार्गदर्शन में राजनांदगांव रेल्वे स्टेशन पर आरपीएफ नागपुर मंडल की टीम द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से यात्रियों को जागरूक किया गया।

## अपराधों के संबंध में किया गया जागरूक

उक्त नुक्कड़ नाटक के तहत रेल्वे में विभिन्न प्रकार के अपराध जैसे- टीओपीबी, एनडीपीएस, रेल्वे सम्पत्ति की चोरी, रेल्वे में गंदगी फैलाना, महिला के लिए आरक्षित डिब्बा में यात्रा करना, बिना उचित कारण चैन पुल्लिंग करना, रेल पटरी को पार करना, ज्वलनशील पदार्थ एवं पटाखे रेल्वे गाड़ी में ले जाना, रेलगाड़ी में पथराव करना, अनाधिकृत खाद्य सामग्री बेचना, रेल परिचालन बाधित करना, अवैध टिकट दलालों के विरुद्ध कार्रवाई इत्यादि जो रेल्वे अधिनियम के तहत अपराध है, के सम्बंध में यात्रियों को जागरूक किया गया। इसके साथ ही आरपीएफ द्वारा मेरी सहेली के साथ ही विभिन्न प्रकार के चलाये जाने वाले ऑपरेशन के बारे में जानकारी दी गई।

राजनांदगांव रेलवे सुरक्षा बल की निरीक्षक तरुणा साहू ने बताया कि रेल्वे सुरक्षा बल द्वारा आम जनता से व सभी सम्मानित नागरिकों से अपील की गई है कि ट्रेन एवं रेल्वे परिसर में किसी भी संदिग्ध व्यक्ति के पाये जाने पर इसकी सूचना तुरंत नजदीकी रेलवे सुरक्षा बल थाना, शासकीय रेल पुलिस थाना या अन्य कार्यरत रेल कर्मचारियों को दे। अथवा रेल मदद टोल फ्री नम्बर 139 पर दें, जिससे रेलवे सुरक्षा बल दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मंडल के द्वारा अपराधिक प्रवृत्ति के लोगों पर उचित वैधानिक कानूनी कार्यवाही की जा सके।




# मंदिर पूर्णता संकल्प यात्रा ग्राम बिजेपार पहुँचे बालक दास महात्यागी

राजनांदगांव (दावा)। महानवमी के उपलक्ष्य में ग्राम बिजेपार में कौशल्या मंदिर के प्रचार में पधारे बालक दासजी महात्यागी (पाटेश्वर धाम) से सौजन्य भेंट की। सभापति जिला पंचायत राजनांदगांव श्रीमती बिरम बाई मंडावी, रामकुमार मंडावी महामंत्री, कुमार साय साहू उपाध्यक्ष एवं ग्रामवासी शामिल हुए।

# छत्तीसगढ़ से 10 दिन की देरी से लौटेगा मॉनसून

रायपुर। छत्तीसगढ़ में मौसम का मिजाज बदला हुआ है। राजधानी रायपुर में सुबह से बादल छाए हुए हैं। मौसम विभाग के अनुसार, कई इलाकों में रविवार को भी बारिश की संभावना है। इस बार मॉनसून 15 अक्टूबर के बाद वापस लौटेगा। वहीं, कुछ जिलों में तेज धूप के कारण गर्मी का एहसास हो रहा है।

# महिला सुरक्षा एवं लिंग समानता संबंधी अतिथि व्याख्यान

राजनांदगांव (दावा)। कॉन्फ्लूएन्स कॉलेज में समान अवसर प्रकोष्ठ, विशाखा महिला प्रकोष्ठ, एन.एस.एस तथा जिला महिला पुलिस, राजनांदगांव के संयुक्त तत्वावधान में महिला सुरक्षा विषय पर विशेष अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया।




**जाति, लिंग, धर्म, या किसी अन्य आधार पर भेदभाव और उत्पीड़न से मुक्त करते हुए, सभी के लिए समान अवसर और एक समावेशी माहौल सुनिश्चित करना**

इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य छात्राओं और सभी उपस्थित लोगों को महिला सुरक्षा के प्रति जागरूक करना, उनके कानूनी अधिकारों और सुरक्षा उपायों से अवगत कराना था। समता एवं समान अवसर प्रकोष्ठ का मुख्य उद्देश्य संस्थागत वातावरण में सभी व्यक्तियों को जाति, लिंग, धर्म, या किसी अन्य आधार पर भेदभाव और उत्पीड़न से मुक्त करते हुए, सभी के लिए समान अवसर और एक समावेशी माहौल सुनिश्चित करना है। इस प्रकोष्ठ के माध्यम से संस्थान में समता, सम्मान और सामाजिक न्याय को बढ़ावा दिया जाता है। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए कॉलेज की प्राचार्य डॉ.रचना पांडेय ने अपने उद्बोधन में कहा, ''महिला सुरक्षा और लिंग समानता हमारे समाज की आधारशिला हैं। जब तक हर व्यक्ति को समान सम्मान और अवसर नहीं मिलेंगे, तब तक हम सच्चे सामाजिक विकास की कल्पना नहीं कर सकते। शिक्षा और जागरूकता से ही हम एक सुरक्षित और समावेशी समाज का निर्माण कर सकते हैं।''

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में सब इंस्पेक्टर श्रीमती गीतांजलि सिंह, प्रभारी महिला थाना, सब इंस्पेक्टर शारदा बंजारे, प्रभारी रक्षा टीम, रेनू मेंश्राम, कौशल्या साहू, पुरण वर्मा, गोपेंद्र चैहान सहित पुलिस की टीम ने विशेष आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित सब इंस्पेक्टर श्रीमती गीतांजलि सिंह, प्रभारी महिला थाना ने कहा, ''महिला सुरक्षा केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि हर नागरिक का दायित्व है। लिंग समानता तभी साकार हो सकती है जब हम सभी मिलकर भेदभाव, उत्पीड़न और हिंसा के विरुद्ध आवाज उठाएं। जागरूकता और सहयोग से हम महिलाओं को सशक्त और सुरक्षित बना सकते हैं।'' मुख्य वक्ताओं ने महिला सुरक्षा से जुड़ी कानूनी प्रक्रियाओं, पुलिस सहायता, आत्मरक्षा के उपाय, साइबर सुरक्षा, घरेलू हिंसा, कार्यस्थल पर होने वाले उत्पीड़न एवं अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं को सतर्क रहने और अपनी सुरक्षा के प्रति जागरूक होने का संदेश दिया।

# प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना उपभोक्ताओं के लिए साबित हो रही वरदान

**सूर्यघर योजना से गिरधर देवांगन का घर बना मिनी पावरहाऊस**

**सूर्यघर योजना से शून्य हुआ बिजली बिल, उपभोक्ता बने ऊर्जा उत्पादक**

राजनांदगांव (दावा)। प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना आम उपभोक्ताओं के लिए वरदान साबित हो रही है। राजनांदगांव शहर के गौरी नगर निवासी गिरधर लाल देवांगन इसका जीवंत उदाहरण हैं।



गिरधर देवांगन बताते हैं कि उन्हें जब समाचार पत्र के माध्यम से इस योजना की जानकारी मिली, तो उन्होंने तुरंत इस योजना के तहत आवेदन कर अपने घर की छत पर 5.5 किलोवाट क्षमता का सोलर रूफटॉप सिस्टम स्थापित कराया। इस पर कुल लागत 3 लाख 40 हजार रूपए आयी। योजना के तहत केंद्र सरकार की ओर से उन्हें 78000 रूपए की सब्सिडी प्राप्त हुई है, वहीं राज्य शासन की ओर से 30 हजार रूपए की अतिरिक्त सब्सिडी मिलने वाली है। इस प्रकार लगभग 1 लाख 8 हजार रुपए की सब्सिडी से सोलर सिस्टम की वास्तविक लागत आधी हो जाएगी।

गिरधर देवांगन ने बताया कि सोलर सिस्टम लगने के बाद पहले ही महीने से सकारात्मक परिणाम सामने आने लगे हैं। उनके घर की मासिक औसत बिजली खपत लगभग 510 यूनिट है, जबकि सोलर पैनल से पहले महीने में 615 यूनिट बिजली का उत्पादन हुआ। यह उनकी खपत से 105 यूनिट अधिक है। अतिरिक्त बिजली ग्रिड में जमा हो रही है, जिसका उपयोग आवश्यकता पड़ने पर किया जा सकता है। उन्होंने के कहा आगामी 4 से 5 वर्षों में ही सोलर पैनल की लागत निकल जाएगी, जबकि सोलर पैनल 20-25 साल तक काम करता है, जिससे वर्षों तक मुफ्त बिजली का लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि पहले हम सिर्फ बिजली खर्च करते थे, अब हम बिजली का उत्पादन भी कर रहे हैं। यह योजना हमारे लिए सचमुच वरदान साबित हुई है। उन्होंने बताया कि अब उनके घर का बिजली बिल शून्य हो गया है। इस बची हुए राशि को वे अपने बच्चों की पढ़ाई-लिखाई और अन्य घरेलू आवश्यकताओं में खर्च कर पा रहे हैं। अक्षय ऊर्जा के रूप में सौर ऊर्जा के उपयोग से कोयला, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस जैसे सीमित संसाधनों पर निर्भरता कम होती साथ ही प्रदूषण, कार्बन उत्सर्जन और जलवायु परिवर्तन को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी।

# मोदी सरकार ने दीवाली के पहले किसानों को दिया बड़ा तोहफा

राजनांदगांव (दावा)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रीमंडलीय समिति ने विपणन सत्र 2026-27 के लिए सभी अनिवार्य रबी फसलों के समर्थन मूल्य में वृद्धि की मंजूरी दे दी है। भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक शशिकांत द्विवेदी ने कहा कि दीवाली से पहले मोदी सरकार ने रबी फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ाकर किसानों को बहुत बड़ा तोहफा दिया है।



गेहूं के समर्थन मूल्य में प्रति क्विंटल 160 रुपए की वृद्धि की गई है, इससे अब गेहूं का नया समर्थन मूल्य 2585 रुपए प्रति क्विंटल हो गया है। सरकार का प्रयास है कि किसानों को मसूर, चना और तिलहन जैसी फसलों की खेती के लिए भी प्रेरित करना है। इसके लिए चना में 225 रुपए की वृद्धि कर 5875 रुपए प्रति क्विंटल दर तय किया गया है। मसूर का एमएसपी 300 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ाकर 7000 रुपए कर दिया गया है। सरसों के एमएसपी में 250 रुपए वृद्धि कर 6200 रुपए और जौ में 170 रुपए की वृद्धि कर 2150 रुपए प्रति क्विंटल दर तय किया गया है। सबसे ज्यादा कुसुम फसल में 600 रुपए प्रति क्विंटल की दर से बढ़ोतरी कर 6540 रुपए प्रति क्विंटल दर तय किया गया है।

प्रदेश संयोजक सहकारिता प्रकोष्ठ शशिकांत द्विवेदी ने कहा कि रबी फसलों के समर्थन मूल्य में की गई यह वृद्धि किसानों की आय को बढ़ाने में मदद करेगी। श्री द्विवेदी ने कहा कि मोदी सरकार के कार्यकाल में किसानों के हित को सर्वोपरि रखते हुए किसानों की उपज की एमएसपी अभूतपूर्व रूप से कई गुना बढ़ाई गई है।

सन् 2014-15 से सन् 2026-27 तक की रबी फसलों की एमएसपी की तुलना करने पर स्पष्ट होता है, की गेहूं की एमएसपी 2014-15 में 1400 रुपए थी वह बढ़कर 2585 रुपए हो गई, जौ की एमएसपी 1100 रुपए से बढ़कर 2150 रुपए हो गई, चना की एमएसपी 3100 रुपए से बढ़कर 5875 रुपए हो गई, मसूर की एमएसपी 2950 रुपए से बढ़कर 7000 रुपए हो गई, सरसों की एमएसपी 3050 रुपए से बढ़कर 6200 रुपए हो गई।

इसी प्रकार कुसुम की एमएसपी 3000 रुपए से बढ़कर 6540 रुपए हो गई। इस तरह मोदी सरकार के 10 वर्षों के कार्यकाल में प्रत्येक फसलों में दो गुना या इससे अधिक की ऐतिहासिक वृद्धि दर्ज की गई है। जिससे किसानों की आय में जबरदस्त इज़ाफ़ा हुआ है। श्री द्विवेदी ने प्रधानमंत्री एवं केन्द्रीय कृषि मंत्री का इसके लिए धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आभार व्यक्त किया।

# स्वस्थ शिशु देश का भविष्य - डॉ. सुचिता श्रीवास्तव

**घोटिया में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत अनेको इवेंट का आयोजन किया गया**

डोंगरगढ़ (दावा)। छग राज्य महोत्सव के अवसर पर सेवा पखवाड़ा के निमित्त वनांचल क्षेत्र ग्राम पंचायत घोटिया में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत अनेको इवेंट का आयोजन किया गया। जिसमें स्वास्थ्य शिविर, सास बहू सम्मेलन, किशोरी बालिका सम्मेलन, पालक चौपाल, कुपोषण मुक्त ग्राम, पूर्ण टीकाकरण, मानसिक स्वास्थ्य एवं आदि कर्मयोगी गांव के संदर्भ में जानकारी दी गई। यह कार्यक्रम ग्राम के सरपंच, महिला समूह, आंगनवाड़ी एवं मितानिन बहनों एवं स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से संपन्न हुआ। विशेषकर किशोरी बालिकाओं एवं मातृशक्ति के स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं शिक्षा को आधार बनाकर सास-बहू सम्मेलन के माध्यम से स्वावलंबी जीवन एवं महिला सशक्तिकरण के विषय को केंद्र में रखकर चर्चा हुई। जिसका बहुत अच्छा प्रतिसाद मिला।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन, डीपीएम संदीप ताम्रकार के मार्गदर्शन एवं दिशा निर्देश में मितानिन कार्यक्रम के जिला नोडल अनिल श्रीवास्तव के समन्वय एवं समायोजन से सरपंच संजय कुमार उइके, उपसरपंच रामकुमारी मंडावी एवं स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से यह विशाल आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जनपद पंचायत सदस्य श्रीमती नीरज बाई छेदैया, अध्यक्षता सरपंच संजय कुमार उइके, विशिष्ट अतिथि श्रीमती रामकुमारी मांडवी, रेखराम यादव, सुखराम मांडवी, शिव प्रसाद मांडवी, सुखदेव यादव, ललित मंडावी, फगवा राम, तेजराम छेदैया जनपद प्रतिनिधि तथा कार्यक्रम की मुख्य वक्ता खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुचिता श्रीवास्तव एवं विशेष अतिथि के रूप में ललित मांडवी, बिंदु बाई, लीला बाई, अहिल्याबाई, अंजोरी राम उइके, श्रीमती ज्योति कागज, सुश्री मुक्ता खुजूर, श्रीमती अनीता ध्रुवे एवं अन्य गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में इस कार्यक्रम को अति विशिष्ट बना दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के विशेष पूजन से किया गया। अतिथियों का पारंपरिक स्वागत गुलाल, पुष्प माला से किया गया। कार्यक्रम का संचालन मितानिन नोडल अनिल श्रीवास्तव ने किया। इस शिविर में अपनी सेवाएं देने वाले डॉ. मयंक जैन, डॉ. जय किशन महोबिया, नेत्र चिकित्सा अधिकारी वंदना चंदनिया, फार्मासिस्ट राहुल सोनकर, जयेश चावढ़ा, निलेश चावढ़ा, पर्यवेक्षक सुदेश टेंबुरकर, मुकेश, अग्रसेन वर्मा, वर्षा साहू, राजेश्वरी साहू, कु. नीलिमा लाल, लैब टेक्नीशियन दीपक शर्मा ने अपनी सेवाऐ प्रदान किया।



## 356 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया

इस कार्यक्रम में अति दूरस्थ वनांचल क्षेत्र की मातृशक्ति, किशोरी बालिकाए एवं ग्रामीण जनसमुदाय ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। जिसमें 356 लोगों का स्वास्थ्य जांच, बीपी, शुगर, स्वास्थ्य परीक्षण नेत्र जांच एवं स्वास्थ्य शिक्षा प्रदान किया गया। जिसमें बीपी के 200 शुगर के 170, मोतियाबिंद, आंख से संबंधित 39 मरीजों का जांच किशोरी बालिकाओं को 100 सेनेटरी पैड एवं प्रत्येक घर में स्वास्थ्य कार्यकर्ता के माध्यम से एक मच्छरदानी देने का निर्णय हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए ग्राम पटेल एवं सरपंच, ग्राम की मितानिन बहने, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, बालिकाओं एवं मातृशक्ति का उत्साह देखते बना।

## सेवा पखवाड़ा के तहत सेवा की सोच प्रधानमंत्री की देन है - डॉ. सुचिता श्रीवास्तव

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. सुचिता श्रीवास्तव ने संबोधित करते हुए कहा कि सेवा की सोच प्रधानमंत्री की देन है। जिसे सेवा पखवाड़ा के रूप में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक डोंगरगढ़ विकासखंड के प्रत्येक गांव नगर एवं सेवा बस्ती में मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा की महिला घर की देवी होती है। परिवार का विकास महिलाओं के सहयोग पर निर्भर रहता है। क्योंकि गर्भ का वरदान महिलाओं को होता है। अतः स्वस्थ शिशु देश का भविष्य है। जच्चा बच्चा की देखभाल मितानिन बहने घर-घर जाकर करती है।

## वनांचल क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार की मांग

ग्राम के सरपंच संजय उइके ने मांग रखी की इस दूरस्थ वनांचल क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार प्रभावकारी रूप में कराने के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की माहिती आवश्यकता है एवं इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर, पालक चौपाल, किशोरी बालिका सम्मेलन का आयोजन गांव में होते रहना चाहिए। इस क्षेत्र में टावर की सुविधा नहीं होने से आयुष्मान कार्ड को शत-प्रतिशत बनाने के लिए डंगोरा बांध में एक स्थान टावर पॉइंट के रूप में तय किया गया है। जहां प्रत्येक शनिवार को दोपहर 12 से 3 बजे तक होगा। जिससे वनांचल क्षेत्र के 6 गांव को लाभ मिलेगा।

एक दूसरे के प्रति पारस्परिक, सौहार्दपूर्ण व्यवहार, सद्भावना, सद्विचार, सेवा समर्पण एवं सहयोग की परंपरा निर्मित हो इस हेतु इस प्रकार का आयोजन समय-समय पर करते रहने का निर्देश सीएमएचओ डॉ. नवरतन द्वारा दिया गया है। इस कार्यक्रम से उत्साहित होकर ग्राम घोटिया एवं तोतलभर्री से आए हुए जनप्रतिनिधियों ने विशाल रक्तदान शिविर, परिवार सम्मेलन, पारंपरिक खेलकूद प्रतियोगिता, सांस्कृतिक कार्यक्रम कराने का निर्णय लिया है। इस कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में स्थानीय लोगों ने भाग लिया।

# मधुमक्खियों के विषैले दंश से एक महिला व पुरुष की दर्दनाक मौत

राजनांदगांव (दावा)। शहर के पटरी पार इलाका बजरंगपुर नवागांव में उस समय चीख-पुकार मच गई जब खेत में काम कर रही महिलाओं पर अचानक मधुमक्खियों ने हमला बोल दिया। अचानक हमले से खेत में काम कर रही महिलाएं घबरा गई और मधुमक्खियों के विषैले दंश से अपने आप को बचाने का पूरा प्रयत्न करने लगी। साड़ी के पल्लु, गमछा आदि से भगाने का यत्न भी किया लेकिन न जाने किस आवेश में थी मधुमक्खियां कि, खेत में काम कर रही महिलाओं पर झूंड के झूंड हमला कर दिया और जगह-जगह से काटने लगी। महिलाओ को यह समझ ही नहीं आया और अपना बचाव करते हुए चीख-पुकार मचाने लगी।

रविवार की सुबह लगभग 10 बजे के करीब हुए इस दर्दनाक हादसे में एक पुरुष और एक महिला बुरी तरह घायल हुई, वहीं 4 महिलाएं व एक पुरुष ज़ख्मी हुए। इस दर्दनाक घटना को लेकर लोगों में डर का माहौल बना हुआ है और इसे दैवीय घटना मानने से इंकार नहीं कर रहे हैं।कुछ वार्डवासी इसे वार्ड में स्थित रही मां शीतला की मूर्ति को अचानक ठंडा कर दिए जाने से भी जोड़कर देख रहे हैं। क्योंकि इस तरह से मधुमक्खियों के हमले किसी ने देखे और न सुने हैं। लिहाजा वार्ड में इस दर्दनाक घटना को लेकर लोगों में कई तरह बात चल रही है।

- खेत में काम कर रही महिलाओं पर अचानक मधुमक्खियों ने बोला हमला
- मची चीख-पुकार, दो लोग बुरी तरह हुए ज़ख्मी
- उपचार के दौरान हुई दो की मौत



### मधुमक्खियों के विषैले दंश से दो लोगों की हुई मौत

शहर के बजरंगपुर नवागांव वार्ड में रविवार सुबह हुए इस दर्दनाक हादसे में एक महिला और एक पुरुष की मौत हो गई, जबकि पांच महिलाएं और एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।

बताया जाता है कि रविवार की सुबह वार्ड निवासी सुशीला देवांगन, पार्वती साहू, माया डोंगरे, सुनीता यादव और सुमित्रा साहू रोज़ की तरह खेत में काम करने पहुंची थीं। महिलाएं खेत में टिफिन निकालकर नाश्ता कर रही थीं, तभी मधुमक्खियों का एक बड़ा झुंड अचानक उन पर हमला कर दिया। हमले के दौरान पास में ही मौजूद शिव यदु और उनका बेटा भी चपेट में आ गए। मधुमक्खियों के हमले से मौके पर चीख-पुकार मच गई, लेकिन आसपास कोई मदद नहीं मिल सकी।

घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और मधुमक्खियों के झुंड के हटने के बाद घायलों को किसी तरह बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया। मेडिकल कॉलेज में डॉक्टरों ने शिव यदु (38 वर्ष) और सुशीला देवांगन (58 वर्ष) को मृत घोषित कर दिया। जबकि माया डोंगरे, सुमित्रा साहू, सुनीता यादव, पार्वती साहू और शिव यदु के पुत्र के चेहरे व शरीर के कई हिस्से में मधुमक्खियों के काटे जाने से सूजन व जख्म उभर आए हैं उनका इलाज जिला चिकित्सालय और मेडिकल कॉलेज में जारी है। जहां उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है।

### वार्ड पार्षद राजा तिवारी ने प्रशासन से मृतक परिवारों को मुआवजे की मांग की

बजरंगपुर-नवांगांव के वार्ड पार्षद राजा तिवारी ने इस घटना पुष्टि करते हुए बताया कि घटना बेहद दर्दनाक और अप्रत्याशित थी। हादसे के दौरान चीख-पुकार मचने पर ग्रामीणों ने बहादुरी दिखाते हुए घायलों को बचाया, वरना और भी बड़ा नुकसान हो सकता था।

पार्षद राजा तिवारी का कहना है कि स्थानीय प्रशासन को मृतक के परिवारो को तत्काल मुआवजा राशि प्रदान किया जाना चाहिए। इसके लिए वे लिखा-पढ़ी भी कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस तरह की आपद घटना में होने वाली मौत के लिए संभागायुक्त के द्वारा साढ़े 7 लाख, कलेक्टर के द्वारा साढ़े 7 लाख तथा एसडीएम से 2 लाख व तहसीलदार से 1 लाख दिए जाने के प्रावधान है। अब देखना यह है कि पीड़ित मृतक परिवार को शासन व प्रशासन द्वारा मुआवजे के रूप में कितनी राशि मुहैया कराई जाती है। बहरहाल अब उक्त हादसे में अपने घर-परिवार के कमाऊ सदस्य शिव यदु को खो चुके परिजनों को ढांढस बंधाने की जरूरत है साथ गरीब परिवार के लोगों को जितनी जल्दी हो सके आर्थिक सहायता मुहैया कराने की जरूरत है।

## झूठी निकली 86 किलो चांदी के लूट की कहानी, सराफा कारोबारी ने खुद रचा पूरा नाटक

रायपुर। रायपुर के सदर बाजार इलाके में शुक्रवार रात सराफा कारोबारी राहुल गोयल द्वारा बताई गई 86 किलो चांदी की लूट की कहानी झूठी निकली। पुलिस की सख्त पूछताछ में कारोबारी ने खुद स्वीकार किया कि उसने यह पूरा नाटक अपने आनलाइन सट्टे में 46 लाख रुपये गंवाने के बाद रचा था।

पुलिस जांच में राजफाश हुआ कि कारोबारी राहुल गोयल (निवासी अलीगढ़, यूपी) अप्रैल से आनलाइन क्रिकेट सट्टे में लगातार रकम हार रहा था। अब तक उसने करीब 46 लाख रुपये सट्टे में गंवा दिए थे। पैसे की भरपाई के लिए उसने अपनी कंपनी को धोखा देने की योजना बनाई। राहुल रायपुर में शिवा ट्रेडर्स के नाम से फर्म चलाता है, जो आगरा की एक बड़ी कंपनी के लिए सीएफए (क्लियरिंग एंड फारवर्डिंग एजेंट) का काम करता है। राहुल ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि शुक्रवार रात तीन बजे दो नकाबपोश बदमाशों ने उसके घर में धावा बोलकर 86 किलो चांदी के जेवर लूट लिए। उसने बताया कि बदमाशों ने कट्टा तानकर और चाकू दिखाकर उसे बंधक बना लिया, मुंह दबाकर बेहोश कर दिया और डीवीआर भी साथ ले गए। लेकिन पुलिस जांच में न कोई फिंगरप्रिंट मिले, न रस्सी के निशान और न ही जबरन प्रवेश के सबूत।

## इंडियन डेंटल एसो. के सेमिनार में डॉ. भावना अग्रवाल ने दिया उत्कृष्ट व्याख्यान



राजनांदगांव (दावा)। इंडियन डेंटल एसोसिएशन, राजनांदगांव के तत्वावधान में 'एंडो विद प्रिसीजन - एलीवेटिंग एवरीडे क्लिनिकल प्रैक्टिस' विषय पर एक उत्कृष्ट व्याख्यान आयोजित किया गया।

यह व्याख्यान डॉ. भावना अग्रवाल (एमडीएस, कंजर्वेटिव डेंटिस्ट्री एवं एंडोडॉन्टिक्स), रायपुर द्वारा प्रस्तुत किया गया। डॉ. अग्रवाल ने आधुनिक एंडोडॉन्टिक प्रैक्टिस के विभिन्न पहलुओं जैसे केस चयन एवं डायग्नोसिस, रबर डैम आइसोलेशन, मैग्निफिकेशन एवं इल्यूमिनेशन, कैनाल नेगोशिएशन, इरिगेशन डायनैमिक्स पर उपयोगी जानकारी दी। उन्होंने रीट्रीटमेंट और कॉम्प्लेक्स केस मैनेजमेंट के प्रभावी उपायों तथा फॉलो-अप, रिकॉल और आउटकम इवैल्यूएशन के महत्व पर भी विस्तार से चर्चा की। यह कार्यक्रम अत्यंत ज्ञानवर्धक रहा और इसमें सम्मिलित दंत चिकित्सक सदस्यों ने इसे अपने क्लिनिकल अभ्यास को और अधिक सटीक एवं प्रभावी बनाने वाला अनुभव बताया। कार्यक्रम की सफलता के लिए विशेष धन्यवाद डॉ. मनुप्रीत कौर (अध्यक्ष, इंडियन डेंटल एसो. राजनांदगांव), डॉ. नूपुर सरकार (सचिव) तथा डॉ. नितेश जैन (कोषाध्यक्ष) को दिया गया। साथ ही, एल्केम फार्मास्युटिकल को भी इस IDA कार्यक्रम का हिस्सा बनने और सहयोग प्रदान करने के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया गया।

## पाताल भैरवी प्रांगण में शरद पूर्णिमा पर स्वर धारा की प्रस्तुति




राजनांदगांव (दावा)। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी संस्कारधानी राजनांदगांव की पहचान मां पाताल भैरवी मंदिर में जड़ी बूटी युक्त खीर प्रसादी का वितरण होगा। जिसमें रात भर दर्शकों के भक्ति भाव के साथ मनोरंजन के लिए छत्तीसगढ़ के मशहूर कलाकारों की प्रस्तुति छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक लोक कला मंच स्वरधारा का आयोजन होगा। इसके आयोजक मां पाताल भैरवी मंदिर समिति है। प्रसादी ग्रहण करने के लिए अंचल के हजारों श्रद्धालु भक्त अपने गंभीर बीमारी से छुटकारा पाने के लिए इस प्रसादी को लेने आते हैं। यह जड़ी बूटी युक्त प्रसादी दमा जैसे गंभीर बीमारियों से छुटकारा प्रदान करता है। प्रसादी वितरण सुबह 3 बजे से होता है जिसके लिए सभी भक्त शाम 6 बजे से कतार लगना शुरू कर देते हैं और इन भक्तों के मनोरंजन के लिए राजनांदगांव के एकमात्र संस्था स्वरधारा लगातार 40 वर्ष तक का सफर करते हुए मां पाताल भैरवी प्रांगण प्रस्तुति देंगे इस संस्था के संचालक लोक गायक विष्णु कश्यप जी हैं, उनके साथ लोग गायक देवानंद वर्मा, धनंजय साहू 'दौना' बसंत निर्मलकर आरती साहू, श्वेता मानिकपुरी और अंजलि सोनवान अपने गीतों से समा बंधेंगे। कॉमेडी के कलाकार अंजलि नरेश सोनवान मंगलू एवं अन्य साथी रहेंगे। साथ ही नित्य पक्ष के कलाकार विक्की यादव दिनेश लोकेश कुंदन कमलेश राधा डॉली और अन्य साथी रहेंगे। पूरे रात भर छत्तीसगढ़ की संस्कृति सुबह ददरिया कर्मा पंथी पंडवानी भरथरी एवं लोक गीतों की प्रस्तुति के साथ लोक नृत्य के साथ अपनी प्रस्तुति देंगे। इस भव्य आयोजन में अंचल के सभी श्रद्धालु भक्तों को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने के लिए अपील किए हैं।

**आज नि:शुल्क दवायुक्त खीर का वितरण**

## हिंदुस्तान ढाबा में छापा, हजारों की अवैध शराब बरामद



अंबागढ़ चौकी (दावा)। जिला मोहला-मानपुर, अं.चौकी पुलिस ने सुध्घर जन सुरक्षित जिला अभियान के तहत एक बड़ी कार्रवाई करते हुए हिंदुस्तान ढाबा कोटरा के संचालक को अवैध शराब बिक्री के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से बड़ी मात्रा में देशी व अंग्रेजी शराब जब्त की है।

थाना प्रभारी निरीक्षक अश्वनी राठौड़ के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई में ढाबा संचालक धनेश्वर भारती पिता पवन भारती (31 वर्ष), निवासी भगत सिंह चौक, अं.चौकी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपी के ढाबे से 222 पौवा देशी शोले प्लेन और 20 पौवा अंग्रेजी गोवा स्पेशल व्हिस्की बरामद की है। जिसकी कीमत 20,160 रुपए आँकी गई है। साथ ही, मौके से बिक्री की रकम 23,030 रुपए भी जब्त की गई। कुल जब्ती 43,190 रुपए की हुई है। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया गया है। अपराध अजमानतीय होने से आरोपी को 4 अक्टूबर की रात्रि 10.15 बजे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। जहाँ से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पीताम्बर पटेल एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस ताजेश्वर दीवान के मार्गदर्शन में की गई। गौरतलब है कि सुध्घर जन सुरक्षित जिला अभियान के अंतर्गत हाल ही में थाना चिल्हाटी पुलिस द्वारा 102 लीटर अवैध महुआ शराब और थाना मानपुर पुलिस द्वारा 2 किलोग्राम गांजा जब्त कर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस की यह कार्रवाई जिले में अवैध शराब और मादक पदार्थों के विरुद्ध चल रहे सतत अभियान की कड़ी मानी जा रही है।

## स्टेट हाईवे ग्राम बगदई सड़क हादसा, अज्ञात वाहन ने राहगीर को कुचला



डोंगरगाँव (दावा)। स्टेट हाईवे में बीती रात सड़क हादसे में एक अधेड़ की रोड दुर्घटना में मौत हो गई है. शनिवार रात्रि करीब एक बजे ग्राम बगदई बस स्टैंड के समीप एक व्यक्ति को किसी अज्ञात वाहन चालक ने रौंद दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई. घटना के बाद राहगीरों व ग्रामीणों ने इसकी सूचना डोंगरगांव थाने को 112 को दी गई. घटना स्थल से मृत व्यक्ति के शव को डोंगरगांव शव गृह में रखा गया। इस दौरान उक्त व्यक्ति की पहचान नहीं हो पाई थी। वहीं सुबह सोशल मीडिया के माध्यम से मृतक के परिजनों को जानकारी मिली तब वे डोंगरगांव थाने पहुंचकर मर्ग कायम कराया.

मिली जानकारी के अनुसार मृतक का भाई बालकराम साहू पिता स्व. हीरालाल साहू, उम्र-56 साल, निवासी ग्राम पैरी(अर्जुनी) ने बताया कि 4 अक्टूबर 2025 को मैं अपने गांव घर में था, मेरा चचेरा भाई अक्तूराम साहू पिता स्व. तीजूराम साहू 52 वर्ष निवासी पैरी शादी की बात को लेकर ग्राम बगदई अपने रिस्तेदारों को बताने गया था. देर रात में मोबाईल वाट्सअप से पता चला कि ग्राम बगदई बस स्टेंड के सामने एक अज्ञात व्यक्ति उम्र लगभग 45 से 50 वर्ष का है, जो सफेद रंग जैसा फुल सर्ट एवं ग्रे कलर का फुलपेन्ट कमर में बेल्ट पहना है, बाल काला है, उसके पास एक सफेद/लाल रंग का कैरी बैग (थैला) है। थैले में पहनने का कपडा दो जोड़ी, कोलगेट पेस्ट, टुथ ब्रश, जीभी एवं दवाई रखा हुआ है. जिसका ग्राम बगदई बस स्टैंड के सामने आम रोड में अज्ञात वाहन के चालक के द्वारा ठोकर मारकर रोड दुर्घटना करने से मृत्यु हो गया है. इस सूचना के मिलने के बाद वह अपने चचेरे भाई अक्तुराम साहू का घर में पता तलाश किया, जो घर पर नहीं मिला इस पर शंका समाधान के लिए अपने परिजन व गांव वालों के साथ सी.एच.सी.डोंगरगांव के मरचुरी घर में पहुंचकर पुलिस के सहयोग से दुर्घटना में मृत व्यक्ति को चचेरा भाई अक्तुराम साहू के रूप में पहचान किया गया.

**मृतक शादी का निमंत्रण देने पैरी से बगदई आया था**

## स्व. महेंद्र दवे का नेत्रदान : महादान का संदेश



राजनांदगांव(दावा)। बीमा अभिकर्ता एवं समजसेवी श्री महेंद्र दवे का आकस्मिक निधन 4 अक्टूबर को हो गया। दवे परिवार ने परोपकार की अद्भुत मिसाल पेश करते हुए उन्होंने दोनों आँखें दान कर दी। उनके इस महादान से दो जरूरतमंद व्यक्तियों को इसका लाभ मिलेगा।

दवे परिवार की इस अनुकरणीय पहल की भावना को आगे बढ़ाते हुए, किशोर बैद (वर्धमान नगर) ने तत्काल उदयाचल संस्था के अशोक मोदी से नेत्रदान के लिये संपर्क किया और सूचना मिलते ही उदयाचल की पूरी टीम, जिसमें डॉ. नेहा सिंह और राजनारायण द्विवेदी शामिल थे, ने त्वरित कार्रवाई की और मौके पर पहुंचकर उनके नेत्रदान की प्रक्रिया को सफलतापूर्वक पूर्ण किया।

स्व. श्री महेंद्र दवे की इन दो नेत्रों के दान से दो लोगों को रोशनी मिलेगी और वे दुनिया देख सकेंगे। दवे परिवार की यह पहल न सिर्फ सराहनीय है, बल्कि समाज के लिए एक महान उदाहरण भी है। इस उत्कृष्ट कार्य के लिए उन्हें ढेरों साधुवाद। इस अवसर पर उदयाचल संस्था के अध्यक्ष राजेंद्र बाफना ने नागरिकों से अपील की कि वे नेत्रदान के प्रति अपनी रुचि बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि एक व्यक्ति के नेत्रदान से दो लोगों को दुनिया देखने का अवसर मिलता है, इसलिए हम सभी को इस महादान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए।

## आज संगठन सृजन पर्यवेक्षक चरणसिंह सपरा शहर कांग्रेस व ग्रामीण कांग्रेस की लेंगे बैठक



राजनांदगांव (दावा)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा घोषित संगठन सृजन अभियान कार्यक्रम अंतर्गत राजनांदगांव जिला शहर, ग्रामीण जिला अध्यक्ष चयन हेतु एआईसीसी से पर्यवेक्षक ऑब्जर्वर व राष्ट्रीय प्रवक्ता चरणसिंह सपरा 6 अक्टूबर को दोपहर 11.30 बजे न्यू सर्किट हाउस में प्रेसवार्ता लेंगे।

इसके बाद लालबाग सिंधु भवन में दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक जिला ग्रामीण व शाम 4 से रात्रि 8 बजे तक शहर कांग्रेस कमेटी की बैठक लेंगे।

इस दौरान उनके साथ प्रमुख रूप से पूर्व मंत्री उमेश पटेल, विधायक संदीप साहू, पीसीसी उपाध्यक्ष वीरेश साहू सहपर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित रहेंगे। इस दौरान बैठक में वरिष्ठ कांग्रेसजनों, विधायकगण, पूर्व विधायक, पूर्व महापौर, निगम अध्यक्ष, पूर्व पार्षद, महिला कांग्रेस, युवक कांग्रेस, एनएसयूआई सहित अनुसांगिक संगठनों की बैठक लेकर रायशुमारी कर आवश्यक चर्चा करेंगे।

## जैन भगवती दीक्षा लिए धर्मनिष्ठ सुश्रावक रतनलाल गोलछा राजनांदगांव निवासी



राजनांदगांव(दावा)। गोलछा परिवार की अनंत पुण्यवाणी से गणाधिपति श्री शांतिमुनि जी म.सा. के शुभ आशीर्वाद से नानेश पट्टधर, जिनशासन के गौरव, संयम सुमेरू प्रज्ञानिधि आचार्य प्रवर 1008 श्री विजयराज जी म.सा. आदि ठाना के पावन सानिध्य में अपने जीवन के अंतिम अमूल्य समय को सार्थक करते हुए जैन भगवती दीक्षा आज दोपहर को धर्मनिष्ठ सुश्रावक श्री रतनलाल गोलछा (दनिया वाले) राजनांदगांव निवासी लिए।

आज आपकी दीक्षा नवकार भवन तिलक नगर जयपुर में संपन्न हुई। कल ही आप एवं पारिवारिक जन आचार्य श्री के दर्शनार्थ जयपुर के लिए रवाना हुए एवं आज आचार्य श्री से चर्चा कर एवं परिवार के सदस्यों की अनुमति के पश्चात आपने दीक्षा अंगीकार करने का संकल्प लिया।

आचार्य विजयराज जी म.सा.ने आपको अनुमति प्रदान कर दी एवं दीक्षा भी दोपहर में कराने का समय घोषित कर दिया।

आज छत्तीसगढ़ ही नहीं पूरे देश में शांत क्रांत संघ और जैन समाज आपके इस संकल्प की बहुत बहुत अनुमोदना कर रहा है। आपके संयम के उच्च भावों को बारम्बार नमन एवं शुभकामना व्यक्त करते हुए आपकी आगामी संयमी यात्रा के के प्रति कृतज्ञता प्रकट कर रहा है।

## छत्तीसगढ़ बोर्ड 10वीं-12वीं का परीक्षा फॉर्म जारी, 31 अक्तूबर तक भरें, उसके बाद लगेगा अतिरिक्त शुल्क

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल (सीजीबीएसई), रायपुर ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए कक्षा 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा के फॉर्म भरने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। अधिकारिक वेबसाइट cgbse.nic.in पर जाकर परीक्षा फॉर्म ऑनलाइन भरा जा सकता है। बोर्ड की ओर से जारी नोटिफिकेशन के अनुसार, हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी (स्वाध्यायी) परीक्षा 2026 के लिए आवेदन 31 अक्तूबर 2025 तक स्वीकार किए जाएंगे।

### लेट फीस के साथ फॉर्म जमा करने की आखिरी तारीख

लेट फीस के साथ फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि 30 नवंबर 2025 रखी गई है। वहीं, स्पेशल लेट फीस के साथ ऑनलाइन पोर्टल 17 से 30 नवंबर 2025 तक खुला रहेगा। बोर्ड ने छात्रों को निर्देश दिया है कि वे अपने विद्यालयों से संपर्क कर स्वाध्यायी परीक्षा के लिए आवेदन सुनिश्चित करें। यह प्रक्रिया केवल सीजीबीएसई से मान्यता प्राप्त संस्थानों के माध्यम से ही पूरी की जा सकेगी।

### एडमिट कार्ड मार्च में जारी होंगे

छत्तीसगढ़ बोर्ड कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा 2026 के लिए एडमिट कार्ड मार्च में जारी करेगा। छात्र बोर्ड की वेबसाइट से नाम, पिता का नाम या रोल नंबर दर्ज करके अपना हॉल टिकट डाउनलोड कर सकेंगे। पिछले वर्ष बोर्ड ने 10वीं का एडमिट कार्ड 1 मार्च 2025 को जारी किया था। हॉल टिकट में छात्र का नाम, परीक्षा तिथि, स्कूल का नाम, परीक्षा केंद्र और परीक्षा दिवस के निर्देश शामिल होते हैं। बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि परीक्षा में शामिल होने के लिए छात्रों को एडमिट कार्ड अनिवार्य रूप से साथ रखना होगा, अन्यथा परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

**आवश्यकता है**

**दैनिक अखबार में कार्य के लिए कुशल युवक-युवतियों की**

* विज्ञापन मार्केटिंग
* कम्प्यूटर ऑपरेटर
* सिटी रिपोर्टर

संपर्क समय- प्रात: 11 से दोपहर 3 बजे तक

संपर्क दैनिक दावा कार्यालय बल्देव बाग, राजनांदगांव, मो.- 93004-14726







स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com